ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष पूर्णिमा
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

शनिवार, 22 जून 2024
वर्ष 5, अंक 216, पृष्ठ 14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

अमृत विचार

बरेली

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com

भारत के शीर्ष क्रम पर अच्छे प्रदर्शन का दबाव 13

इंडियाज बेस्ट डांसर-4 में शामिल हुईं करिश्मा 14

चार राज्यों में वोटर लिस्ट अपडेट करने का काम शुरू

नई दिल्ली, एजेंसी

- जम्मू-कश्मीर, हरियाणा, झारखंड महाराष्ट्र में होने हैं विस चुनाव

निर्वाचन आयोग ने शुक्रवार को कहा कि उसने हरियाणा, महाराष्ट्र और झारखंड में मतदाता सूची को अद्यतन करने की शुरुआत कर दी है। इसके साथ ही आयोग ने इन राज्यों में आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारी शुरू कर दी है। मतदाता सूची में नाम शामिल कराने के लिए पात्रता की तिथि एक जुलाई, 2024 तय की गई है। हाल में हुए लोकसभा चुनाव के लिए मतदाता सूची को अद्यतन करने के वास्ते एक जनवरी को अर्हक तिथि रखा गया था। तीनों राज्यों में मौजूदा विधानसभाओं का कार्यकाल क्रमशः 3 नवंबर, 26 नवंबर और 5 जनवरी, 2025 को समाप्त होने जा रहा है और इनके चुनाव उनके कार्यकाल पूरा होने से पहले कराए जाने हैं।

आयोग ने कहा कि निर्वाचन क्षेत्रों के परिसीमन के बाद जम्मू-कश्मीर में भी विधानसभा चुनाव कराए जाने हैं। आयोग ने केंद्र शासित प्रदेश में मतदाता सूचियों को एक जुलाई, 2024 की अर्हक तिथि के तहत अद्यतन करने का भी निर्देश दिया है।

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस : जम्मू-कश्मीर से प्रधानमंत्री मोदी ने दिया संदेश-योग एक विधा ही नहीं बल्कि विज्ञान

योग को वैश्विक भलाई के माध्यम के रूप में देखती है दुनिया

श्रीनगर, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को कहा कि दुनिया आज योग को वैश्विक भलाई के एक शक्तिशाली माध्यम के रूप में देखती है क्योंकि यह लोगों को अतीत का बोझ उठाए बिना वर्तमान में जीने में मदद करता है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि योग जम्मू एवं कश्मीर में पर्यटन के लिए बड़े आकर्षण का केंद्र बन सकता है। प्रधानमंत्री 10वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर यहां शेर-ए-कश्मीर इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस सेंटर में आयोजित मुख्य समारोह को संबोधित कर रहे थे।

10वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर श्रीनगर में योग करते प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी।

उन्होंने कहा कि योग केवल एक विधा नहीं, बल्कि विज्ञान भी है और यह समाज में सकारात्मक बदलाव के नए रास्ते बना रहा है। उन्होंने कहा कि ध्यान योग का हिस्सा है लेकिन जब इसकी बात होती है तो बहुत लोगों को लगता है कि यह एक आध्यात्मिक यात्रा है...।

उन्होंने कहा कि योग ने लोगों को यह महसूस कराने में मदद की है कि उनका कल्याण उनके आसपास की दुनिया के कल्याण से जुड़ा हुआ है। उन्होंने कहा कि दुनिया योग को वैश्विक भलाई के एक शक्तिशाली माध्यम के रूप में देख रही है। योग हमें अतीत के बोझ के बिना वर्तमान क्षण में जीने में मदद करता है। इसलिए योग स्व के लिए जितना जरूरी है, जितना उपयोगी है, जितनी ताकत देता है, उसका विस्तार समाज को भी फायदा करता है। जब समाज को लाभ होता है तो समस्त मानव जाति को लाभ होता है, विश्व के हर कोने में लाभ होता है। यह कार्यक्रम डल झील के किनारे एसकेआईसीसी के खुले मैदान में होना था लेकिन लगातार बारिश के कारण इसे बड़े हॉल में आयोजित किया गया। अपने संबोधन के बाद प्रधानमंत्री ने सामूहिक योगाभ्यास में हिस्सा लिया। मोदी ने कार्यक्रम के बाद डल झील के किनारे समारोह में शामिल होने आई छात्राओं के साथ तस्वीरें भी खिंचवाई।

लखनऊ में योग दिवस पर राजभवन में योगाभ्यास करते मुख्यमंत्री योगी।



लोक परीक्षा अधिनियम हुआ लागू

प्रश्न पत्र लीक विवाद के बीच केंद्र ने अधिसूचित किया कठोर कानून, कदाचार पर लगेगा अंकुश

नई दिल्ली, एजेंसी

- अधिकतम 10 साल की जेल, एक करोड़ जुर्माने का प्रावधान

नीट, यूजीसी-नेट परीक्षाओं को लेकर विवाद के बीच केंद्र सरकार ने शुक्रवार को लोक परीक्षा (अनुचित साधनों की रोकथाम) अधिनियम, 2024 अधिसूचित कर दिया, जिसका उद्देश्य प्रतियोगी परीक्षाओं में कदाचार और अनियमितताओं पर अंकुश लगाना है। इस अधिनियम के तहत अपराधियों के लिए अधिकतम 10 साल की जेल की सजा और एक करोड़ रुपये तक के जुर्माने का प्रावधान है।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने लगभग चार महीने पहले अधिनियम को मंजूरी दी थी, जिसके बाद कार्मिक मंत्रालय ने शुक्रवार रात एक अधिसूचना जारी की, जिसमें कहा गया कि कानून के प्रावधान 21 जून से लागू हो जाएंगे। यूजीसी-नेट, 2024 परीक्षा के प्रश्नपत्र लीक होने को लेकर जारी विवाद के बीच यह कदम महत्वपूर्ण माना जा रहा है। सीबीआई ने राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) द्वारा आयोजित परीक्षा का प्रश्नपत्र लीक होने की जांच के लिए गुरुवार को मामला दर्ज किया था। विपक्षी दलों ने मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट-यूजी में भी अनियमितताओं का आरोप लगाया है, जिसके परिणाम एनटीए ने चार जून को घोषित किए थे। केंद्र सरकार ने 21 जून, 2024 को उक्त अधिनियम लागू कर दिया है।

संयुक्त सीएसआईआर यूजीसी-नेट परीक्षा स्थगित

नई दिल्ली। राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) ने शुक्रवार को अपरिहार्य परिस्थितियों व तैयारियों संबंधी मुद्दों का हवाला देते हुए संयुक्त सीएसआईआर-यूजीसी-नेट परीक्षा 2024 के जून संस्करण को स्थगित कर दिया। 25 जून से 27 जून के बीच होने वाली यह परीक्षा जूनियर रिसर्च फेलोशिप और सहायक प्रोफेसर पद के लिए पात्रता निर्धारित करने और विज्ञान पाठ्यक्रमों में पीएचडी में दाखिले के लिए साल में दो बार जून और दिसंबर में आयोजित की जाती है।

नीट-यूजी-2024 : काउंसलिंग का मतलब खोलना और बंद करना नहीं : सुप्रीम कोर्ट

नई दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने शुक्रवार को नीट-यूजी-2024 की 6 जुलाई से प्रस्तावित काउंसलिंग प्रक्रिया को टालने से इनकार कर दिया है। कोर्ट ने कहा कि यह कोई खोलने और बंद करने की प्रक्रिया नहीं है। शीर्ष अदालत ने 5 मई को आयोजित परीक्षा में अनियमितता को लेकर नीट-यूजी को रद करने के आग्रह वाली याचिका पर एनटीए, केंद्र सरकार और अन्य को नोटिस जारी किए हैं।

न्यायमूर्ति विक्रमनाथ और एसवीएन भट्टी की अवकाशकालीन पीठ ने परीक्षा में धांधली का आरोप लगाने वाली अन्य लंबित याचिकाओं के साथ इस मामले की अगली सुनवाई 8 जुलाई को तय की है। याचिकाकर्ताओं की ओर से पेश अधिवक्ता ने पीठ से अनुरोध किया कि काउंसलिंग प्रक्रिया दो दिनों तक रोकी जा सकती है क्योंकि उच्चतम न्यायालय

- परीक्षा निरस्त करने को लेकर केंद्र और एनटीए को नोटिस

इन सभी याचिकाओं पर 8 जुलाई को सुनवाई करने वाला है। अधिवक्ता ने तर्क दिया मैं काउंसलिंग पर स्थगन का अनुरोध नहीं कर रहा हूं। मैं केवल प्रार्थना कर रहा हूं कि 6 जुलाई को होने वाली काउंसलिंग केवल दो दिनों के लिए टाल दी जाए।

इसका कारण यह है कि मुख्य मामला 8 जुलाई को सूचीबद्ध है। पीठ ने कहा हम एक ही तरह के बयान सुन रहे हैं। आपको बीच में रोकने को अन्यथा न लें। काउंसलिंग का मतलब खोलना और बंद करना नहीं है। यह एक प्रक्रिया है तो 6 जुलाई से शुरू हो रही है। जब पीठ ने काउंसलिंग के पहले दौर की अवधि के बारे में पूछा, तो मामले में उपस्थित वकीलों में से एक ने कहा कि यह लगभग एक सप्ताह तक चलेगी। पीठ ने काउंसलिंग प्रक्रिया को स्थगित करने से इनकार करते हुए कहा कि एनटीए, केंद्र और अन्य उत्तरदाताओं की ओर से पेश अधिवक्ता दो सप्ताह के भीतर याचिका पर अपना जवाब दाखिल कर सकते हैं। पीठ ने एनटीए को कुछ निर्देश देने का अनुरोध करने वाले एक अलग आवेदन पर भी विचार किया। आवेदक की ओर से पेश अधिवक्ता ने 23 जून को दोबारा होने वाली परीक्षा का मुद्दा उठाया और आरोप लगाया कि एनटीए ने कुछ महत्वपूर्ण जानकारी छिपा ली है।

राजभवन ने 25,93,276 लोगों को दिलाई योग प्रतिज्ञा

योग शपथ अभियान में बनाया विश्व कीर्तिमान

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : राजभवन ने योग शपथ अभियान में विश्व कीर्तिमान बना दिया। राजभवन का नाम गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकार्ड में दर्ज हो गया। राज्य विश्वविद्यालयों के सहयोग से राजभवन में 25,93,276 लोगों को योग प्रतिज्ञा दिलाने से यह सफलता मिली। गिनीज वर्ल्ड के प्रतिनिधि ने शुक्रवार को राज्यपाल आनंदी बेन पटेल को गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड प्रमाण पत्र सौंपा। अभियान में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 12 विश्वविद्यालयों को राज्यपपाल ने प्रशस्ति पत्र दिया।

प्रदेश स्तर पर 12 जून से 18 जून 2024 तक संचालित योग शपथ अभियान में विश्व कीर्तिमान स्थापित होने पर राजभवन में गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड अवार्ड सेरेमनी आयोजित हुआ। इसमें गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड के प्रतिनिधि एडज्यूडीकेटर कुमारी आयनी तूरबली ने राज्यपाल को गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड प्रमाण पत्र देकर इसे एक अद्भुत व शानदार

- राजभवन का नाम गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकार्ड में दर्ज

उपलब्धि बताई। योग प्रतिज्ञा अभियान में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 12 विश्वविद्यालयों को प्रशस्ति पत्र दिया गया। इन विश्वविद्यालयों में छत्रपति शाहूजी महाराज विवि कानपुर, डॉ एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विवि लखनऊ, महात्मा ज्योतिबा फूले रूहेलखंड विवि बरेली, लखनऊ विवि, दीनदयाल उपाध्याय विवि गोरखपुर, महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ वाराणसी, चौधरी चरण सिंह विवि मेरठ, वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विवि जौनपुर, प्रोफेसर राजेंद्र सिंह (रज्जू भैया) विवि प्रयागराज, डॉ भीमराव अंबेडकर विवि आगरा, डॉ राम मनोहर लोहिया अवध विवि अयोध्या व बुंदेलखंड विवि झांसी शामिल रहे।

एक नजर

बीएसएफ जवान ने खुद को गोली से उड़ाया

कांकेर। छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित कांकेर जिले में बीएसएफ के एक जवान ने अपनी सर्विस हथियार से खुद को गोली मारकर आत्महत्या कर ली। गुरुवार को जिले के छोटे बेठिया इलाके में गश्त के दौरान बीएसएफ की 94वीं बटालियन के हवलदार मदन कुमार लापता हो गए थे। शुक्रवार को सुबह जंगल से कुमार का शव बरामद किया गया।

इंदौर हवाई अड्डे को फिर बम से उड़ाने की धमकी

इंदौर। इंदौर के देवी अहिल्याबाई होलकर हवाई अड्डे को इस हफ्ते में दूसरी बार बम विस्फोट की धमकी मिलने के बाद पुलिस ने मामला दर्ज किया है। अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त आलोक कुमार शर्मा ने बताया कि एक अज्ञात व्यक्ति ने हवाई अड्डे के निदेशक को धमकी भरा के ई-मेल भेजा।

वाराणसी में झूला घी कारोबारी के यहां ईडी ने की छापेमारी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- वाराणसी के अलावा 12 अन्य स्थानों पर छापे की सूचना

अमृत विचार : प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की आर्थिक अनुसंधान शाखा ने शुक्रवार को वाराणसी में उद्योगपति दीनानाथ झुनझुनवाला परिवार के कार्यालय और आवास पर छापेमारी की। एक टीम सुबह नाटी इमली स्थित आवास पहुंची तो दूसरी टीम सारनाथ स्थित कार्यालय पर छापेमारी करने पहुंची। इसकी जानकारी जब शहर के उद्यमियों को हुई तो कई लोग अलर्ट नजर आए।

झुनझुनवाला फैमिली का खाद्य तेल प्रोडक्ट झूला प्रतिष्ठित ब्रांड है। जांच इसी से जुड़ी बताई जा रही है। ईडी की टीम पहले नाटी इमली स्थित दीनानाथ झुनझुनवाला के आवास पर पहुंची। दूसरी टीम उनके परिवार के ही महेश झुनझुनवाला के कार्यालय पर पहुंची और छापेमारी की। इस दौरान दोनों स्थानों पर टीम कई घंटे मौजूद रही। अधिकारियों के अनुसार, यह दो हजार करोड़ रुपये के बैंक फ्रॉड से जुड़ा मामला है, जो उनके झूला ब्रांड से जुड़ा बताया जा रहा है। ईडी के सूत्रों के मुताबिक वाराणसी के अलावा दिल्ली, हरियाणा सहित कुल 12 स्थानों पर छापेमारी की गई है।

समूह क के अफसरों को गृह जनपद में नहीं मिलेगी तैनाती

लखनऊ। मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र ने कहा कि समूह 'क' के अधिकारियों को उनके गृह जनपद व मंडल में अब तैनात नहीं किया जाएगा। यह बात उन्होंने सरकार की स्थानान्तरण नीति को स्पष्ट करते हुए कही। इस संबंध में उन्होंने अपर मुख्य सचिव, प्रमुख सचिव व सचिव को पत्र जारी करते हुए निर्देश दिए हैं। साथ ही उन्होंने बताया कि मंडल स्तरीय पदों पर तैनात समूह 'क' के अधिकारियों को उनके गृह जनपद में तैनात नहीं किया जाएगा। मालूम हो कि बीते दिनों प्रदेश में नई स्थानान्तरण पॉलिसी लागू हो चुकी है।

फिरोजाबाद में कैदी की मौत पर बवाल

फिरोजाबाद,एजेंसी

- वाहनों में तोड़फोड़ और आगजनी फायरिंग, कई पुलिसकर्मी घायल
- एसएसपी ने मोर्चा संभाला, पुलिस ने उपद्रवियों को खदेड़ा

फिरोजाबाद में बाइक चोरी के मामले में दो दिन पहले जेल गए कैदी की शुक्रवार को मौत हो गई जिसके बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने पुलिस पर मारपीट का आरोप लगाते हुए तोड़फोड़ की और पुलिस वाहनों को नुकसान पहुंचाया। जेल प्रशासन ने बीमारी से मौत होने का कारण बताया है जबकि परिजनों ने पुलिस की मारपीट से मौत होने का आरोप लगाया है। कैदी आकाश की मौत पर ग्रामीणों ने पुलिस पर पथराव और फायरिंग की जिससे कई पुलिसकर्मी घायल हो गए।

उपद्रवियों ने एम्बुलेंस और पुलिस वाहन पर तोड़फोड़ की और मोटर साइकिल मे आग लगा दी। पुलिस ने

उपद्रव के दौरान हुई आगजनी और तोड़फोड़ के बाद सड़क पर पड़े वाहन।

लाठीचार्ज कर उपद्रवियों को खदेड़ा। मौके पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सौरभ दीक्षित ने खुद पहुंच कर मोर्चा संभाला। इस बीच भीम आर्मी के नेता एवं सांसद चन्द्रशेखर के पहुंचने की सम्भावना को लेकर क्षेत्र की सीमायें सील कर दी गयी है। पुलिस सूत्रों ने बताया कि थाना दक्षिण क्षेत्र के नई आबादी निवासी नगला पचिया निवासी आकाश सिंह (25) को पुलिस ने बाइक चोरी के मामले में गिरफ्तार कर जेल भेजा था। उसके साथ ही पुलिस ने शिवम सिंह निवासी हंस वाहिनी स्कूल वाली गली नाले की पुलिया हिमायूंपुर को भी जेल भेजा था। शुक्रवार सुबह आकाश की मौत हो गई। जेल अधीक्षक एके सिंह का कहना है कि 19 जून को चोरी के मामले में उसे जेल लाया गया था। गुरुवार रात उसकी तबीयत खराब हुई थी। डाक्टरों ने जेल में उसे दवा दी और वह ठीक हो गया था। शुक्रवार सुबह पांच बजे अचानक फिर उसकी तबीयत बिगड़ी। उसे जिला अस्पताल लेकर गए, जहां उसकी मौत हो गई। पुलिस एंबुलेंस में पोस्टमार्टम के बाद शव को लेकर शाम को उसके घर पर जा रही थी कि रास्ते में योजनाबद्ध तरीके से दलित समाज के लोगों ने सुहाग नगर चौराहे पर एंबुलेंस और पुलिस को घेर लिया। पुलिस और प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की गई। मौके पर भीम आर्मी के समर्थक नेता और विधायक मनीष असीजा भी पहुंचे। लोगों ने मांग रखी कि युवक की मौत के लिए दोषी लोगों के खिलाफ कार्रवाई की जाए और पीड़ित परिवार को उचित मुआवजा और नौकरी भी दी जाए।

धनशोधन मामला | दिल्ली शराब घोटाला मामले में ट्रायल कोर्ट के फैसले को प्रवर्तन निदेशालय ने दी थी चुनौती

केजरीवाल की जेल से रिहाई पर हाईकोर्ट की रोक

नई दिल्ली, एजेंसी

दिल्ली उच्च न्यायालय ने शराब घोटाले से संबंधित धनशोधन के एक मामले के आरोपी दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को जमानत देने के यहां की एक विशेष अदालत के आदेश पर शुक्रवार को अंतरिम रोक लगा दी।

न्यायमूर्ति सुधीर कुमार जैन की अवकाशकालीन एकल पीठ ने ईडी (प्रवर्तन निदेशालय) की ओर से निचली अदालत के केजरीवाल को जमानत देने के आदेश को चुनौती देने वाली याचिका पर यह अंतरिम आदेश पारित किया। पीठ

- मुख्यमंत्री की जमानत पर कोर्ट ने दो तीन दिन को सुरक्षित रखा फैसला

के समक्ष ईडी का पक्ष अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल एसवी राजू, जबकि मुख्यमंत्री का पक्ष वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक मनु सिंघवी और विक्रम चौधरी ने रखा। न्यायमूर्ति जैन ने केजरीवाल की जमानत पर अंतरिम रोक लगाते हुए कहा कि इस मामले में अगले दो-तीन दिनों में विस्तृत आदेश पारित किया जाएगा। इस दौरान निचली अदालत के आदेश पर अंतरिम रोक रहेगी। उन्होंने कहा कि मैं आदेश को दो से तीन दिनों के लिए सुरक्षित रख रहा हूं। आदेश की घोषणा तक निचली अदालत के आदेश के क्रियान्वयन पर रोक है।

राऊज एवेन्यू स्थित ईडी और सीबीआई की अवकाशकालीन न्यायाधीश नियाय बिंदू ने केजरीवाल को गुरुवार को बड़ी राहत देते हुए जमानत दे दी थी।

ईडी ऐसा बर्ताव कर रहा जैसे केजरीवाल आतंकी हों : सुनीता

नई दिल्ली। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल ने अपने पति की जमानत संबंधी आदेश को हाईकोर्ट में चुनौती देने के लिए ईडी पर निशाना साधा। आरोप लगाया कि ईडी आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक के साथ ऐसा बर्ताव कर रही है जैसे वह देश के सबसे वांछित आतंकवादी हों। दक्षिणी दिल्ली के भोगल इलाके में लोगों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि देश में तानाशाही की सभी हदें पार हो चुकी हैं।

पानी के लिए आतिशी ने शुरू किया सत्याग्रह

नई दिल्ली। दिल्लीवालों के हक का पानी भाजपा की हरियाणा सरकार से लेने की मांग के साथ जलमंत्री आतिशी ने शुक्रवार को अनिश्चितकालीन पानी सत्याग्रह की शुरुआत की। आतिशी सत्याग्रह शुरू करने से पहले मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के घर जाकर उनके परिवार से मुलाकात की और फिर राजघाट जाकर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की समाधि पर पुष्प अर्पित किया। इसके बाद वह धरना स्थल जंगपुरा स्थित भोगल पहुंची और अनिश्चितकालीन पानी सत्याग्रह शुरू किया।

एसटीएफ ने पेपर लीक मामले में 18 के खिलाफ दाखिल की चार्जशीट

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

नागरिक पुलिस भर्ती

- 200 अन्य आरोपियों के खिलाफ पुलिस दाखिल कर रही आरोपपत्र

अमृत विचार : नागरिक पुलिस भर्ती पेपर लीक मामले में एसटीएफ ने 18 आरोपियों के खिलाफ न्यायालय में आरोपपत्र दाखिल किया है। करीब 200 आरोपी ऐसे हैं, जिनके खिलाफ आरोपपत्र जिलों की पुलिस दाखिल कर रही है।

पुलिस आरक्षी भर्ती की लिखित परीक्षा 17 और 18 फरवरी को प्रदेश में विभिन्न केंद्रों पर कराई गई थी। प्रश्नपत्र लीक होने के बाद सरकार ने परीक्षा निरस्त कर छह महीने के भीतर नए सिरे से परीक्षा आयोजित कराने का आदेश दिया था। उधर, एसटीएफ की मेरठ यूनिट ने कंकरखेड़ा थाना क्षेत्र में पांच मार्च 2024 को छह आरोपियों दीपक उर्प दीप, प्रवीण, रोहित उर्फ ललित, साहिल और नवीन को गिरफ्तार किया था। 12 मार्च को जींद निवासी महेंद्र , अभिषेक शुक्ला, रोहित पांडेय और शिवम गिरी के बाद 21 मार्च को मानेसर के सतीश धनकड़ को गिरफ्तार किया गया। एसटीएफ ने खुलासा किया था कि प्रश्नपत्र रवि अत्री गैंग ने अहमदाबाद स्थित कंपनी के वेयरहाउस से लीक कराया था। एसटीएफ ने रवि अत्री के अलावा विक्रम पहल, राजीव नयन मिश्रा, डॉ शुभम मंडल को भी गिरफ्तार किया।

प्रोन्नति बोर्ड की बढ़ सकती हैं मुश्किलें

एसटीएफ की जांच आगे बढ़ने के साथ पुलिस भर्ती व प्रोन्नति बोर्ड के कुछ अधिकारियों की भी मुश्किलें बढ़ सकती हैं। उनसे परीक्षा कराने वाली अहमदाबाद की कंपनी एजूटेस्ट के चयन और प्रश्नपत्रों की सुरक्षा के प्रबंधों को लेकर सवाल-जवाब हो सकते हैं। भर्ती बोर्ड ने कंपनी को ब्लैकलिस्ट कर दिया है। कंपनी की जमानत राशि जब्त कर भुगतान रोकने की भी तैयारी है।

आज का मौसम

तेज हवा के साथ बारिश का अनुमान

39.0° अधिकतम तापमान | 28.0° न्यूनतम तापमान

शहर में आज

- गुरु हरगोबिंद सिंह के प्रकाश पर्व पर जनकपुरी स्थित गुरुद्वारे पर कीर्तन दरबार सुबह 10 बजे से।
- मानव सेवा क्लब द्वारा संत कबीर दास जयंती पर गोष्ठी एवं सम्मान समारोह बिहारीपुर स्थित डॉ. सुरेश रस्तोगी की आवास पर शाम 6:30 बजे।
- श्री सनातन धर्म मंदिर में 25 वां रजत जयंती महोत्सव भजन संध्या शाम 6:30 बजे।
- नगर निगम द्वारा टैक्स में हो रहे घपले के विरोध में सेठ दामोदर स्वरूप पार्क में धरना प्रदर्शन सुबह 11:30 बजे।
- यूजीसी नेट का पेपर लीक होने के विरोध में सेठ दमन स्वरूप पार्क में परिवर्तनकामी छात्र संगठन का प्रदर्शन सुबह 11:15 बजे।

एक नजर

बारिश के बाद खिली तेज धूप तो फिर चढ़ा पारा

बरेली, अमृत विचार : जिले में शुक्रवार सुबह बारिश के बाद तेज धूप खिलने से एक बार फिर से तापमान में दर्ज की गई। दिन के साथ रात का भी तापमान बढ़ा है। पिछले 24 घंटे में 2 मिमी बारिश दर्ज की गई। मौसम विभाग ने रविवार से बारिश का अनुमान जताया है। इसके बाद फिर से अधिकतम तापमान लुढ़ककर 36 डिग्री सेल्सियस तक जा सकता है। अधिकतम तापमान सामान्य से 2.2 डिग्री सेल्सियस अधिक 39.3 और न्यूनतम 0.4 डिग्री सेल्सियस अधिक 27.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। आंचलिक मौसम केंद्र लखनऊ के वरिष्ठ मौसम विज्ञानी डॉ. अतुल कुमार सिंह ने बताया कि शनिवार को धूप रहने से कुछ हद तक लोगों को गर्मी का अहसास हो सकता है। इस दौरान अधिकतम तापमान 39 डिग्री और न्यूनतम 28 डिग्री सेल्सियस तक रहने का अनुमान है। वहीं रविवार से मंगलवार तक हल्की से मध्यम बारिश होने का पूर्वानुमान है।

पोल लगाते समय पाइप लाइन फटी

बरेली, अमृत विचार : नवादा शेखान में शुक्रवार की शाम बिजली का पोल लगाने के दौरान पानी की पाइप लाइन फटी गई। इसके कारण वार्ड में पेयजल आपूर्ति ठप हो गई। लोगों ने बताया कि पोल लगाने से पहले पाइप लाइन के बारे में जानकारी लेनी चाहिए थी। अब कई दिनों तक पानी के लिए परेशान होना पड़ेगा।

प्यास से तड़पें, टैक्स पर भड़कें या करंट से मर जाएं...एक हजार करोड़ फूंका है तो इसे कहेंगे तो स्मार्ट सिटी ही

कई दिन से पानी सप्लाई न आने से गुस्साए बानखाना वालों की चेतावनी, अब ताली-थाली बजाकर करेंगे मटका फोड़ प्रदर्शन

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- बानखाना में गुस्साए लोगों ने खाली बाल्टियां लहराकर किया विरोध
- जलकल टीम को घेरा, कई दिन से सप्लाई न आने पर भड़का गुस्सा

अमृत विचार : बानखाना इलाके में कई दिन से पानी की आपूर्ति ठप होने पर भड़के लोगों ने शुक्रवार को हाथों में खाली बाल्टियां लहराते हुए जमकर विरोध प्रदर्शन किया।

नगर निगम की टीम पहुंची तो उसे भी घेर लिया। चेतावनी दी है कि अगर जल्द समस्या दूर न हुई तो लोग ताली-थाली बजाकर मटका फोड़ प्रदर्शन करेंगे। बानखाना में पानी की सप्लाई कई शिकायतों के बाद भी शुरू नहीं हुई तो शुक्रवार को गुस्साए लोग सड़क पर उतर आए। महिलाओं ने खाली बाल्टियां लहराते हुए लेकर प्रदर्शन के दौरान नगर निगम और जलकल विभाग के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। लोगों ने कहा कि खुदाबख्श मस्जिद वाली गली में पानी की काफी समय से आपूर्ति नहीं हो रही है। इस गली की महिलाओं को हर रोज दूसरी जगह से पानी लाना पड़ता है। नगर निगम में तमाम शिकायतें की जा चुकी हैं लेकिन कोई सुन ही नहीं रहा है।

लोगों के विरोध प्रदर्शन की जानकारी मिलने के बाद दोपहर में जलकल विभाग के सुपरवाइजर पहुंचे तो लोगों ने उन्हें घेर लिया और फौरन पानी की आपूर्ति चालू कराने की मांग करने लगे। पार्षद शमीम अहमद ने जल्द समस्या हल हो जाने का भरोसा दिलाकर गुस्साए लोगों को शांत किया। महिलाओं ने चेतावनी दी कि जल्द ही पानी की सप्लाई शुरू न हुई तो वे नगर निगम कार्यालय का घेराव करेंगी।

बानखाना में पानी की सप्लाई न आने पर प्रदर्शन करते लोग। ● अमृत विचार

नई पाइप लाइन, फिर भी पानी के लो प्रेशर से लोग परेशान

बानखाना में लोगों ने बताया कि वार्ड में लाखों खर्च कर ट्यूबवेल तो बना दिया गया है लेकिन उससे पानी की सप्लाई दूसरे वार्ड में की जा रही है। वार्ड में जहां पानी आ रहा है, वहां भी इतना लो प्रेशर है कि लोगों को कोई लाभ नहीं मिल पा रहा है। मोहल्ले की रोशनी, रानी, गुलनाज, मेहरुन्निशा, अनवार, जुबैर, महताब ने बताया कि पाइप लाइन डाली गई है लेकिन पानी काफी लो प्रेशर के साथ आता है। पाइप लाइन डालने के बाद भी कई जगह कनेक्शन नहीं दिया गया है।

सात साल से जसौली की सड़क नहीं बनी

बरेली, अमृत विचार : वार्ड 56 जसौली मोहल्ले की सड़क पर जगह-जगह गड्ढे हो गए हैं। लोगों ने सड़क की मरम्मत के लिए नगर निगम में भी शिकायत की लेकिन कोई फायदा नहीं हुआ। नेशनल हाईवे को जोड़ने वाली मोहल्ले की सड़क की हालत करीब सात साल से खराब है। जनसेवा टीम के अध्यक्ष पम्मी खान वारसी ने बताया कि वह शुक्रवार को मोहल्ले में गए तो लोगों ने बताया कि वार्ड में कोई विकास कार्य नहीं हुआ और नालियां जाम हैं। शमशाद अली अंसारी, शहाबुद्दीन, शब्बू, सलमान गाजी, आरिफ गाजी, राशिद अली, अजहर अली, पप्पू अंसारी ने कहा कि टूटी सड़क होने से रात में ज्यादा दिक्कत होती है। बारिश में जलभराव की समस्या से परेशानी होगी।

फैंसी लाइट के खुले तार की चपेट में आकर घोड़े की मौत बाल-बाल बचा तांगा चालक

कार्यालय संवाददाता, बरेली

अमृत विचार : स्मार्ट सिटी की लाइटों के खुले पड़े तार शुक्रवार को एक और हादसे की वजह बन गए। ईसाइयों की पुलिया के पास स्ट्रीट लाइट के केबल बॉक्स से निकले खुले तार की चपेट में आकर तांगे में जुते घोड़े की मौत हो गई। हादसे के बाद रोता हुआ तांगा चालक तहरीर लेकर पुलिस चौकी पहुंचा तो लेकिन वहां रिपोर्ट दर्ज करने से साफ इन्कार कर दिया गया। आसपास के लोगों के मुताबिक इस तार की वजह से कई हादसे हो चुके हैं। हाल ही में करंट लगने से एक कुत्ते की मौत के बाद नगर निगम को सूचना दी गई थी लेकिन इसके बावजूद उसे ठीक नहीं किया गया।

कैंट के भरतौल गांव में रहने वाले कमाल शाह तांगे से रेत-बजरी की ढुलाई कर अपना परिवार चलाते हैं। शुक्रवार को करीब 12 बजे वह ईसाइयों की पुलिया पर पेट्रोल पंप के पास से तांगा लेकर गुजर रहे थे।

- ईसाइयों की पुलिया के पास हुआ हादसा, पुलिस ने नहीं ली तहरीर

इसी दौरान फैंसी लाइट के खुले तार पर घोड़े का पैर पड़ गया। घोड़ा वहीं गिर गया और तड़पते हुए दम तोड़ दिया। तांगे में करंट दौड़ने से कमाल शाह को भी झटका लगा और वह भी नीचे आ गिरे। घोड़े की मौत से सदमे में आए कमाल शाह ने बताया कि उन्होंने 20 हजार में उसे खरीदा था। वह तहरीर लेकर सेटेलाइट पुलिस चौकी पहुंचे लेकिन पुलिस ने उन्हें नगर निगम में शिकायत करने की बात कहकर लौटा दिया।

हर इलाके में फैंसी लाइटें जान का खतरा

बरेली, अमृत विचार : करोड़ों खर्च करके लगाई गई फैंसी लाइटें ही हैं जिनके दम पर स्मार्ट का सबसे ज्यादा प्रचार किया जाता है लेकिन लापरवाही का हाल यह है कि एक के बाद एक तमाम हादसों के बावजूद इनके खुले पड़े तारों को आज तक ठीक नहीं कराया गया है। ईसाइयों की पुलिया के पास केबल काफी कमजोर है। कुछ दूर मोड़ पर भी तार खुले पड़े हैं। सिविल लाइंस रोड पर करीब दस जगह तारों के जोड़ खुले छोड़ दिए गए हैं। हादसे की आशंका के बाद भी इन पर टेपिंग तक नहीं की गई है। यही हाल चौकी चौराहे से नावल्टी चौराहे तक फैंसी लाइटों का है। बारिश के दिनों में बड़ा हादसा होने का खतरा है लेकिन उसे भी नजरंदाज किया जा रहा है।

होटल वालों का आरोप... हजारों का बिल अब लाखों में

एसोसिएशन का नगर आयुक्त का ज्ञापन, निदान न हुआ तो मुख्यमंत्री से करेंगे शिकायत

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- अनाप-शनाप हाउस टैक्स के खिलाफ आज धरने पर बैठेंगे व्यापारी
- लोगों के गुस्से का असर, दूसरे दिन भी टैक्स विभाग की खिड़की बंद

अमृत विचार: जीआईएस सर्वे के आधार पर लागू हाउस टैक्स पर भारी विरोध के बाद नगर निगम का टैक्स विभाग बैकफुट पर आ गया है। टैक्स कलेक्शन की खिड़की शुक्रवार को भी बंद रही जिस कारण बिल लेकर पहुंचे लोगों को निराश होकर लौटना पड़ा। इस बीच होटल वेलफेयर एसोसिएशन ने भी हजारों का बिल लाखों में पहुंच जाने का आरोप लगाते हुए मोर्चा खोल दिया है और मामले को मुख्यमंत्री दरबार में ले जाने की चेतावनी दी है। उधर, शनिवार को व्यापारियों की ओर से दामोदर स्वरूप पार्क में अनाप-शनाप हाउस टैक्स लागू करने के विरोध में धरना दिया जाएगा।

जीआईएस सर्वे नगर निगम के गले का फांस बन गया है। नगर निगम क्षेत्र में 82,897 भवनों पर पहली बार टैक्स लागू किया है, इसके अलावा 1.45 लाख पुराने करदाता हैं। नए निर्धारण के बाद नए-पुराने दोनों करदाताओं को समस्या झेलनी पड़ रही है। शुक्रवार को होटल वेलफेयर एसोसिएशन ने नगर आयुक्त को ज्ञापन देकर टैक्स निर्धारण में सुधार की मांग की। कहा, जीआईए सर्वे में जीपीएस का उपयोग होने से होटल मालिकों को बड़ी चपत लग रही है। अध्यक्ष अनुराग सक्सेना की अगुवाई में पहुंचे होटल मालिकों ने कहा कि अगर समस्या का समाधान न हुआ तो वे मुख्यमंत्री के जनता दर्शन में समस्या रखेंगे। नगर आयुक्त ने उन्हें भौतिक सत्यापन कराने का आश्वासन दिया है। होटल एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने बताया कि शहर में करीब 150 होटल है, इसमें कई ऐसे है, जहां लोगों ने मकान के कुछ हिस्से में होटल खोल रखा है। बाकी हिस्सा आवासीय है लेकिन पूरी इमारत पर कॉमर्शियल टैक्स लगा दिया गया है। हजारों में आने वाला बिल लाखों में पहुंच गया है। सचिव शुजा खान ने बताया कि प्रापर्टी टैक्स को तीन गुना कर दिया गया है। जिसका 1.50 लाख का बिल आता था, उसे एक शून्य बढ़ जाने से 15 लाख का बिल आया है। ज्ञापन देने वालों में श्वेतांग अस्थाना, सतीश अग्रवाल आदि भी शामिल थे।

नगर आयुक्त को हाउस टैक्स के बारे में ज्ञापन देने पहुंचे होटल मालिक।

पार्षद परेशान... ऐसे ही रहा तो लोग वोट नहीं देंगे

हाउस टैक्स बिलों में भारी गड़बड़ियों से ज्यादातर पार्षद भी परेशान हैं। नए पार्षदों में बेचैनी ज्यादा है, वे पहली बार चुनाव जीतने की बात कहते हुए मेयर से शिकायत कर रहे है कि जल्द लोगों को राहत न मिली तो वे दोबारा वोट नहीं देंगे। जीआईएस सर्वे पर पांच करोड़ से ज्यादा का बजट और चार साल से ज्यादा समय लगने को लेकर भी नगर निगम का नेतृत्व करने वालों पर ताने कसे जा रहे हैं। उधर, टैक्स विभाग सफाई दे रहा है कि इस समस्या का निदान स्थानीय स्तर पर संभव नहीं है।

मेयर बोले- मुख्यमंत्री को बता दी है यह समस्या

मेयर उमेश गौतम ने बताया कि उन्होंने मुख्यमंत्री से मुलाकात कर जीआईएस सर्वे के बाद पैदा हुई समस्या के बारे में बताया है। शहर के विकास पर भी बात हुई है। टैक्स सुधार का काम चल रहा है। किसी दशा में किसी को गलत बिल नहीं भरना पड़ेगा। जीआईएस सर्वे शासन स्तर से कराया गया है।

शोभायात्रा निकलने वाली है मैडम, अब तो जर्जर सड़क बनवा दें

बरेली, अमृत विचार : वार्ड 64 बाग बृगटान के सिकलापुर मोहल्ले में सड़क जर्जर हो गई है। शुक्रवार को लोगों ने नगर आयुक्त को ज्ञापन देकर सड़क को ठीक कराने की मांग की। लोगों ने बताया कि 7 जुलाई को श्री जगन्नाथ की शोभा यात्रा निकलनी है। टूटी सड़क से काफी दिक्कत होगी। ज्ञापन देने वालों में पार्षद जय प्रकाश, रंजीत मौर्य, रुचिन, बिक्की, मनोज, सत्य प्रकाश, सन्नी मौर्या, जितेंद्र आदि रहे।

बारिश से पहले ही जोगीनवादा में जलभराव

बरेली, अमृत विचार : नगर निगम का नालों की सफाई का दावा हल्की बारिश में ही बह गया। बारिश से जोगी नवादा वार्ड 48 में सड़क पर जलभराव हो गया है। इसकी वजह से लोग परेशान हो रहे हैं। बुधवार रात में बारिश के बाद जोगी नवादा में नाला चोक होने से जलभराव हो गया। गुरुवार को कुछ पानी निकला लेकिन सुबह शुक्रवार सुबह हल्की बारिश होने के बाद फिर वही हाल हो गया। मोहल्ले के इमरान ने बताया कि नाला अभी तक साफ नहीं हो पाया है। नाले में कूड़ा अटा होने से जलभराव हो गया है। चुन्नू और मंसूर ने कहा कि पुलिया के पास नाला कूड़े से जाम हो गया है। अब बारिश में हालात और खराब हो जाएंगे। अफसर और गुल्लू ने बताया कि नाला कूड़े में पड़ा है।

जोगीनवादा की गलियों में हुआ भीषण जलभराव। ● अमृत विचार

तीन सौ बेड अस्पताल बना चोरों का अड्डा, अब जनरेटर की निगरानी को लगाया कैमरा चोरी

बरेली, अमृत विचार : तीन सौ बेड अस्पताल में जनरेटर की निगरानी के लिए लगाया गया सीसीटीवी कैमरा ही चोरी कर लिया गया। इससे पहले भी अस्पताल में एसी, उपकरण समेत अन्य सामान चोरी हो चुके हैं। अस्पताल में सीटी स्कैन यूनिट के संचालन के लिए लगाए गए जनरेटर की निगरानी के लिए सीसीटीवी कैमरा लगाया गया था, जिसे गुरुवार रात किसी ने चोरी कर लिया। स्टाफ ने शुक्रवार को कैमरा गायब देखा तो यूनिट प्रभारी को सूचना दी। सीसीटीवी फुटेज चेक करने दिखा कि दो साइकिल सवार गुजरते दिखे लेकिन उसके बाद ही कैमरा बंद हो गया। फुटेज में चेहरे स्पष्ट न होने से चोरों की पहचान नहीं हो सकी है। यूनिट प्रभारी ने मामले की जानकारी प्रभारी सीएमएस डॉ. सतीश चंद्रा को दी है।

26 दिसंबर तक चलेगी काठगोदाम-मुंबई सेंट्रल स्पेशल ट्रेन

बरेली, अमृत विचार : इज्जतनगर रेल मंडल ने मुंबई जाने वाली स्पेशल ट्रेन को 26 जून तक चलाने का निर्णय लिया है। पूर्वोत्तर रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी पंकज कुमार सिंह ने बताया कि मुंबई सेंट्रल से चलाई जा रही 09075 मुंबई सेंट्रल-काठगोदाम स्पेशल ट्रेन के संचालन की अवधि 25 दिसम्बर और काठगोदाम से चलाई जा रही 09076 काठगोदाम-मुम्बई सेंट्रल स्पेशल ट्रेन की अवधि 26 दिसंबर तक बढ़ा दी गई है। इसके अलावा एक समर स्पेशल ट्रेन गोरखपुर के रास्ते अंबाला सहरसा चलाई जाएगी। 04520 अंबाला-सहरसा स्पेशल ट्रेन 24 जून को अंबाला से 19:45 बजे चलकर देर रात 02:27 बजे बरेली जंक्शन से रवाना होगी और तीसरे दिन 04:15 बजे सहरसा पहुंचेगी।

ब्लॉक में अटकीं वंदेभारत, राजधानी समेत दो दर्जन ट्रेनें

राज्यरानी, अवध असम, सियालदह एक्सप्रेस जैसी ट्रेनें घंटों हुईं लेट

कार्यालय संवाददाता, बरेली

अमृत विचार : दुगनपुर यार्ड में ब्लॉक में शुक्रवार को वंदेभारत, राजधानी समेत दो दर्जन ट्रेनों फंस गईं। डोईवाला और कंसराव स्टेशन के बीच ओएचई पर पेड़ गिरने से वंदेभारत चार घंटे लेट हो गई। ट्रेनों की देरी से नाराज यात्रियों ने एक्स पर पोस्ट कर अधिकारियों से शिकायत की।

मुरादाबाद रेल मंडल के अधिकारियों ने बताया कि दुगनपुर यार्ड में 26 जून तक नॉन इंटरलॉकिंग कार्य की वजह से ट्रेनों का संचालन प्रभावित हो रहा है। शुक्रवार को 20503 नई दिल्ली राजधानी एक्सप्रेस आठ घंटा, 20504 डिब्रुगढ़ राजधानी एक घंटा, 15211 जननायक 2 घंटा 41 मिनट, 12469 जम्मूतवी सुपरफास्ट तीन घंटा, 22454 राज्यरानी 2 घंटा 14 मिनट, 13152 सियालदह 2 घंटा 37 मिनट, 15910 अवध असम 1 घंटा 36 मिनट, 22546 वंदे भारत चार घंटा, 12332 हिमगिरी 10 घंटा 14 मिनट, और 04314 मुजफ्फरपुर समर स्पेशल 1 घंटा 30 मिनट लेट हो गई।

- ट्रेनों का इंतजार करते-करते गर्मी में बेहाल हुए यात्री

ट्रेन का इंतजार करते-करते थककर सो गए।

ट्रेन आई तो चढ़ने के लिए हुई मारामारी।

30 किलोमीटर के सफर में दो घंटे लेट हो गई ट्रेन

12583 डबल डेकर एसी एक्सप्रेस में सफर कर रहे शुभनीश शुक्ला ने रेलवे से शिकायत की ट्रेन के चार घंटा से अधिक लेट होने से बच्चे परेशान हो गए हैं। आनंद विहार साप्ताहिक में सफर कर रहे लवकुश कुमार ने कहा कि भयंकर गर्मी में भी रेलवे को लगता है कोहरा दिख रहा है। नई दिल्ली इंटरसिटी एक्सप्रेस में सफर कर रहे नीलांचल त्रिवेदी ने कहा कि ट्रेन तो हर सिग्नल पर रुक रही है। 30 किलोमीटर की दूरी में ही दो घंटा लेट हो गई है।

आज यह ट्रेनें रहेंगी प्रभावित

20504 राजधानी और 12204 सहरसा गरीबरथ 75 मिनट, 04096 अयोध्या समर स्पेशल 180 मिनट देर से चलेगी। इसके अलावा 15128 काशी विश्वनाथ एक्सप्रेस 45 मिनट नियंत्रित होगी।



रुहेलखंडी गाय... आईवीआरआई ने चिह्नित की देसी गायों की सर्वश्रेष्ठ प्रजाति

गायों के दूध में होता है ए-2 प्रोटीन, बैलों में सर्वाधिक शारीरिक बल, एनबीएजीआर में रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया शुरू

कार्यालय संवाददाता, बरेली

अमृत विचार : आईवीआरआई ने रुहेलखंड क्षेत्र में एक अलग किस्म और अतिरिक्त विशेषताओं वाली देसी गाय को चिह्नित किया है जिसे रुहेलखंडी गाय नाम देने के बाद राष्ट्रीय पशु आनुवंशिकी संसाधन ब्यूरो यानी एनबीएजीआर में रजिस्ट्रेशन कराने की प्रक्रिया शुरू की गई है। वैज्ञानिक अध्ययन में इस गाय का दूध ए-2 प्रोटीन से युक्त होने के कारण दूसरी देसी गायों के दूध से बेहतर पाया गया जिसमें वजन और कोलेस्ट्रॉल को नियंत्रित रखने की क्षमता है। रुहेलखंडी मादा में ज्यादा प्रजनन क्षमता और नर के शारीरिक बल के कारण इसे किसानों के लिए भी बेहतर करार दिया गया है।

उत्तर प्रदेश में देसी गाय की छठी प्रजाति

एनबीएजीआर में 220 जर्म प्लाज्म (पशु प्रजाति) का पंजीकरण है जिनमें सिर्फ 53 गाय की प्रजाति हैं। इनमें लखीमपुर खीरी की खेरीगढ़, पीलीभीत की पोवार, बुंदेलखंड की केनकाथा, बनारस की गंगातीरी, मथुरा की मेवाती समेत यूपी की गायों की पांच प्रजाति शामिल हैं। रुहेलखंडी ब्यूरो में पंजीकृत होने वाली प्रदेश की छठी गाय होगी।

न गर्मी का असर, न ही किलनी का डर

रुहेलखंडी गाय तापमान और एक्टोपैरासाइट यानी किलनी प्रतिरोधी भी है। रुहेलखंडी बैलों की खेत जोतने और भार ढोने की 40 से 42 डिग्री सेल्सियस तापमान में भी कम नहीं होती। गाय का दूध उत्पादन भी जस का तस रहता है। रोग प्रतिरोधक क्षमता ज्यादा होने से ये गाय बहुत कम बीमार होती है और उसमें किलनी या दूसरे रोग नहीं लगते।

ये हैं विशेषताएं...

मादा : सफेद और भूरा रंग, पांच लीटर दूध के रोज उत्पादन की क्षमता, दूध में उच्चस्तरीय ए-2 प्रोटीन, 4.5% फैट और 8% टोटल सॉलिड, औसत 210 दिन के ब्यांत में एक हजार लीटर दूध, सामान्य देसी गाय से ज्यादा प्रजनन क्षमता।

नर : सामान्य बैल से अधिक शारीरिक बल, दो शिफ्ट में लगातार छह घंटे काम, सामान्य से अधिक खेतों में हल और डनलप खींचने की क्षमता, गन्ने के खेत में ट्रैक्टर और हाथों से जोतने का बेहतर विकल्प।

रुहेलखंडी गाय एक द्विद्देशीय नस्ल है जिसमें दूध उत्पादन, जुताई और भार ढोने के महत्वपूर्ण गुण हैं। रोग और तापमान रोधी जैसे कई और खास गुण हैं। एनबीएजीआर में इसका पंजीकरण होने से रुहेलखंड क्षेत्र के किसानों को कई सरकारी योजनाओं का लाभ मिल सकेगा।
– **डॉ. त्रिवेणी दत्त**, निदेशक आईवीआरआई

छोटेलाल की गाय सर्वश्रेष्ठ

सर्वे में चिह्नित 1300 गायों में बिसौली (बदायूं) के छोटेलाल की गाय को सर्वश्रेष्ठ माना गया। 20 साल की इस गाय के दूध उत्पादन में 14 बछियों-बछड़ों को जन्म देने के बाद भी कमी नहीं आई। इसी आधार पर माना गया कि रुहेलखंडी गाय की प्रजनन क्षमता उच्चतम स्तर की है।

आईवीआरआई की ओर से एक परियोजना के तहत कई साल से गायों पर अध्ययन किया जा रहा है। इस प्रोजेक्ट के प्रधान अन्वेषक डॉ. अनुज चौहान के मुताबिक कुछ समय पहले एक अलग शारीरिक संरचना वाली गाय को चिह्नित कर अध्ययन किया गया तो पता लगा कि यह गाय पांच लीटर दूध देती है, इस प्रजाति के नर में भी जुताई की क्षमता सामान्य से ज्यादा है। इन्हीं विशेषताओं के आधार पर इसे रुहेलखंडी गाय नाम देकर उसके एनबीएजीआर में पंजीकरण के लिए आवेदन किया। जांच करने करनाल से आई एनबीएजीआर की टीम ने भी इस गाय की प्रजाति को सामान्य देसी गाय से भिन्न माना और दूसरे मानकों पर काम करने की अनुमति दे दी।

चिह्नित रुहेलखंडी देसी गाय। ● अमृत विचार

डॉ. चौहान ने बताया कि सर्वे के दौरान अब तक बरेली मंडल में रुहेलखंडी गाय के 418 नर और करीब 13 सौ मादा चिह्नित की गई हैं। इस गाय को पालने वाले 80 प्रतिशत लोग ओबीसी वर्ग में यादव, मौर्य, शाक्य और गंगवार जाति के हैं। एनबीएजीआर में में इस गाय का पंजीकरण से होने से उसके आनुवंशिक संरक्षण, अनुसंधान और विकास, नस्ल के प्रमाणीकरण, सरकार और दूसरे संस्थानों को किसानों और पशुपालकों के लिए नीतियां बनाने जैसी प्रक्रिया शुरू हो पाएगी।

एक नजर

करगैना चौकी के पास बनेगा नया उपकेंद्र

बरेली, अमृत विचार : सुभाषनगर में नया सब स्टेशन बनाने के लिए जगह का चयन कर लिया गया। जल्द ही निर्माण कार्य शुरू कर दिया जाएगा। नए स्टेशन के निर्माण से स्थानीय लोगों को बिजली संकट से राहत मिलेगी। सुभाषनगर के दो पिछले दो महीने से बिजली संकट झेल रहे हैं। नाराज लोग कई बार हंगामा भी कर चुके हैं। सुभाषनगर में उपकेंद्र बनाने के लिए दो साल पहले ही पॉवर कॉरपोरेशन मुख्यालय से अनुमति मिल गई थी, लेकिन जगह का चयन नहीं हो पाया था। अब अधिकारियों ने करगैना चौकी के पास जगह का चयन कर लिया है। अधीक्षण अभियंता अंबा प्रसाद वशिष्ठ ने बताया कि नया उपकेंद्र बनाने के लिए जगह चयनित कर ली गई है। अगले साल गर्मी से पहले इसका निर्माण पूरा करा लिया जाएगा। बता दें कि इस बार शहर में सबसे ज्यादा भीषण बिजली संकट सुभाषनगर में ही रहा है। कई दिन इस इलाके में बिजली गुल रहने के बाद लोगों ने पिछले दिनों बिजली कर्मियों से मारपीट तक कर दी थी।

नौचंदी एक्सप्रेस में सफर कर रहे बुजुर्ग की मौत

बरेली, अमृत विचार : नौचंदी एक्सप्रेस में शुक्रवार को बुजुर्ग यात्री की तबीयत खराब होने के बाद मौत हो गई। 14241 नौचंदी एक्सप्रेस के एस-7 कोच की बर्थ नंबर 65 पर अमेठी के थाना जायस के गांव मकदूमपुर निवासी 76 वर्षीय रामनाथ सफर कर रहे थे। वह परिवार के साथ मुजफ्फरनगर जा रहे थे। बरेली से पहले अचानक उन्हें सांस लेने में दिक्कत होने लगी। परिजनों ने टीटीई को बताया तो कंट्रोल रूम से मेसेज दिया गया। बरेली जंक्शन पर मेडिकल टीम ने जांच की तो बुजुर्ग की मौत हो चुकी थी। जीआरपी प्रभारी निरीक्षक अजीत प्रताप सिंह ने बताया कि शव परिजनों को सौंप दिया गया था।

बिजली संकट: अब दो-दो बारिश... मानसून आने को है और जनप्रतिनिधि भी हो गए सक्रिय

वन मंत्री ने बिजली अफसरों से पूछा- सरकार ने करोड़ों दिए, फिर भी शहर में रोज क्यों गुल हो रही है बिजली

कार्यालय संवाददाता, बरेली

अमृत विचार : जिले में बिजली संकट से नाराज वन मंत्री डॉ. अरुण कुमार ने शुक्रवार को अधिकारियों को तलब कर लिया। उन्होंने सर्किट हाउस में बैठक कर अधिकारियों को बेहतर बिजली देने के सख्त निर्देश दिए।

गर्मी में लोगों को परेशानी न हो इसके लिए विभाग ने करोड़ों रुपये के काम कराए लेकिन इसके बावजूद रोजाना घंटों बिजली गुल रह रही है। वन मंत्री ने बैठक में अधिकारियों से कहा कि शहर और देहात में लगातार बिजली कटौती की जा रही है, जबकि सरकार ने गर्मी में बेहतर बिजली आपूर्ति के लिए करोड़ों रुपये दिए। इस पर अधिकारी बगले झांकने लगे। उन्होंने कहा कि लगातार गलत बिल आने की भी शिकायत मिल रही है। गली मोहल्लों में छोटी दुकानें खोलकर जीवन यापन करने वाले लोगों को कॉमर्शियल बिल दिए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि ट्रांसफार्मर देर से बदले जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि ट्रांसफार्मर ठीक न हो तो तुरंत मोबाइल ट्रांसफार्मर लगाएं। उन्होंने अधिकारियों से कार्यशैली में भी सुधार करने को कहा। बैठक में मुख्य अभियंता रणविजय सिंह, अधीक्षण अभियंता ग्रामीण अशोक कुमार चौरसिया, अधिशासी अभियंता यूसी सोनकर, अनुज गुप्ता, सत्येन्द्र चौहान, गौरव शुक्ला, अमित कुमार आनंद, भाजपा नेता अनिल कुमार एडवोकेट, आरके रुपनवाल मौजूद रहे।

सर्किट हाउस में बिजली अफसरों के साथ बैठक करते वन मंत्री डॉ. अरुण कुमार।

बिजली कटौती पर कैंट विधायक ने भी सुधार करने को कहा

कैंट विधायक संजीव अग्रवाल ने अधीक्षण अभियंता अशोक कुमार चौरसिया को अपने कार्यालय में बुलाकर सुभाषनगर, मढीनाथ, हरुनगला, किला आदि क्षेत्रों में बिजली व्यवस्था में सुधार के निर्देश दिए। उन्होंने ट्रांसफार्मर की लीड, बंच केबल आदि को ठीक कराने को कहा। उन्होंने सुभाषनगर क्षेत्र में जल्द ही नया बिजली उपकेंद्र बनाने को कहा।

लाल फाटक रोड पर लो वोल्टेज और ट्रिपिंग का संकट

कांधरपुर सबस्टेशन से जुड़े इलाकों में कई दिनों से लो वोल्टेज और ट्रिपिंग का संकट बना हुआ है। रामेश्वर धाम समेत इलाके की कई कॉलोनियों में लोग इसकी वजह से भारी दिक्कत झेल रहे हैं। लोगों का कहना है कि वोल्टेज में इतना ज्यादा उतार-चढ़ाव होता है कि अक्सर उपकरण फुंक जाते हैं। कई बार शिकायतों के बावजूद इस समस्या का हल नहीं हो पा रहा है।

चार घंटे का लिया शटडाउन मगर आठ घंटे से ज्यादा समय तक बंद रखी सप्लाई

- सनसिटी उपकेंद्र और परवाना नगर फीडर की बिजली रात आठ बजे तक रही गुल

बरेली, अमृत विचार : बिजली विभाग ने सनसिटी उपकेंद्र और परवाना नगर फीडर पर काम कराने के लिए चार घंटे का शटडाउन लिया लेकिन आठ घंटे से अधिक समय तक सप्लाई बंद रखी। भीषण गर्मी में सुबह 10 से रात 8 बजे तक बिजली गुल रहने से लोग परेशान हो गए।

सनसिटी उपकेंद्र के वीर सावरकर नगर फीडर को दो अलग-अलग फीडर बनाने का काम शुक्रवार को शुरू हुआ। इसके लिए आकांक्षा एन्क्लेव और आकांक्षा होम को महानगर उपकेंद्र से जोड़ा गया। बिजली विभाग के अधिकारियों ने गुरुवार को सूचना दी थी कि महानगर उपकेंद्र के परवाना नगर फीडर और सनसिटी उपकेंद्र की सप्लाई सुबह 10 से दोपहर 2 बजे तक बंद रहेगी लेकिन रात आठ बजे तक काम होने की वजह से सप्लाई बंद रही। लोग अधिकारियों को फोन करते रहे लेकिन नहीं उठे। वहीं सुभाषनगर और किला क्षेत्र में लोकल फाल्ट और लो वोल्टेज की समस्या रही। जगतपुर और शाहदाना क्षेत्र में भी शुक्रवार को दोपहर में एक से दो घंटे की बिजली कटौती की गई।

ओवरलोडिंग रोकने के लिए दूसरे जिलों के अधिकारियों से कराई जाएगी चेकिंग

बरेली, अमृत विचार : ओवरलोडिंग रोकने के लिए आरटीओ अब मंडल के दूसरे जिलों से अधिकारियों से चेकिंग कराएंगे। इसके लिए सोमवार से टीमें गठित कर अभियान चलाया जाएगा। वहीं डीएम की नाराजगी के बाद अब टोल प्लाजा से भी ओवरलोड वाहनों की सूचना परिवहन विभाग को दी जा रही है। डीएम ने टोल प्लाजा पर सीसीटीवी कैमरे लगाने के भी निर्देश दिए हैं। उत्तराखंड से आने वाले वाहनों में ओवरलोडिंग रोकने के लिए कार्ययोजना तैयार की गई है। पीलीभीत, बरेली, शाहजहांपुर और बदायूं के एआरटीओ और पीटीओ की अलग-अलग टीम बनाकर दूसरे जिलों में ओवरलोडिंग वाहनों की चेकिंग की जाएगी। आरटीओ प्रवर्तन दिनेश कुमार सिंह ने बताया कि ओवरलोडिंग वाहनों पर कार्रवाई को टीमें जांच करेंगी।

कड़ी धूप में एक और होमगार्ड हुआ हीट स्ट्रोक का शिकार

जिला अस्पताल में भर्ती होमगार्ड। ● अमृत विचार

- एसएसपी कार्यालय में तैनात सत्यपाल अचानक हो गए बेसुध
- जिला अस्पताल में अब तक सात होमगार्ड कराए गए हैं भर्ती

कार्यालय संवाददाता, बरेली

अमृत विचार : कड़ी धूप और गर्मी खुले में ड्यूटी करने वाले होमगार्ड के जवानों पर सबसे ज्यादा कहर बनकर टूट रही है। शुक्रवार को हीट स्ट्रोक के लक्षण के बाद एक और होमगार्ड को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। अब तक सात होमगार्ड हीट स्ट्रोक का शिकार होकर जिला अस्पताल पहुंच चुके हैं।

एसएसपी कार्यालय में तैनात होमगार्ड सत्यपाल शुक्रवार सुबह 11 बजे चक्कर आने के बाद बेसुध हो गए। आननफानन उन्हें एक दूसरा होमगार्ड जिला अस्पताल लेकर पहुंचा। हीट स्ट्रोक के लक्षण मिलने के बाद उन्हें कोल्ड रूम में भर्ती कराया गया। उनकी हालत स्थिर बताई गई है। दो होमगार्ड यहां पहले से भर्ती हैं। इमरजेंसी वार्ड के रिकॉर्ड के अनुसार पिछले 15 दिनों में हीट स्ट्रोक के बाद कोल्ड रूम में सात होमगार्ड को भर्ती किया गया है।

हीट स्ट्रोक : इमरजेंसी वार्ड में अब तैनात रहेंगी दो टीमें

बरेली, अमृत विचार : शासन ने हीट स्ट्रोक के मरीजों की विशेष निगरानी और त्वरित इलाज की व्यवस्था करने का निर्देश दिया है। इसके बाद जिला अस्पताल में एडीएसआईसी डॉ. अलका शर्मा ने वार्ड में ईएमओ के साथ ऑन कॉल ईएमओ की भी ड्यूटी लगाई है। उन्होंने निर्देश दिया है कि हीट स्ट्रोक का मरीज पहुंचते ही वार्ड में तैनात डॉक्टर फौरन उसका इलाज शुरू करेगा। फौरन इसकी सूचना कॉल ड्यूटी पर तैनात डॉक्टर को भी दी जाएगी। यह डॉक्टर इमरजेंसी वार्ड का राउंड लेने के साथ भर्ती प्रक्रिया की भी देखेंगे।

फसल का मुआवजा न मिला तो किसानों ने आवास-विकास के एक्सईएन को घेरा

- धोखे का आरोप लगाकर हंगामा, परसाखेड़ा परियोजना को जमीन देने से इन्कार
- अधिशासी अभियंता ने खातों में पैसे भेजने को किसानों से मांगा 15 दिन का समय

संवाददाता, सीबीगंज

अमृत विचार : आवास-विकास की परसाखेड़ा आवासीय परियोजना के लिए लैंड पूलिंग स्कीम में अपनी जमीन देने वाले किसान अपनी फसल का मुआवजा न मिलने से शुक्रवार को भड़क गए। गुस्साए किसानों अधिशासी अभियंता को घेरकर जमकर हंगामा किया और धोखा करने का आरोप लगाते हुए परियोजना के लिए जमीन देने से इन्कार कर दिया। अधिशासी अभियंता ने 15 दिन के अंदर मुआवजा खातों में भेजने का भरोसा दिलाया तो किसान शांत हुए।

आवास-विकास परिषद बरेली में अब तक की सबसे बड़ी परसाखेड़ा आवासीय परियोजना बनाने जा रहा है जिसके लिए टियूलिया, धंतिया, हमीरपुर, बोहित, मिलक इमामगंज, फरीदापुर रामचरण, बल्लिया समेत सात गांव की 561 हेक्टेयर जमीन ली जानी है। पहले चरण में लैंड पूलिंग स्कीम के तहत टियूलिया, धंतिया की 149 हेक्टेयर जमीन पर परियोजना विकसित की जा रही है। इस स्कीम के तहत 238 किसानों ने जमीन देने की सहमति दी थी लेकिन सिर्फ 22 किसानों को चार माह के फसल मुआवजे का पैसा खातों में भेजा गया है। मार्च के बाद इन किसानों को भी कोई मुआवजा नहीं दिया गया है।

इस पर गुस्साए किसान शुक्रवार को आवास-विकास परिषद के खंड कार्यालय पहुंच गए। यहां अधिशासी अभियंता नवीन वर्मा और एई पंकज गुप्ता को घेरकर उन्होंने जमकर हंगामा किया। कहा, आवास-विकास परिषद उनके साथ धोखा कर रहा है। अब वह अपनी जमीन उसे नहीं देंगे। करीब एक घंटे तक चले हंगामे के बाद अधिशासी अभियंता के 15 दिन के अंदर खातों में मुआवजे का पैसा डालने के आश्वासन पर किसान शांत हुए। अधिशासी अभियंता ने बताया कि आचार संहिता के कारण बजट रिलीज नहीं हो सका था जो इसी महीने आ जाएगा। इसके बाद मुआवजे की रकम किसानों के खातों में डाल दी जाएगी।

आवास-विकास के एक्सईएन को घेरकर हंगामा करते किसान। ● अमृत विचार

पटेल चौक पर जाम

शहर में ट्रैफिक पुलिस ने तो अपनी वर्दी बदल ली है और नीली-सफेद यूनिफार्म उतारकर खाकी पहनने लगे हैं लेकिन चौराहों पर लगने वाला जाम जस का तस है। शुक्रवार को पटेल चौक पर भीषण जाम लग गया। काफी देर तक सैकड़ों वाहन इस जाम में फंसे रहे लेकिन ट्रैफिक पुलिस की चौराहे के बजाय बाहरी इलाकों में चेकिंग ड्यूटी में लगी हुई थी।

रंजिश में कांता से युवक पर किया हमला

कैंट, अमृत विचार : पीपल गौटिया निवासी बिंदरु ने बताया वह गुरुवार को खेत पर सो रहे थे। इसी बीच गांव के सुरेश, देशपाल, सुखवीर व जसवीर चारों भाई वहां पहुंच गए। गाली गलौच करने लगे। विरोध करने पर उन्हें पीटा। सिर पर कांता से हमला कर दिया। पुलिस ने मामले में रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

जी प्लस टू मॉडल का बनेगा सदर मालखना, जमीन की तलाश

- जर्जर स्थिति में पहुंच गया है कलेक्ट्रेट स्थित पुराना मालखाना

बरेली, अमृत विचार : कलेक्ट्रेट परिसर में स्थित सदर मालखाने को दूसरी जगह शिफ्ट करने के लिए जमीन की तलाश की जा रही है। मालखाना जी प्लस टू (स्टैंडर्ड) का बनाया जाएगा।

इससे मुकदमों से संबंधित शस्त्रों का रखरखाव भी बेहतर हो सकेगा। कलेक्ट्रेट में सदर मालखाना जर्जर स्थित में है। जगह कम और मुकदमों से संबंधित सामग्री अधिक होने से दिक्कतें होती हैं। यहां बैठने तक में समस्या होती है। प्रदेश के 40 जिलों में जी प्लस वन और 35 जिलों में जी प्लस 2 मॉडल के सदर मालखाने बनाने की सूची में बरेली का भी नाम शामिल है। मालखाना बनाने के लिए शासन से रिपोर्ट मांगी गई है। एडीएम प्रशासन दिनेश ने बताया कि नया मालखाना बनाने के लिए जमीन की तलाश की जा रही है।

राजमार्ग प्राधिकरण का अंडरपास के निर्माण के लिए फिलहाल रेड सिग्नल

- 15 दिन बीतने के बावजूद हाईवे के नीचे काम नहीं हुआ शुरू

कार्यालय संवाददाता, बरेली

अमृत विचार : यांत्रिक कारखाना अंडरपास के निर्माण उत्तर प्रदेश राज्य राजमार्ग प्राधिकरण (उपसा) की ओर से अभी तक रेलवे को अनुमति नहीं मिली है, जबकि रेलवे ने अपना काम 15 दिन पहले पूरा कर लिया है। अब सिर्फ हाईवे के नीचे सड़क को काटकर अंडरपास का काम होना बाकी है।

रेल प्रशासन ने ब्लॉक लेकर यांत्रिक कारखाना अंडरपास के लिए सेगमेंट बॉक्स रखने का काम पूरा कर लिया था। डीआरएम कार्यालय से यांत्रिक कारखाना को जाने वाली सड़क के पास से होते हुए रेलवे लाइनों के नीचे से होकर यह अंडरपास गुजर रहा है। रेलवे के इंजीनियरिंग विभाग के अधिकारी कई स्तर पर उपसा के अफसरों से बात कर चुके हैं, लेकिन उपसा का हाईवे के नीचे खुदाई के काम को रेड सिग्नल जारी है। इज्जतनगर रेल मंडल के पीआरओ राजेंद्र सिंह ने बताया कि उपसा से अनुमति मिलने तक काम नहीं शुरू हो सकता है।

निर्माणाधीन अंडरपास। ● अमृत विचार

श्मशान भूमि अंडरपास के नीचे रखे जाएंगे बॉक्स

रेलवे के इंजीनियरिंग विभाग की तरफ से सिटी श्मशान भूमि रेलवे क्रासिंग पर भी अंडरपास का काम किया जा रहा है। अभी खोदाई ओर सेगमेंट बॉक्स की कास्टिंग भी हो रही है। जल्द ही सेगमेंट बॉक्स रेलवे लाइनों के नीचे रखे जाएंगे। इसके लिए ब्लॉक लिया जाएगा।

हत्या की साजिश के खुलासे के बाद जज ने मांगी सुरक्षा

- ज्ञानवापी केस की सुनवाई करने वाले रवि कुमार दिवाकर ने मुख्य सचिव को लिखा पत्र

विधि संवाददाता

बरेली, अमृत विचार : ज्ञानवापी केस की सुनवाई के बाद कट्टरपंथी इस्लामिक संगठनों से धमकी मिलने पर बरेली सेशन कोर्ट मे तैनात अपर जिला जज रवि कुमार दिवाकर जिला जज के जरिए प्रदेश के मुख्य सचिव को पत्र भेजकर समुचित सुरक्षा मांगी है।

जज रवि कुमार दिवाकर ने इस पत्र में बताया है कि बनारस मे तैनाती के दौरान भी उन्हें इस्लामिक आगाज मूवमेंट का धमकी भरा पत्र मिलने पर उन्होंने 8 जून 2022 को केस दर्ज कराया था। इस संगठन ने पत्र में उन्हें काफिर और बुतपरस्त हिंदू न्यायाधीश बताते हुए कहा था कि विवादित भारत का मुसलमान अच्छी तरह जानता है कि वह ज्ञानवापी मस्जिद को उग्रवादी हिंदुओं के पोषक, नरसंहारक और भारत के उग्रवादी प्रधानमंत्री के दबाव में मंदिर घोषित कर देंगे और मुगलों को आततायी लुटेरा बता देंगे। उग्रवादी संगठन आरएसएस और तमाम अनुषांगिक उग्रवादी संगठनों के साथ मोदी ने गुजरात की तरह यूपी में दंगा कराने की साजिश रच ली है।

बता दें कि बृहस्पतिवार को ही लखनऊ सेशन कोर्ट के जज विवेकानंद शरण त्रिपाठी की ओर से भी हाईकोर्ट के रजिस्ट्रार जनरल, प्रमुख सचिव गृह, डीजीपी को पत्र भेजकर इस्लामिक कट्टरपंथियों की ओर से जज रवि कुमार दिवाकर की हत्या की साजिश की जानकारी दी थी। पत्र में बताया गया था कि इंस्टाग्राम पर जज रवि कुमार दिवाकर के फोटो के साथ धमकी पोस्ट करने वाले भोपाल के अदनान खान को एटीएस ने गिरफ्तार किया, जिससे इस साजिश के बारे में महत्वपूर्ण सुराग मिले हैं।

शाहजहांपुर में तैनात जज भाई की सुरक्षा वापस लेने का भी किया शासन को भेजे पत्र में जिक्र

जज रवि कुमार दिवाकर ने मुख्य सचिव को लिखे पत्र में शाहजहांपुर में तैनात सिविल जज सीनियर डिविजन एफटीसी के पद पर तैनात अपने छोटे भाई दिनेश कुमार दिवाकर की सुरक्षा वापस ले लिए जाने का भी जिक्र किया है। कहा है कि उनके भाई को शासनादेश के तहत सुरक्षा प्राप्त थी लेकिन एसपी शाहजहांपुर अशोक मीना ने मई में निजी रंजिश के कारण उनकी सुरक्षा वापस ले ली। क्योंकि उनके भाई ने न्यायिक मजिस्ट्रेट रहते विवेचकों की ओर से प्रस्तुत कई प्रार्थनापत्र निरस्त किए थे।

मुजफ्फरपुर पहुंची यूपी एटीएस ने दो लोगों से की पूछताछ

लखनऊ, अमृत विचार : न्यायाधीश रवि कुमार दिवाकर को जान से मारने की धमकी देने के मामले में एटीएस ने बिहार के मुजफ्फरपुर में पक्कीसराय क्षेत्र में छापेमारी की। इस दौरान पूर्व में अस्पताल संचालक रहे राशिद और दानिश नामक दो भाइयों के घरों में तलाशी ली और पुलिस मुख्यालय में घंटों पूछताछ की। एटीएस ने दोनों को तीन दिनों के अंदर लखनऊ स्थित एटीएस थाने में हाजिर होने का नोटिस भी दिया। इस मामले में एटीएस ने अदनान नामक युवक को गिरफ्तार किया था। उससे पूछताछ में राशिद नाम के व्यक्ति से संपर्क होने की जानकारी मिली थी।

संविदा कर्मचारियों ने की मानदेय दिलाने की मांग

बरेली, अमृत विचार: पॉवर कॉरपोरेशन के संविदा कर्मचारियों ने समय से वेतन नहीं मिलने पर मुख्य अभियंता को ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन में मानदेय और सुरक्षा उपकरण दिलाने की भी मांग की है।

उत्तर प्रदेश पॉवर कॉरपोरेशन कर्मचारी संघ के संविदा कर्मचारी संघ के जिलाध्यक्ष रिंकू श्रीवास्तव ने बताया कि कर्मचारियों को मई और जून माह का मानदेय नहीं मिला है। इसके साथ ही उन्हें ईएसआईसी और सुरक्षा किट भी नहीं दी जा रही है, जिससे आए दिन कर्मचारी हादसे का शिकार हो रहे हैं।

लगातार कंपनी को पत्र लिखने के बाद भी कर्मचारियों की मांगों को अनदेखा किया जा रहा है। उनकी समस्याओं को सुनने के बाद मुख्य अभियंता रणविजय सिंह ने जल्द ही उनकी सभी मांगों को पूरा करने का आश्वासन दिया है।

गुरुद्वारे में कीर्तन गायन सुन संगत हुई निहाल

प्रकाश पर्व की पूर्व संध्या पर आयोजित कार्यक्रम में कीर्तन करता रागी जत्था।

बरेली, अमृत विचार : गुरु हरगोबिन्द सिंह के प्रकाश पर्व की पूर्व संध्या पर जनकपुरी स्थित गुरुद्वारा में कीर्तन दरबार सजाया गया। शुक्रवार की शाम श्री रहरास साहिब के पाठ के साथ दरबार शुरू हुआ। इस अवसर पर भव्य दीवान भी सजाया गया।

बाहर से आए रागी जत्थों ने कीर्तन गायन कर वातावरण को भक्तिमय बना दिया। ज्ञानी जसवंतसिंह ने बताया कि गुरु का चहेता बनने के लिए मनुष्य को गुरु के बताए मार्ग पर चलना चाहिए। रागी सतवंत सिंह व रागी गुरवचन सिंह ने कीर्तन गायन किया, जिसे सुन संगत निहाल हो उठी। प्रबंधक कमेटी के मुख्य सेवादार हरनाम सिंह व सचिव रमिंदर सिंह ने बताया कि शनिवार को मुख्य दीवान की शुरुआत सुबह 4 बजे से होगी, जो दोपहर तक आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम में निर्माण सिंह, सुखवीर सिंह, रणजीत सिंह, परमजीत सिंह दुआ, हरविंदर सिंह, राकेश सिंह आदि उपस्थित रहे।

आईवीआरआई में अब दुर्गंध से परेशान नहीं होंगे छात्र

बरेली, अमृत विचार : भारतीय पशु चिकित्सा अनुसंधान संस्थान (आईवीआरआई) के एनाटॉमी विभाग ने हड्डियों को एकत्र करने और संरक्षित रखने के लिए नया कमरा बनाने का निर्णय लिया है। इससे छात्रों को अब फार्मेलीन की तीखी दुर्गंध से परेशानी नहीं होगी और विच्छेदन कार्य में आने वाली समस्याएं भी कम होंगी।

अब तक हड्डियों को संरक्षित रखने का काम विभाग के अंदर ही किया जाता था। इससे फार्मेलीन की दुर्गंध पूरे विभाग में फैल जाती थी, जिससे छात्रों और स्टाफ को काफी असुविधा होती थी। आईवीआरआई के प्रधान वैज्ञानिक डॉ. अमर पाल ने बताया कि नए कमरे के निर्माण से एनाटॉमी विभाग के कार्यप्रणाली में महत्वपूर्ण सुधार होगा। संस्थान के छात्रों के लिए बेहतर शैक्षिक वातावरण प्रदान करने की दिशा में उठाया गया एक महत्वपूर्ण कदम है।

नहीं लगाने होंगे चक्कर, घर बैठे दायर कर सकेंगे ऑनलाइन वाद

रजिस्ट्रार फर्म्स सोसायटीज एवं चिट्स विभाग ने शुरू की व्यवस्था

अनुपम सिंह, बरेली

अमृत विचार : रजिस्ट्रार फर्म्स सोसायटीज एवं चिट्स विभाग में वाद दायर करने के लिए बदायूं, शाहजहांपुर, पीलीभीत के लोगों को अब बरेली की दौड़ नहीं लगानी पड़ेगी। विभाग ने वाद दाखिल करने की प्रक्रिया को ऑनलाइन कर दिया है। ऐसे में अब घर बैठे ही लोग ऑनलाइन विवाद समाधान प्रणाली की सुविधा का लाभ ले सकेंगे।

बरेली में रजिस्ट्रार फर्म्स सोसायटीज एवं चिट्स विभाग का मंडलीय कार्यालय है। ऐसे में अब तक इस विभाग से जुड़े वादों को ऑफलाइन दर्ज कराना पड़ता था। इसके लिए मंडल के जनपदों बदायूं, शाहजहांपुर और पीलीभीत के लोगों को लंबी दूरी तय कर बरेली आना पड़ता था। इसके बाद तारीख लगने पर सुनवाई के लिए वे बाद में आया करते थे। इससे उन्हें काफी परेशानी होती थी। अधिक भागदौड़ करने के साथ ही उन पर आर्थिक बोझ भी पड़ता था। विभागीय जानकारों के अनुसार प्रत्येक जिले से माह में पांच से छह मामले आते हैं। दो दिन पहले विभाग ने व्यवस्था को ऑनलाइन कर दिया है। इसके बाद अब वाद दाखिल करने के लिए कार्यालय के चक्कर नहीं लगाने होंगे। विभाग की वेबसाइट पर जाकर मांगी गई जानकारी को भरकर वाद दायर कर सकते हैं। इसके बाद मोबाइल पर सुनवाई की तारीख का मेसेज भी पहुंच जाएगा।

ऐसे दाखिल करें ऑनलाइन वाद

रजिस्ट्रार फर्म्स सोसायटीज एवं चिट्स विभाग में वाद दाखिल करने के लिए वेबसाइट www.uprfsc.gov.in पर जाकर वाद पंजीकरण पर क्लिक करना होगा। इसके बाद वादी एवं प्रतिवादी का विवरण, वाद से संबंधित जानकारी, संस्था से संबंधित विवरण को भरकर सुरक्षित बटन पर क्लिक करना होगा। इस तरह से वाद ऑनलाइन होने के बाद मोबाइल पर ही पूरी जानकारी पहुंच जाएगी।

भरनी होंगी अपनी ये जानकारियां

वादी और उसके पिता का नाम, मकान नंबर, मोहल्ला, थाना, तहसील, जिला, पिन कोड, वादी का मोबाइल नंबर, वादी का ई-मेल नंबर, संस्था का नाम, संस्था का पंजीकृत पता, संस्था का जिला, संस्था का पिन कोड, संस्था के पदाधिकारी हैं या नहीं, पत्रावली संख्या, प्रतिवादी का नाम, उसका नंबर, ई-मेल आईडी आदि जानकारियां ऑनलाइन भरनी होंगी।

विभाग में ऑनलाइन वाद दाखिल होने की प्रक्रिया शुरू होने से लोगों को बड़ी राहत मिलेगी। पीलीभीत, शाहजहांपुर, बदायूं के लोगों को अभी तक बरेली आना पड़ता था। अब बेवजह की भागदौड़ बचेगी। सुनवाई के लिए निर्धारित तारीख पर कार्यालय आना होगा। - **नीरज पाठक**, सहायक रजिस्ट्रार, फर्म्स सोसायटीज एवं चिट्स

एक महीना बीतने के बाद भी आवास योजना में फर्जीवाड़े की जांच अधूरी

बरेली,अमृत विचार : शीशगढ़ कस्बे में प्रधानमंत्री शहरी आवास योजना में हुए फर्जीवाड़े की जांच एक महीने बाद भी अधूरी है। मामले की शुरुआती जांच में आवास लेने वाले 54 लोग अपात्र पाए गए थे। अब अफसर जल्द जांच कराने की बात कह रहे हैं।

- **शीशगढ़ में जांच में आवास लेने वाले 54 लोग पाए गए थे अपात्र**

21 मई को शीशगढ़ कस्बे के मोहल्ला अगवाड़ा में नायब तहसीलदार शिवा वर्मा, कानूनगो मुकेश कुमार को प्रधानमंत्री आवास योजना की स्थलीय जांच में 10 लोग ऐसे मिले थे, जिनके खुद के आलीशान मकान बने थे। इसके बाद जांच में 44 लोग और अपात्र पाए गए थे। शीशगढ़ में 1142 लोगों को आवास का लाभ दिया गया, इसमें भी अपात्रों को तो आवास आवंटित नहीं किए गए, इसी शक के आधार पर सभी आवासों की जांच कराने की बात कही गई थी लेकिन एक महीने बाद भी जांच पूरी नहीं हो सकी। एसडीएम मीरगंज देश दीपक सिंह ने पहले बताया था कि जांच टीम चुनाव में व्यस्त है लेकिन चुनाव बाद भी जांच शुरू नहीं हुई। एसडीएम ने शुक्रवार को बताया कि वह बाहर हैं और मामले में अपडेट लेकर बताएंगे। अभी जांच शुरू नहीं हो सकी है।

Lifelines OF BAREILLY
अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
MEDICAL
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें :- 7464943582

चरक पैथलैब
विश्वसनीय परिणाम
FullBody BLOOD TEST PACKAGE
CBC+KFT+LFT+TFT+LIPID+SUGAR
1499/- ONLY 799/-
जांचों पर विशेष छूट
चाट बाजार रोड, 39-बी, एकता नगर, बरेली
मो. 9410200042, 9410200047 समय प्रातः 8 से रात 9 बजे तक
घर से सैम्पल लेने की सुविधा उपलब्ध E-mail: pathlab.charak@gmail.com

डॉ. दर्शन मेहरा
एम.बी.बी.एस., एम.डी. (मेडिसिन)
Cardiopulmonologist, Diabetologist & Intensivist
आयुष्मान एवं TPA कैशलेस सुविधा उपलब्ध
डायबिटीज, थायराइड, डेंगू, मलेरिया, टी.बी., पेट रोग, गठिया, फेफड़ों के रोग, तेज बुखार, एलर्जी, जटिल रोगों का उचित इलाज
दर्पिन हॉस्पिटल
संजय नगर रोड, पीलीभीत बाईपास, बरेली
हैल्प लाइन - 8979252222, 9457663289

डॉ. गयास अहमद
MBBS, DCH, DNB (Paediatric) NEW DELHI
नवजात शिशु एवं बाल रोग विशेषज्ञ
भू.पू. चिकित्सक सर गंगाराम अस्पताल, नई दिल्ली
NEW BORN AND CHILD CARE CLINIC
1. मुंशी नगर गेट, डेलापीर मण्डी, पीलीभीत रोड, बरेली
समय - प्रातः 9 बजे से 12 बजे तक, शाम 4 बजे से 8 बजे तक
सुविधायें :- वेन्टीलेटर/BIPAP/CPAP युक्त NICU/PICU की सुविधा, प्रीमेच्योर बच्चों के लिए सफेक्टेन्ट एवं विशेष देखभाल की सुविधा, नवजात निमोनिया व जन्मजात दौरे पड़ने का इलाज, पीलिया का इलाज, दिमागी बुखार, मलेरिया, डेंगू, टायफाइड का इलाज
HELP LINE - 7017920279, 8920198518

डॉ. रजनीकांत साहू
MBBS, MS, MCh. (SGPGI, Lucknow)
Ex-Consultant-MAX Hospital, Delhi
वरिष्ठ न्यूरो सर्जन
मो. 7417389433
बरेली न्यूरो एण्ड स्पाईन सेन्टर
पता:- सी 427 डिवाइन हॉस्पिटल के सामने, के.के. हॉस्पिटल रोड, राजेन्द्रनगर, बरेली
मिलने का समय प्रातः 10 से 12, सायं 6 से 8
7017678157
सुविधायें:- सिर की चोट का इलाज व ऑपरेशन, ब्रेन ट्यूमर, दिमागी गांठ तथा ब्रेन हैमरेज का ऑपरेशन, गर्दन व पीठ का दर्द, सियाटिका, स्लिप डिस्क, स्पाइनल ट्यूमर का इलाज व ऑपरेशन, सिर दर्द व मिर्गी के दौरे का इलाज।

नाक, कान व गला रोग विशेषज्ञ
डा. आरिफ हुसैन अन्सारी
M.B.B.S., M.S.
• Ex. Chief Resident-Sir J.J. Hospital Grant Medical College Mumbai
नाक, कान व गला एन्डोस्कोपी द्वारा देखे जाते हैं।
परामर्श शुल्क ₹ 200/-
मिलने का समय (सोमवार से शनिवार)
सुबह : 11 बजे से 3 बजे तक
शाम : 07:30 बजे से 9 बजे तक
हर मंगलवार फ्री परामर्श रजिस्ट्रेशन ₹50/-
सुविधायें
• नाक की टेढ़ी हड्डी को सही करना (Septoplasty)
• गले के बढ़े हुये टॉन्सिल का ऑपरेशन
• कान के फटे हुए पर्दे का ऑपरेशन (Tympanoplasty)
• थायराइड (घेंघा) का इलाज व ऑपरेशन
• दूरबीन द्वारा गले के कैंसर की जाँच व बायोप्सी
पता- बैंक ऑफ बड़ौदा के पास, मालियों की पुलिया, बरेली
(सेटेलाईट बस अड्डा व शाहमतगंज चौराहे के बीच में)
सम्पर्क करें
94566 58250, 70785 69786

डॉ. प्रेम गंगवार
B.H.M.S. (Homeo Cafe Gwalior)
वरिष्ठ होम्योपैथिक चिकित्सक
मो. 8859517808
सैक्स रोग, शीघ्रपतन, नामर्दी, त्वचा, गुर्दे, कैंसर, जोड, नस, थायराइड व महिलाओं का बांझपन
होम्योपैथिक से जुड़ी समस्या व दवाईयों के लिये निःशुल्क सम्पर्क करें।
आधुनिक जर्मन दवाईयों द्वारा कुशल डाक्टर के मार्गदर्शन में इलाज
10 वर्षों का अनुभव प्रेम जर्मन होम्योपैथिक
रूहेलखण्ड यूनिवर्सिटी के सामने, पीलीभीत बाईपास, एच.के. टावर, बरेली

आदित्य आई एण्ड लेजर सेन्टर
ADITYA
60000 से अधिक आँखों के आपरेशन का अनुभव
उपलब्ध सुविधायें
बिना सुई बिना टांका आधुनिक से आधुनिक लेंस प्रत्यारोपण की सुविधा उपलब्ध
बी-स्कैन द्वारा पर्दे की जाँच उपलब्ध
आ.सी.टी.मशीन से रेटीना एवं ग्लोकॉम की जाँच उपलब्ध
8077344353
समय प्रातः 10 से 4 बजे तक एवं सायं 6 से 8 बजे तक
डॉ. आदित्य त्यागी
MBBS, DOMS, DNB MNAMS
CATARACT, REFRACTIVE & GLAUCOMA SURGEON
ट्यूलिप ग्रांड के सामने, पीलीभीत बाई पास, बरेली

SRI SUPRABHA GI VENUS NURSING HOME
WE CURE WITH CARE
13 वर्षों का अनुभव
डॉ. सरिता शर्मा
MBBS, (Gold Medalist) DGO
प्रसूति, स्त्री रोग एवं बाँझपन रोग विशेषज्ञ
समय 10 बजे से 3 बजे तक, शाम 6 बजे से 7 बजे तक
उपलब्ध सुविधायें • नार्मल डिलीवरी को प्राथमिकता • दवाईयों द्वारा गर्भपात एवं नसबन्दी की सुविधा • दर्द रहित प्रसव की सुविधा • बच्चेदानी की रसौली • माहवारी की समस्यायें • बांझपन का इलाज • गर्भाशय में कैंसर की जाँच एवं प्राथमिक इलाज
सनराईज एन्क्लेव (निकट एलिस ग्रीन बैंकेट हॉल), डोहरा रोड, बरेली
फोन : 0581-7963213, 9568303926

THE TOOTH LOUNGE
Regd. No. : 21537
A COMPLTE DENTAL CARE SOLUTION
• दाँतों के क्राउन और ब्रिज बनवाना • दाँतों के रंग की फिलिंग करना • दाँतों का निकालना • दाँतों की सफाई एवं पॉलिशिंग • दाँत एवं बत्तीसी बनवाना • RCT • डिजिटल एक्स-रे • टेढ़े मेढ़े दाँतों में तार लगाना • डेंटल इम्प्लांट
डॉ. नेहा अग्रवाल
BDS, MIDA (Dental Surgeon)
Mob. : 9870822971
Timing : 11 AM to 3 PM & 5 PM to 8 PM
83, सिविल लाइन्स निकट किप्स हीरो सर्विस सेन्टर, चौपला रोड, बरेली।

नीट में गड़बड़ी के विरोध में कांग्रेसियों ने किया प्रदर्शन

नारेबाजी कर विरोध जताते कांग्रेस कार्यकर्ता। • अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- **राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन में की सीबीआई जांच की मांग**

अमृत विचार : नीट में धांधली का आरोप लगाते हुए कलेक्ट्रेट पहुंचे कांग्रेसियों ने नारेबाजी कर विरोध प्रदर्शन किया। इसके बाद राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन एसडीएम उदित पवार को सौंपा।

ज्ञापन में मामले की सीबीआई जांच कराए जाने की मांग की है। पदाधिकारियों का कहना था कि भ्रष्टाचार के चलते लाखों छात्रों का भविष्य अधर में लटक गया है। मांग की कि केंद्रीय शिक्षा मंत्री तत्काल अपने पद से इस्तीफा दें। जिला उपाध्यक्ष दिनेश दद्दा ने कहा कि नीट-यूजी 2024 का परिणाम चार जून को जारी हुआ था। इसमें कई अनियमितताएं जाहिर हुईं। पेपर लीक का आरोप भी अभ्यर्थियों ने लगाया था। सुरेश चंद्र वाल्मीकि, कमरुद्दीन सैफी, जुनैद हसन, पाकीजा खान आदि उपस्थित रहे।

बास्केटबॉल चैंपियनशिप में जीत के लिए भिड़ीं 20 टीमें

बरेली, अमृत विचार : मानस स्थली स्कूल में चल रही राज्य बास्केटबॉल चैंपियनशिप में शुक्रवार को 20 टीमों के बीच शानदार मुकाबले हुए। विशिष्ट अतिथि के रूप में मानस स्थली ट्रस्ट के अध्यक्ष सत्येंद्र गोयल व राधा माधव स्कूल के प्रधानाचार्य डॉ. धर्मेंद्र मित्तल उपस्थित रहे। प्रधानाचार्य अनिल कुमार त्रिपाठी ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उनका मनोबल बढ़ाया। इस अवसर पर बालिका वर्ग में प्रयागराज ने बलिया को 60-02 से पराजित किया। बीएलडब्ल्यू ने रामपुर को 22-02 से, बनारस ने उन्नाव को 23-04 से शिकस्त दी। बालक वर्ग में बलिया ने मिर्जापुर को 51-11 से तथा चंदौली ने उन्नाव को 29-26 से हराया। एटा ने शाहजहांपुर को 56-06 से, बीएचयू ने पीलीभीत को 47-23 से, बनारस ने गौतम बुद्ध नगर को 65-56 से, बीएसआर ने सहारनपुर को 40-33 से हराया। केएस बिष्ट, प्रभात उपाध्याय आदि उपस्थित रहे।

एकलव्य कोष के तहत खिलाड़ियों से मांगे आवेदन

बरेली, अमृत विचार : खेल मंत्रालय की ओर से संचालित ''एकलव्य कोष'' के तहत आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। क्षेत्रीय क्रीड़ा अधिकारी जितेंद्र यादव ने बताया कि आवेदन प्रक्रिया ऑनलाइन की गई है और अंतिम तिथि 31 जुलाई है।

महाराष्ट्र में कांस्य जीतने पर दो सिपाही सम्मानित

बरेली, अमृत विचार : महाराष्ट्र में आयोजित 72वें ऑल इंडिया पुलिस वॉलीबॉल क्लस्टर में कई खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया था। इसमें बरेली की महिला सिपाही रीतिका वर्मा ने सेपक टकरा खेलते हुए तृतीय स्थान प्राप्त कर कांस्य पदक जीता। सिपाही कमल सिंह ने योग में तृतीय स्थान प्राप्त करते हुए कांस्य पदक जीता। वहां से लौटने के बाद शुक्रवार को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक घुले सुशील चंद्रभान ने अपने कार्यालय में दोनों पुलिसकर्मियों को सम्मानित किया।

सार-संक्षेप

शिवचरित्र सुनने वाले का सदैव होता है मंगल

बरेली, अमृत विचार : कथा व्यास पं. आशीष मिश्रा ने कहा कि शिवचरित्र सुनने वाले का सदैव मंगल ही होता है। प्रभु के चरणों में श्रद्धा और विश्वास दोनों बराबर होना चाहिए, क्योंकि माता पार्वती श्रद्धा और भगवान शिव विश्वास का स्वरूप हैं। वह मॉडल टाउन स्थित श्रीहरि मंदिर में आयोजित श्रीराम कथा में बोल रहे थे।उन्होंने कहा कि वक्ता को अपने ग्रंथ, गुरु और वाणी पर विश्वास हो तब कथा श्रोता के जीवन में अवश्य परिवर्तन ला सकती है। श्रोता वह होता है, जिसमें श्रद्धा हो। कहा कि माता पार्वती जैसी पतिव्रता तपस्विनी न कोई है, न कभी होगी। उन्होंने भगवान शिव को पाने के लिए जो कठिन व्रत और तप किया, वह हर किसी के लिए संभव नहीं है। महा आरती, महाभोग के बाद प्रसाद वितरण किया गया, जिसके बाद कथा विश्राम हुआ। इस अवसर पर मंदिर कमेटी अध्यक्ष सतीश खट्टर, सचिव रवि छाबड़ा, सुशील अरोड़ा, तिलक राज कक्कड़, विश्वनाथ सपरा, गिरीश आनंद, जग मोहन बंटू आदि उपस्थित रहे।

धूमधाम से मनाया नंदोत्सव, बधाई गीतों पर थिरके श्रद्धालु

बरेली, अमृत विचार : मीरा की पैठ स्थित प्राचीन ठाकुर जी महाराज मंदिर में चल रही श्रीमद्भागवत कथा में शुक्रवार को धूमधाम से नंदोत्सव मनाया गया। इस अवसर पर कथा पंडाल में खूब आनंद वर्षा हुई, जिसमें सराबोर हो श्रद्धालु आनंदित हो झूम उठे। कथावाचक आचार्य मुकेश मिश्रा के कंठ से बधाई गीतों के स्वर जब फूटे तो भक्तजन अपने पांवों को थिरकने से न रोक सके। इस अवसर पर कथा व्यास ने कहा कि प्रभु मनुष्य रूप में जन्म लेकर दुख में भी सुखी जीवन जीने की सीख देते हैं। वह असीम शक्ति के पुंज हैं। उन्होंने अधर्म का नाश और धर्म की पुनः स्थापना के लिए कृष्ण और राम सहित दशावतार धारण किए। उन्होंने गृहस्थ में रहकर सदाचार, परोपकार और सत्य के आधार पर जीवन जीने की राह दिखाई। इस अवसर दुर्गेश प्रकाश सक्सेना, प्रभात मिश्रा, गिरिजा किशोर गुप्ता, राहुल गुप्ता, वेद प्रकाश गुप्ता, नरेश मिश्रा, मुरारी लाल गुप्ता, राहुल गुप्ता, सौरभ गुप्ता, गौरव गुप्ता, विजय कुमार गुप्ता, राजेश गुप्ता, विष्णु गुप्ता आदि उपस्थित रहे।

बांके बिहारी के भजनों को सुन रीझे श्रोता

बरेली, अमृत विचार : मॉडल टाउन स्थित श्री सनातन धर्म मंदिर में रजत जयंती महोत्सव के दूसरे दिन शुक्रवार को एक शाम बांके बिहारी के नाम का आयोजन किया गया। श्रीराधा संकीर्तन मंडल ट्रस्ट की ओर से इस अवसर पर भगवान कृष्ण के एक से बढ़कर एक मनमोहक भजन प्रस्तुत किए गए, जिन्हें सुन श्रोता भाव गंगा में डूबते-उतराते रहे। इस दौरान जय श्री कृष्णा और राधा नाम के उद्घोषों से पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा। मंडल के सदस्य अनुज अग्रवाल, दिनेश शर्मा, शिवि चावला, विवेक अग्रवाल, राजू गुलाटी, विजय अग्रवाल आदि ने बांके बिहारी मुझको देना सहारा... हमें भूल न जाना... मेरे प्यार का नाम श्री कृष्णा... आदि भजन सुनाये। जयदीप चांदना, सनी कक्कड़, पुनीत अरोड़ा, अमित पाल, राहुल सेठी, राजीव वर्मा, अजय अरोड़ा आदि उपस्थित रहे।

ओमेगा क्लासेज में नीट की रैंकर टेस्ट सीरीज शुरू

बरेली, अमृत विचार : ओमेगा क्लासेज कोचिंग संस्थान में नीट 2025 के लिए रैंकर टेस्ट सीरीज शुरू हो गई। संस्थान के एमडी मो. कलीमुद्दीन ने बताया कि नीट की तैयारी के लिए यह सीरीज बेहद लाभकारी है। इससे छात्र अपनी कमियों को दूर कर अच्छी तैयारी कर सकते हैं। संस्थान में सभी टेस्ट पेपर नीट पैटर्न पर ही होते हैं। इस बार नीट में संस्थान का प्रदर्शन उत्कृष्ट रहा था। 70 प्रतिशत छात्र सरकारी कॉलेजों में चयनित हुए। उन्होंने बताया कि 24 जून और 10 जुलाई से नए बैच शुरू हो रहे हैं।

डॉ. विधिना पाठक।

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर नाथ नगरी योग में रम गई। जिले भर में सरकारी और गैर सरकारी संस्थानों की ओर से योगाभ्यास शिविरों का आयोजन किया गया। सभी प्रमुख जनप्रतनिधियों और अफसरों के साथ लाखों लोगों ने इनमें हिस्सा लेकर संदेश दिया

कि स्वस्थ जीवन जीने के लिए योग के अलावा कोई और रास्ता नहीं है। प्रदूषित माहौल में अनियमित दिनचर्या और खानपान के खतरे भी काफी हद तक अपनी रोजमर्रा की जिंदगी में योग को अपनाकर कम किए जा सकते हैं।

योग में रमी नाथ नगरी

शहर भर में मना अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस, बरेली कॉलेज में मुख्य कार्यक्रम

ये अफसर-नेता पहुंचे योग करने

एमएलसी हरि सिंह ढिल्लो, मेयर उमेश गौतम, जिला पंचायत अध्यक्ष रश्मि पटेल, विधायक डॉ. डीसी वर्मा, संजीव अग्रवाल, डॉ. राघवेन्द्र शर्मा, सीडीओ जग प्रवेश, प्रभागीय वनाधिकारी दीक्षा भंडारी, एडीएम प्रशासन दिनेश, एडीएम वित्त एवं राजस्व संतोष बहादुर सिंह, एडीएम सिटी सौरभ दुबे, क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी अमरदीप सिंह नायक, डॉ. प्रमेंद्र माहेश्वरी, आर्यवीर योग संस्था, वेदांशी एनर्जी एशोसिएशन, गायत्री परिवार, पंतजलि योग संस्थान, ब्रह्मकुमारी, क्रीड़ा भारती, शिक्षक, शिक्षिकाओं, छात्र-छात्राओं समेत शहर के संभ्रांत नागरिक भी मौजूद रहे।

बरेली कॉलेज में योग करते अफसर-नेता।

योग संस्कृति और परंपरा की अमूल्य देन

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- बरेली कॉलेज में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में बोले वन मंत्री

अमृत विचार : अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर मुख्य कार्यक्रम बरेली कॉलेज में आयोजित किया गया जहां वन मंत्री, विधायक, अपर मुख्य सचिव, डीएम समेत तमाम अधिकारियों ने हजारों लोगों के साथ योग कर निरोगी जीवन जीने का संदेश दिया।

इस दौरान मुख्य अतिथि वन मंत्री डॉ. अरुण कुमार ने कहा कि सभी को योग जरूर करना चाहिए, इससे हम निरोग रहते हैं। योग भारतीय संस्कृति एवं परंपरा की एक अमूल्य देन है जो हमें मानसिक शांति, आत्मविश्वास, मनोबल, संयम और सहनशक्ति देता है। योगासन एक बेहतरीन और निशुल्क इलाज भी हैं। अपर प्रमुख सचिव मनोज कुमार सिंह ने कहा कि इम्युनिटी पावर बढ़ाने के लिए भी योग बहुत महत्वपूर्ण है। डीएम रविंद्र कुमार ने कहा कि पाश्चात्य संस्कृति को अपनाना घातक है। योग दिवस का संदेश है कि हर व्यक्ति सूर्योदय के पहले उठे और अपने जीवन में नियम-संयम को महत्व दे।

योग शिविर में प्रशिक्षकों ने सूक्ष्म व्यायाम, ताड़ासन, भ्रामरी, पवनमुक्तासन, वज्रासन, हलासन, सर्वांगासन, अनुलोम-विलोम और प्राणायम का अभ्यास कराया। इस दौरान 15 से 20 जून के बीच आयोजित रंगोली, स्लोगन, योगाभ्यास, निबंध, भाषण प्रतियोगिताओं के विजयी छात्र-छात्राओं को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित भी किया गया।

रेलकर्मियों और अधिकारियों ने किया योगाभ्यास

बरेली, अमृत विचार : इज्जतनगर मंडल के रेलवे स्पोर्ट्स स्टेडियम में मंडल रेल प्रबंधक रेखा यादव, अपर मंडल रेल प्रबंधक राजीव अग्रवाल आदि को योग प्रशिक्षक डॉ. सुधांशु सिंह, डॉ. निधि सिंह, अमित माहेश्वरी, सानिध्य कुमार सिंह, रचना पटेल, अमरजीत कौर और पूजा गंगवार ने योगाभ्यास करवाया। कार्यक्रम मंडल कार्मिक अधिकारी अभिनव कुमार सिंह के नेतृत्व में संपन्न हुआ।

रुहेलखंड मेडिकल कॉलेज में बारिश के बीच योग

एक घंटे का योगाभ्यास कर देता है शारीरिक-मानसिक तनाव से मुक्त

बरेली, अमृत विचार : बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी के रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के झंडा मैदान में बारिश के बीच लोगों ने खुद को स्वस्थ रखने के लिए योगासन किया। प्रति कुलाधिपति डॉ. अशोक कुमार अग्रवाल ने गायत्री मंत्र से कार्यक्रम की शुरुआत करते हुए कहा कि योग दिवस की थीम स्वयं और समाज के लिए योग, योगाभ्यास के दोहरे फायदों पर जोर देता है। इसमें व्यक्तिगत कल्याण को बढ़ाना और बड़े पैमाने पर समाज में सुधार करना है। उन्होंने अलग-अलग योगासन कराते हुए इसके फायदे भी गिनाए।

उन्होंने बताया कि आज की भाग दौड़ भरी दिनचर्या में अगर हम अपने पूरे दिन से एक घंटा योग को देते हैं तो इसमें वह शक्ति है, जिससे हम खुद से जुड़कर शरीर को पहचानने लगते हैं। इससे हम मानसिक और शारीरिक तनाव से मुक्त हो जाते हैं। डॉ. विदिना, डॉ. नीतू और छात्र-छात्राओं ने सामूहिक योग नृत्य किया। इस दौरान यूनिवर्सिटी की प्रति कुलपति डॉ. किरण अग्रवाल, कुलसचिव डॉ. सुशील कुमार ठाकुर, परीक्षा नियंत्रक डॉ. एचके प्रेमी, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के प्राधानाचार्य डॉ. दिग्विजय सिंह, इंस्टीट्यूट ऑफ डेंटल साइंस के प्रधानाचार्य डॉ. सत्यजीत नायक, वरिष्ठ कैंसर सर्जन डॉ. अर्जुन अग्रवाल, डॉ. चीना गर्ग, डॉ. मधुसूदन आस्टेकर, डॉ. शिवलिंगेश केके, प्रशासनिक अधिकारी डेंटल कॉलेज चन्द्रशेखर कांडपाल, वरिष्ठ प्रशानिक अधिकारी तसलीम खान आदि मौजूद रहे।

दैनिक जीवन का हिस्सा होना चाहिए योग

बरेली, अमृत विचार : इनर स्माइल केयर ग्रुप के निदेशक एवं लाइफ आर्ट एक्सपर्ट विशेष कुमार ने भी योग कर लोगों को इसके प्रति प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि योग को प्रतिदिन अपने जीवन का हिस्सा बनाना पड़ेगा।

ऑनलाइन शपथ :रुविवि तीसरे स्थान पर

बरेली, अमृत विचार : विश्व योग दिवस पर 12 से 18 जून तक सर्वाधिक 2 लाख 11 हजार, 805 ऑनलाइन शपथ ग्रहण कराकर रुहेलखंड विश्वविद्यालय प्रदेश में तीसरे स्थान पर रहा है। प्रदेश के विश्वविद्यालयों ने कुल 26 लाख 22 हजार 467 ऑनलाइन शपथ ग्रहण कराईं। शुक्रवार को राजभवन में गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकार्ड की टीम ने इसे रिकार्ड में दर्ज किया। एक लाख से अधिक शपथ ग्रहण कराने वाले विश्वविद्यालयों को राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। विश्वविद्यालय से प्रो. एसके पांडेय, प्रो. संजय गर्ग, प्रो. आलोक श्रीवास्तव, डॉ. अमित सिंह और डॉ. नीरज कुमार मौजूद रहे।

कुलपति और कुलसचिव ने किया योग

बरेली, अमृत विचार : रुहेलखंड विश्वविद्यालय के स्पोर्ट्स स्टेडियम में योग शिविर में कुलपति प्रो. केपी सिंह, कुलसचिव संजीव कुमार समेत अन्य अधिकारियों, शिक्षकों और कर्मचारियों ने योग किया। योग शिक्षक धर्मेन्द्र शर्मा ने अभ्यास करने से होने वाले लाभों के बारे में बताया।

जुर्माना अदा कर कैदी को रिहा कराया

बरेली, अमृत विचार : योग दिवस पर केन्द्रीय कारागार-दो बरेली में हत्या के प्रयास में बंद कैदी को जेल प्रशासन ने जुर्माना जमा कर रिहा कराया। वरिष्ठ जेल अधीक्षक विपिन मिश्रा ने बताया कि फतेहगंज पश्चिमी के गांव पिठुपुरा के जितेंद्र को पांच साल की सजा और 15 हजार रुपये का जुर्माना हुआ था। जितेंद्र ने सजा पूरी कर ली थी, जुर्माना न भर पाने के कारण उन्हें एक साल की सजा और काटनी थी।

योगेश्वर बाबा बटुकनाथ की हुई प्राण प्रतिष्ठा

बरेली, अमृत विचार : योग दिवस पर सिद्धयोग शक्ति दरबार ट्रस्ट में बाबा बटुकनाथ की प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा गुरुदेव गोविंद एवं गुरुमाता आस्था ने कराई। गोविंद ने कहा कि बाबा बटुक कलयुग के देवता हैं और वह साक्षात शिव हैं और बाल रूप में प्रकट हुए हैं। डॉ. कमल किशोर मेहरोत्रा, रिचा मेहरोत्रा, अंशिका अग्रवाल, उत्कर्ष अग्रवाल, स्वाति अग्रवाल शर्मा आदि मौजूद रहे।

कुसुम कुमारी कॉलेज में योग शिविर

बरेली, अमृत विचार : कुसुम कुमारी बालिका इंटर कॉलेज में यूपी संस्कृत संस्थान की ओर से त्रैमासिक योग शिविर में छात्राओं और शिक्षकों को योग के बारे में बताया गया। अध्यक्ष यशवीर सक्सेना, प्रबंधक निर्मल शर्मा, प्रधानाचार्य फरहत रागिब, योग प्रशिक्षक राजवती, निदेशक विनय श्रीवास्तव, धर्मेन्द्र, वंदना वर्मा, नेहा कटियार आदि मौजूद रहे।

एयरफोर्स स्टेशन में जवानों ने किया योग

बरेली, अमृत विचार : एयरफोर्स स्टेशन के इनडोर खेल परिसर में जवानों ने उनके परिजनों के साथ किया। सभी को योग का महत्व भी बताया गया।

मेगा ड्रीम होम अपार्टमेंट में किया योग

बरेली, अमृत विचार : मेगा ड्रीम होम अपार्टमेंट फेस-3 कमेटी की ओर से आयोजित शिविर में ओम आरोग्य मंत्र की योगाचार्य अंजलि बिल्टोरिया ने योगासन कराए। इस दौरान अनिरूद्ध, वर्चस्वी, दिलीप महरोत्रा, उमा महरोत्रा, रूचि, यशपाल, सुनील, संजय पाल, शालिनी, अश्वी, अर्चना सिंह, आव्या, हिमांशी, नाव्या, रानी अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

सीएआरआई में शिविर में किया योग

बरेली, अमृत विचार : केंद्रीय पक्षी अनुसंधान संस्थान (सीएआरआई) में शिविर में योगाचार्य डॉ. अमिताभ मिश्रा, मीना और आरसी पंत योगासन कराया। संस्थान के निदेशक डॉ. अशोक कुमार तिवारी, डॉ. जगबीर सिंह त्यागी, डॉ. संदीप सरन, डॉ. जयदीप रोकड़े, लाल बहादुर गुर्जर, कैलाश चंद, कपिल शर्मा, जयदीप अरोड़ा, सत्यपाल शर्मा आदि मौजूद रहे।

स्कूल में शिक्षकों ने बच्चों के साथ मनाया योग दिवस

बरेली, अमृत विचार : मुड़िया जागीर के उच्च प्राथमिक स्कूल में शिविर में प्रधानाध्यापक मो. हसन ने योग के महत्व के बारे में बताया। इस दौरान शैली जौहरी, रचना सक्सेना, मिथिलेश गंगवार, धर्मवीर गंगवार आदि लोग उपस्थित रहे।

एसआरएमएस ट्रस्ट के संस्थानों में किए योगासन

बरेली, अमृत विचार : श्रीराम मूर्ति स्मारक ट्रस्ट के सभी शैक्षिक संस्थानों में योगाभ्यास कराया गया। प्रिंसिपल एयर मार्शल (सेवानिवृत) डॉ. एमएस बुटोला ने योग सत्र का नेतृत्व किया। डॉ. वंदना नेगी, डॉ. नमृता सिंह, एचआर मैनेजर अजीत सक्सेना ने छात्रों के साथ योग किया। सीईटीआर के प्राचार्य डॉ. एलएस मौर्य, चीफ प्रॉक्टर डॉ. सोवन मोहंती, डॉ. सतेंद्र सिंह, डॉ.नीता यादव, शंकर पाल आदि उपस्थित रहे।

योग की विभिन्न मुद्राओं का दिया प्रशिक्षण

बरेली, अमृत विचार : ऑल इंडिया रियल फॉर कल्चरल सोसायटी की ओर से रोडवेज स्थित सभागार में योग दिवस पर संस्थापक डॉ. रजनीश सक्सेना के नेतृत्व और संरक्षक सीएल शर्मा और अनुपम कपूर के सरंक्षण में गोष्ठी हुई। इस दौरान सुनयना स्पेन्सर के निर्देशन में योग की विभिन्न मुद्राओं का प्रशिक्षण दिया गया। इस अवसर पर संजीव अवस्थी, रमेश अग्रवाल, जेआर गुप्ता, नीरज शर्मा, सुशील कुमार खंडेलवाल, केशव गुप्ता, सुनील शर्मा, इंद्रदेव त्रिवेदी आदि उपस्थित रहे।

जिला गंगा समिति ने चौबारी घाट पर किया योग

बरेली, अमृत विचार : जिला गंगा समिति बरेली की ओर से रामगंगा चौबारी घाट पर योग शिविर आयोजित किया गया। इसमें जिला परियोजना अधिकारी नागेंद्र कुमार निषाद, योगाचार्य नमिता खरे, एसडीओ फॉरेस्ट कमल कुमार, अपूर्वा पांडेय, बीडीओ ओमप्रकाश, डीपीआरओ धर्मेंद्र कुमार, आरसी डीपीओ रेखा गुप्ता, अखिलेश सिंह, गंगा समग्र के महानगर सह संयोजक कुलदीप गौड़, अरविंद मौर्य, लाल बहादुर सिंह, आर्यन सिंह आदि उपस्थित रहे।

अमृत विचार
सूचना
प्रिय पाठक,
यदि आपका अपना प्रिय अखबार "अमृत विचार" मिलने या शुरू करने में कोई असुविधा हो रही हो तो निम्न नम्बर पर हमें सम्पर्क करें।
मो. : 9149383028, 8171573817
8218557116, 9627606999, 7017495144
9410632807
पढ़ते रहिये "अमृत विचार" सिर्फ ₹ 5/-

योग करतीं जिला पंचायत अध्यक्ष रश्मि पटेल।

आयुर्वेदिक कॉलेज में आयोजित की योगासान की प्रतियोगिता

बरेली, अमृत विचार : एसआरएम राजकीय आयुर्वेदिक कॉलेज एवं चिकित्सालय में सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रम में मुख्य अतिथि बिथरी चैनपुर विधायक डॉ. राघवेंद्र शर्मा ने योग दिवस के बारे में बताया। प्राचार्य प्रो. डीके मौर्य ने बताया प्रतियोगिताओं में योगासन में दिव्या गुप्ता पहले, मोनिका दूसरे और आशु तीसरे स्थान पर रहीं। डॉ. अतुल कुमार, डॉ. संतोष कुमार, डॉ. रिंकी को उत्कृष्ट पुरस्कार दिया गया। कार्यक्रम में डॉ. शांतुल गुप्ता आदि मौजूद रहे।



एडीजी, आईजी एसएसपी ने भी किया योगाभ्यास

बरेली, अमृत विचार : पुलिस लाइन स्थित परेड ग्राउंड में एडीजी पीसी मीना, आईजी डॉ. राकेश सिंह, एसएसपी घुले सुशील चंद्रभान आदि ने योगाभ्यास किया। इस मौके पर एसपी उत्तरी मुकेश चन्द मिश्रा, एसपी क्राइम मुकेश प्रताप सिंह, सीओ नवाबगंज समेत अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

Bareilly International University
Dental College Campus, Pilibhit Bypass Road, Bareilly
REQUIREMENT
Accountant (04)
Fresher may apply.
Qualification - B. Com, M. Com, CA trainee
CA drop candidate, CA intermediate.
Basic knowledge of Accounting software is must.
Contact Number/WhatsApp - 9568131000

हर आयु के लोग कर सकते हैं योग

बरेली, अमृत विचार : आईएमए के डॉक्टरों एवं जेंट्स ग्रुप ऑफ बरेली के सदस्यों ने आईएमए भवन में योग दिवस मनाया। आईएमए अध्यक्ष डॉ. राजीव गोयल ने कहा कि योग किसी भी उम्र के लोग कर सकते हैं। योग गुरु डॉ. सुविधा मेहर, डॉ. सुजाता खंडेलवाल, डॉ. रुचि श्रीवास्तव, डॉ. पारुल प्रिया, डॉ. विम्मी होरा ने योग के फायदे और सही तरीके बताये। आईएमए सचिव डॉ. गौरव गर्ग, कोषाध्यक्ष डॉ. निकुंज गोयल, प्रेसिडेंट इलेक्ट डॉ. आरके सिंह, डॉ. राजकुमारी मित्तल, डॉ. प्रमेंद्र माहेश्वरी, जेंट्स ग्रुप के अध्यक्ष पुनीत सक्सेना, अभय जसोरिआ, अजय अग्रवाल आदि उपस्थित रहे।

कृतिका कॉलेज में योग

बरेली, अमृत विचार : कृतिका आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज में चेयरमैन डॉ. केपी गंगवार ने योगाभ्यास कराया। निदेशक नितेश राणा, प्राचार्य डॉ. संजय श्रीवास्तव, डॉ. अंकित, डॉ. चांडक, डॉ. विवेक, डॉ. सोहित, डॉ. प्रशांत, डॉ. प्रेम सिंह व मोहसिन कमाल आदि उपस्थित रहे।

केशलता स्कूल में योग और प्रतियोगिताएं

बरेली, अमृत विचार : केशलता कॉलेज/स्कूल ऑफ नर्सिंग और अस्पताल में शिक्षकों और छात्रों को आचार्य ऋतु अग्रवाल ने योग अभ्यास कराया। बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी के कुलाधिपति डॉ. केशव कुमार अग्रवाल ने योग से होने वाले लाभ के बारे में समझाया। निबंध लेखन, पोस्टर आदि प्रतियोगिताओं के विजेताओं को कुलपति डॉ. लता अग्रवाल, गोपाल अग्रवाल और देवेंद्र खंडेलवाल ने प्रमाण पत्र वितरित किए। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. प्रतिभा मनोहरम बी, उप प्राचार्य डॉ. अनीता गोटलिव, डॉ. अरविंद जांगिड़, डॉ. पंकज मिश्रा, डॉ. ऋषभ कुमार, नितिन सहाय, सोनी पांगती, पवन कुमार, आशीष सिंह, हिमांशु पाल आदि उपस्थित रहे।

धार्मिक पुस्तक के पेज जलाने पर हंगामा

थाना किला में देर रात तक चली पंचायत, पुलिस ने आरोपी के खिलाफ दर्ज की रिपोर्ट

कार्यालय संवाददाता, बरेली

अमृत विचार : किला क्षेत्र के बाकरगंज में इस्लामिक धार्मिक पुस्तक जलाने से नाराज लोगों ने बाकरगंज पुलिस चौकी में हंगामा किया। इसका वीडियो भी वायरल हुआ है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी को हिरासत में ले लिया है।

पुलिस ने एक व्यक्ति को हिरासत में लिया। देर रात मामले में आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट भी दर्ज कर ली गई। बाकरगंज ईदगाह कमेटी के पदाधिकारी खलील अहमद पर आरोप है कि उन्होंने इस्लामिक धार्मिक पुस्तक के पेज जलाए हैं। बाकरगंज ईदगाह के बुजुर्ग के मुताबिक जिस पुस्तक के पेज खराब हो जाते हैं, उन्हें कर्बला में दफना दिया जाता है, लेकिन पदाधिकारी ने इन्हें दफनाने के बजाय आग लगा दी। उनकी इस हरकत से नाराज लोग चौकी में हंगामा करने पहुंचे। आला हजरत के संगठन जमात रजा-ए-मुस्तफा के प्रतिनिधिमंडल के सदस्य भी पुलिस चौकी पहुंच गए। खलील ने अफसोस जताते हुए माफीनामा दिया। रात में समझौते की कोशिश हुई लेकिन बाद में हुसैन बाग निवासी अब्दुल करीम की तहरीर पर पुलिस ने खलील अहमद के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली।

किला में धार्मिक पुस्तक जलाने के बाद हंगामा करने वालों को हटाती पुलिस।

> कुरान के पेज जलाने को लेकर विवाद हुआ था। एक युवक को हिरासत में लिया गया था। मामले में रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। -**हरेन्द्र सिंह**, थाना प्रभारी किला,

धार्मिक पुस्तक जलाने की सूचना पर जमा हुई भीड़। ● अमृत विचार

टीम करेगी जांच

जमात रजा ए मुस्तफा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सलमान मियां दोनों पक्षों को बुलाकर सुना जा रहा है। कुछ लोगों का कहना कि जानकर यह हरकत नहीं की गई। एक टीम गठित की गई है जो पूरे मामले की जांच करेगी। काजी ए हिंदुस्तान असजद मियां और अन्य उलमा के समक्ष यह मामला रखा जाएगा, जिसके बाद संगठन की तरफ से कोई फैसला लिया जाएगा।

आईटीआर से बॉयलर चोरी के मामले में भी दरोगा ने लगा दी थी फाइनल रिपोर्ट

बरेली, अमृत विचार : 10 हजार रुपये की रिश्वत लेने के मामले में निलंबित सीबीगंज थाने के दरोगा रत्नेश कुमार पहले भी खेल कर चुके हैं। दरोगा ने इंडियन टरपेंटाइन एंड रोजिन फैक्ट्री (आईटीआर) से दो विदेशी बॉयलर (लंकाशायर) गायब होने के मामले में फाइनल रिपोर्ट लगा दी थी।

इस मामले में विजिलेंस जांच के बाद सिटी मजिस्ट्रेट ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी लेकिन दरोगा ने जांच को ही तथ्यहीन बता दिया था। सुप्रीम कोर्ट में विशेष याचिका दायर होने पर विजिलेंस जांच कराई गई थी। शासन के निर्देश पर फरवरी 2020 में तत्कालीन सिटी मजिस्ट्रेट मदन कुमार ने सुपीरियर इंडस्ट्रीज का स्थलीय निरीक्षण किया और उन्होंने भी वहां ये बॉयलर लगे होने की पुष्टि की थी। हाईप्रोफाइल मामले में रिपोर्ट दर्ज होने के बाद सीबीगंज पुलिस ने इसे ठंडे बस्ते में डाल दिया।

सबसे पहले इस मामले की विवेचना एसआई बालिस्टर त्यागी ने की। उनके बाद एसआई जावेद अली, कोकिल सिंह और फिर विधिन कुमार ने विवेचना की। इसके बाद विवेचना एसआई रत्नेश कुमार ने की लेकिन फाइनल रिपोर्ट लगा दी थी।

एसपी के यहां बयान दर्ज कराने नहीं पहुंचे दोनों सीओ

बरेली, अमृत विचार : भ्रष्टाचार के आरोपों में घिरे सीओ लाइन प्रियतोष त्रिपाठी और सीओ मीरगंज दीपशिखा अहिवरन शुक्रवार को एसपी दक्षिणी मानुष पारीक के पास बयान दर्ज कराने नहीं पहुंचे। दोनों को एसपी ने नोटिस दिया था। सीओ लाइन पर जीपी स्टोर इंचार्ज रहे हेड कॉन्स्टेबल धर्मेंद्र कुमार ने मुफ्त में एसी लगवाने और होम थियेटर खरीदवाने का आरोप लगाया है। वहीं सीओ मीरगंज पर ईंट भट्ठा मालिक ने दो लाख रुपये न देने पर ट्रैक्टर-ट्राली और जेसीबी सीज करने के आरोप लगाए हैं।

नदियों का सीमांकन और जीर्णोद्धार की तैयारी

बरेली, अमृत विचार : प्रशासन ने नदियों का सीमांकन और जीर्णोद्धार कराने की तैयारी शुरू की है। जिलाधिकारी रविंद्र कुमार ने पौधरोपण के साथ ही जल संचयन के लिए भी प्रयास शुरू कर दिए हैं। उन्होंने प्रभागीय वनाधिकारी, एसडीएम, उपायुक्त मनरेगा और डीपीआरओ को इस संबंध में निर्देश जारी किए हैं। इसके लिए तहसील स्तर पर कमेटी का गठन भी किया गया है। कमेटी में एसडीएम, खंड विकास अधिकारी, उप प्रभागीय वनाधिकारी, अधिशासी अभियंता सिंचाई विभाग शामिल हैं।

डीएम ने राजस्व और सिंचाई विभाग को टीम बनाकर जल्द से जल्द सीमांकन शुरू कराने के निर्देश दिए हैं। बीडीओ से कहा है कि खाली स्थानों पर गड्ढा और खाई खोदाई शुरू करा दें। डीएम ने कहा है कि राजस्व और सिंचाई विभाग की टीम नदी की भूमि का चिह्नांकन कर अवैध कब्जे को हटाने के लिए पुलिस की मदद लेगी।

जंक्शन पर पर्स चोरी करते दो महिलाओं समेत तीन दबोचे

बरेली, अमृत विचार : जंक्शन जीआरपी थाना पुलिस ने ट्रेनों के अंदर चोरी करने के मामले में दो महिलाओं समेत तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। तीनों ने शुक्रवार को भी एक महिला का पर्स चोरी करने की कोशिश की थी।

बरेली जंक्शन पर शुक्रवार को हरदोई के शाहबाद निवासी मोहिद अहमद पत्नी और बच्चों के साथ उतरे थे। वह यहां पर दवा लेने के लिए आए थे। उनकी पत्नी के पास मौजूद हैंड बैग के अंदर एक छोटा पर्स था। चोर गैंग ट्रेन से उतरते ही उनके पीछे लग गया और स्वचलित सीढ़ियों के पास बैग से छोटा पर्स निकाल लिया। उसमें 2300 रुपये थे। मोहिद की पत्नी ने पर्स चुराते हुए दो महिलाओं और एक युवक को पकड़ लिया और जीआरपी के हवाले कर दिया गया। सीसीटीवी में महिलाएं चोरी करती नजर आईं। जीआरपी इंस्पेक्टर अजीत प्रताप सिंह ने बताया कि चोरों की पहचान लता, निशानी और अभिषेक के रूप में हुई है।

प्रवेश प्रारम्भ

बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली

बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ फार्मेसी

फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त

- डी. फार्मा (2 वर्षीय)
- एम. फार्मा (फार्मास्यूटिक्स) (2 वर्षीय)
- बी. फार्मा (4 वर्षीय)
- एम. फार्मा (फार्माकोलॉजी) (2 वर्षीय)

रोहिलखंड कॉलेज ऑफ फार्मेसी

फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त

- डी. फार्मा (2 वर्षीय)
- बी. फार्मा (4 वर्षीय)

रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल कैंपस, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली (उत्तर प्रदेश)

केशलता कॉलेज ऑफ फार्मेसी

फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त

- डी. फार्मा (2 वर्षीय)

मो. 9457672942

केशलता हॉस्पिटल कैंपस, डेलापीर रोड, बरेली (उत्तर प्रदेश)

बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट

- एम.एच.ए. (2 वर्षीय)
- एम.पी.एच. (2 वर्षीय)

रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल कैंपस, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली

For Registration : Online - www.biu.edu.in, offline - Admission Cell Administrative Block, BIU (9105500202), E-mail : repsbareilly@gmail.com, bareillyrcps@gmail.com

प्रवेश हेतु संपर्क करें :-

डॉ. आशीष शर्मा (9105500202) श्रीमती रिचा गुप्ता (9105500404) योगेन्द्र सिंह (9760578366)

स्त्रीधन कब्जाने के आरोपी पति को दो वर्ष की कैद

विधि संवाददाता, बरेली : पत्नी के गहने आदि स्त्रीधन को कब्जाकर घर से निकाल देने के मामले में न्यायिक मजिस्ट्रेट अरोमा रमन पाईसेस ने पति पंकज सक्सेना को दो वर्ष कैद की सजा सुनाई। कोर्ट ने 10 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया।

बीडीए कॉलोनी प्रेमनगर निवासी ज्योत्सना सक्सेना ने वर्ष 2014 में पति के खिलाफ अदालत में परिवाद दर्ज कराया था। उनका विवाह 11 दिसम्बर 2012 को थाना प्रेमनगर के इन्द्रानगर निवासी पंकज के साथ हुआ था। शादी में परिजनों ने पांच लाख रुपये से अधिक का दहेज दिया था। आरोप था कि पति पंकज ने समस्त स्त्रीधन को अपने कब्जे में रखकर उन्हें 8 जून 2013 को घर से निकाल दिया।

झारखंड के अफीम तस्कर की जमानत अर्जी निरस्त

विधि संवाददाता, बरेली : झारखंड के हजारीबाग के गांव बीघा निवासी अफीम तस्कर विकास कुमार भुईयां की जमानत अर्जी अपर सत्र न्यायाधीश पशुपति नाथ मिश्रा ने खारिज कर दी। शासकीय अधिवक्ता आशुतोष दुबे ने अर्जी का विरोध करते हुए तर्क दिया कि आरोपी के कब्जे से एक किलो 100 ग्राम और सह अभियुक्त रईस अहमद के पास से दो किलो 700 ग्राम अफीम बरामद हुई है। दोनों जमानत मिलने पर फिर इस अपराध में शामिल हो जाएंगे। उन्होंने फरार होने की आशंका व्यक्त की। सुभाषनगर थाना पुलिस ने 9 मई को बदायूं रोड पुल के पास मुखबिर की सूचना पर आरोपी को दबोचा था।

मां ने खेत पर काम करने को कहा तो किशोरी घर छोड़कर आ गई

बरेली, अमृत विचार : अलीगढ़ पैसेंजर में गुरुवार शाम एक महिला को 15 वर्षीय किशोरी रोते हुए मिली। महिला ने बरेली जंक्शन बच्ची को जीआरपी के सुपुर्द किया। इसके बाद उसे रेलवे चाइल्ड लाइन के सुपुर्द किया गया। किशोरी ने बताया कि वह अलीगढ़ के अतरौली तहसील की रहने वाली है। घर में मां अक्सर उसकी खूब पिटाई करती हैं। मां उस पर खेत में काम करने का दबाव बनाती हैं लेकिन उसे खेत में काम करना बिल्कुल पसंद नहीं। बुधवार को मां ने पीटा तो ट्रेन में बैठ गई। रेलवे चाइल्ड लाइन की सदस्य दिव्या कठेरिया ने बताया शुक्रवार को किशोरी को परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया है।

जिला अस्पताल की आईपीडी में बढ़े मरीज

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- विभागीय रिपोर्ट के अनुसार अस्पताल में भर्ती होने वाले मरीजों की संख्या पिछले साल से बढ़ी

अमृत विचार: जिले में भीषण गर्मी का प्रकोप जारी है। तीन माह से गर्मी के चलते लोग बेहाल नजर आ रहे हैं। ऐसे मौसम में हर साल जिला अस्पताल की ओपीडी पर काफी भीड रहती है। इस बार ओपीडी में मरीजों की संख्या घटी है, जबकि विभागीय रिपोर्ट के अनुसार मार्च से मई तक आईपीडी यानी भर्ती होने वाले मरीजों की संख्या में पिछले साल की तुलना में बढ़ोतरी दर्ज की गई है। हालत यह है कि जिला अस्पताल के सारे वार्ड, सारे बेड फुल चल रहे हैं।

क्या कहती है विभाग की रिपोर्ट : विभागीय रिपोर्ट के अनुसार वर्ष 2023 में मार्च से मई तक ओपीडी में कुल 1 लाख 29 हजार 218 मरीजों का इलाज किया गया। वहीं वर्ष 2024 में मार्च से मई तक 1 लाख 13 हजार 639 मरीज ही ओपीडी में पहुंचे। अब आईपीडी यानि भर्ती होने वाले मरीजों के आंकड़े पर नजर डालें तो वर्ष 2023 में मार्च से मई तक भर्ती होने वाले मरीजों की संख्या कुल 6 हजार 623 रही, जबकि वर्ष 2024 में मार्च से मई तक यह आंकड़ा पिछले साल की अपेक्षा बढ़ोतरी दर्ज करते हुए 7 हजार 633 तक पहुंच गया। अधिकारियों द्वारा जून में यह आंकड़ा 9 हजार के करीब पहुंचे की संभावना जताई जा रही है।

बुखार, डायरिया ने बढ़ाया ग्राफ, बढ़ाने पड़े बेड

जिला अस्पताल की एडीएसआईसी डॉ. अलका शर्मा ने बताया कि हर वर्ष मार्च से जुलाई के अंत तक भीषण गर्मी के चलते डायरिया, बुखार त्वचा समेत अन्य रोगों के मरीज बढ़ते हैं, लेकिन इस वर्ष आईपीडी के मरीजों की संख्या बढ़ने का मुख्य कारण हीट एग्जॉशन भी रहा है। इसके चलते मई के आरंभ में ही अस्पताल के सभी 326 बेड फुल हो गए थे, जिसके बाद 26 अतिरिक्त बेड भी बढ़ाने पड़े थे।

जेआरसी में लगाया गया योग शिविर

बरेली, अमृत विचार : जाट रेजिमेंट सेंटर में योग दिवस पर लोगों को योग की महत्ता के विषय में बताया गया। सब ने मिलकर विभिन्न आसनों का अभ्यास किया। कार्यक्रम में बरेली मिलिट्री स्टेशन के सभी शीर्ष अधिकारी, महिलाएं, बच्चे, सिविल डिफेंसकर्मी व सैनिकों ने उत्साह के साथ भाग लिया।

भूतपूर्व सैनिकों ने किया योग अभ्यास

बरेली, अमृत विचार : गौरव सेनानी सेवा समिति की ओर से कृष्णा नगर में आयोजित योग कार्यक्रम में मुख्य अतिथि भारत-तिब्बत सहयोग मंच के ब्रज प्रांत अध्यक्ष शैलेंद्र विक्रम और विशिष्ट अतिथि कैप्टन उमेश राठौर ने योग की महत्ता के बारे में बताया। राष्ट्रीय सचिव सूबेदार शिशुपाल मौर्य, प्रदेश अध्यक्ष सूबेदार मेजर एससी गुप्ता, कैप्टन आरआर पाल, कैप्टन झाझंन लाल पाल, सूबेदार महाराज सिंह, सूबेदार मेजर राम सिंह, बाबू सिंह, आरएल शर्मा आदि उपस्थित रहे।

सरस्वती वंदना के साथ हुआ योगाभ्यास

बरेली, अमृत विचार : कॉम्पिटेंट पब्लिक स्कूल में योग शिविर में पीटीआई पूरेंदु त्रिपाठी और पंकज यादव ने लोगों को योग की विभिन्न मुद्राओं का अभ्यास करवाया। मुख्य अतिथि विपिन अग्रवाल, बीना अग्रवाल, प्रधानाचार्य डॉ. आरए शर्मा, नूतन सिंह, आदित्य कुमार, अलसिफा मलिक आदि उपस्थित रहे।

योग के माध्यम से दिया निरोग रहने का संदेश

बरेली, अमृत विचार : भारतीय पशु चिकित्सा अनुसंधान संस्थान में योग दिवस पर संयुक्त निदेशक डॉ. एसके मेंदीरत्ता ने कहा कि स्वस्थ जीवनशैली के लिए हम सबको योग को अपनाना चाहिए। भारती योग संस्थान बरेली के योगाचार्य बृहमानंद भारती ने योग अभ्यास करवाया। डॉ. नीरव कोहरवाल, डॉ. प्रवीण कुमार, डॉ. एके वर्मा, डॉ. अभिजीत पावडे, डॉ. एलसी चौधरी, डॉ. एआर सेन, डॉ. सत्यवीर सिंह मलिक, संजीवन प्रकाश व अश्वनी कुमार आदि उपस्थित रहे।

मानव सेवा क्लब ने लगाया योग शिविर

बरेली, अमृत विचार : मानव सेवा क्लब की ओर डीडीपुरम स्थित पार्क में योग शिविर में प्रशिक्षक मंजू लता सक्सेना ने योगाभ्यास कराया। क्लब के अध्यक्ष सुरेंद्र बीनू सिन्हा ने कहा कि नियमित योग से शरीर निरोग रहता है। महासचिव सत्येंद्र सक्सेना, शकुन सक्सेना, अखिलेश कुमार, ब्रजेश सक्सेना, विजय कपूर, प्रीति सक्सेना, किरन, वेदप्रकाश, प्रकाश चंद्र, अरुणा सिन्हा, स्वाति, सुनील कुमार शर्मा, सुधीर मोहन आदि मौजूद रहे।

श्रीरामचंद्र मिशन के केंद्र पर हुआ योगाभ्यास

बरेली, अमृत विचार : श्री रामचंद्र मिशन के हार्टफुलनेस केंद्र परसाखेड़ा आश्रम में योग ट्रेनर हेमचंद्र गंगवार और पीसी पाठक ने योग करवाया। इसके बाद युवा प्रशिक्षक रॉबिन ने मेडिटेशन करवाया। इस अवसर पर केंद्रीय समन्वयक बी एस राठौर, ट्रेनर दीप सक्सेना, विमला गुप्ता, अनिल कुमार, रमेश गुप्ता, रमा पाठक व नीलिमा सक्सेना आदि उपस्थित रहे।

स्वच्छ सर्वेक्षण के लिए सलीम सुब्हानी एंबेसडर नामित

बरेली : नगर निगम ने एकता समाज सेवा समिति के अध्यक्ष सलीम सुब्हानी को स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 के लिए नगर निगम का स्वच्छ ब्रांड एंबेसडर नामित किया है। परिसर में आयोजित कार्यक्रम में मेयर डॉ. उमेश गौतम और नगर आयुक्त निधि गुप्ता वत्स ने उन्हें मनोनयन पत्र प्रदान किया। इस अवसर पर मेयर ने कहा कि सलीम सुब्हानी से उम्मीद है कि 2022 की तरह इस बार भी वह अपना पूरा सहयोग नगर निगम प्रशासन को देंगे। पर्यावरण संरक्षण व ठोस कचरा प्रबंधन के लिए लोगों को जागरूक करेंगे। इस दौरान चिल्ड्रन पार्क में पौधरोपण भी किया गया।

चुनाव में कार्यकर्ताओं ने पूरी निष्ठा और ईमानदारी दिखाई

शहर विधानसभा क्षेत्र के कार्यकर्ता सम्मेलन में मौजूद भाजपा नेता। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- शहर विधानसभा क्षेत्र कार्यकर्ता सम्मान समारोह में बोले वन मंत्री

अमृत विचार : वन मंत्री डॉ. अरुण कुमार ने कहा चुनाव में एक-एक कार्यकर्ता ने पूरी निष्ठा और ईमानदारी से काम किया है। वह शहर विधानसभा के एक-एक कार्यकर्ता को बधाई देते हैं। यह बातें उन्होंने शुक्रवार रात सुरेश शर्मा नगर में एक लॉन में आयोजित शहर विधानसभा क्षेत्र के कार्यकर्ता सम्मान समारोह में कहीं।

इस मौके पर कलस्टर प्रभारी सुरेश राणा ने कहा कि सभी कार्यकर्ताओं ने जी जान लगाकर चुनाव लड़ाया है। सांसद छत्रपाल गंगवार ने कहा कि भीषण गर्मी के बावजूद कार्यकर्ताओं ने जिस तरह से चुनाव में मेहनत की, इससे वे बधाई के पात्र हैं। लोकसभा प्रवासी देवेंद्र सिंह चौधरी कहा कि सभी कार्यकर्ताओं की मदद से ही केंद्र में तीसरी बार सरकार बनी है। मेयर उमेश गौतम ने कहा कार्यकर्ताओं ने लोगों के घरों में मतदाताओं को बूथों तक पहुंचाने में सहयोग किया है, जो सराहनीय है। महानगर अध्यक्ष अधीर सक्सेना, विधानसभा संयोजक अनिल कुमार ने सभी का आभार व्यक्त किया। संचालन महानगर महामंत्री प्रत्तेश पांडेय ने किया।

इस दौरान गुलशन आनंद, पूरनलाल लोधी, राजकुमार शर्मा, बंटी ठाकुर, शीतल गुलाटी, योगेंद्र शर्मा, राजीव गुप्ता, प्रवेश वर्मा, संजीव शर्मा, विपिन भास्कर, पुष्पेंद्र पटेल, शालिनी जौहरी, राजीव कश्यप, विक्रम सिंह, ज्ञान प्रकाश लोधी, विक्रम शर्मा, मनोज कपूर, वीरेंद्र अरोड़ा, डॉ. विनोद पागरानी समेत सभी पार्षद मौजूद रहे।

हास्य नाटक शिवायु ने दर्शकों को खूब गुदगुदाया

बरेली, अमृत विचार: खुशहाली चैरिटेबल ट्रस्ट सभागार में चल रहे 15 दिवसीय थिएटर फेस्ट में शुक्रवार को शिवायु नाटक का मंचन किया गया। ड्रामेटिक सोसाइटी दिल्ली की इस प्रस्तुति का लेखन व निर्देशन आयुष चंद्र ने किया। नाटक में रामेश्वर ओर मालती एक साधारण परिवार की तरह अपनी जिंदगी जी रहे होते हैं। अचानक एक दिन घर मे घुसे चोर के कारण परिस्थितियां हास्यास्पद रूप से बदल जाती हैं।

पकड़े जाने पर चोर पुलिस से बचने के लिए दंपती को अपनी बातो में फंसा कर इस बात के लिए राजी कर लेता है कि वो उसके नकली मां-बाप बन जाएं। बस यहीं से हालात कुछ ऐसे बनते हैं कि दर्शक हंसने पर मजबूर हो जाते हैं। दंपती के कोई औलाद नहीं है। हालात के चलते दोनों चोर को अपने बेटे की तरह ही प्यार करने लगते हैं। मालती और रामेश्वर का प्रेम, चोर को अच्छा इंसान बनने पर मजबूर कर देता है। थिएटर फेस्ट का संयोजन शैलेंद्र कुमार ने किया। इससे पूर्व डॉ. विनोद पागरानी और डॉ. दीपक गंगवार ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम आरंभ किया। शालिनी गुप्ता, शुभि, सुशील, मोहित, अजय गौतम, सचिन श्याम भारतीय, महेंद्र पाल राही का विशेष सहयोग रहा।

प्रवेश प्रारम्भ

बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली

फैकल्टी ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज

उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त

- बैचलर इन मेडिकल लेबोरेटरी साइंस (बी.एम.एल.एस.) (3 वर्षीय)
- बैचलर इन फिजियोथिरेपी (बी.पी.टी.) (4 वर्षीय)
- बैचलर ऑफ आप्टोमेट्री (बी. आप्टम) (3 वर्षीय)
- बैचलर इन मेडिकल रेडियोलॉजिक इमेजिंग टेक्नॉलॉजी (बी.एम.आर.आई.) (3 वर्षीय)
- बैचलर इन ऑपरेशन थियेटर टेक्नोलॉजी (बी.ओ.टी.टी) (अगामी पाठ्यक्रम) (3 वर्षीय)
- एम.एस.सी. क्लीनिकल एंब्रियोलॉजी (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
- मास्टर इन मेडिकल लेबोरेटरी साइंस (एम.एम.एल.एस. (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
- मास्टर ऑफ फिजियोथिरेपी (एम.पी.टी.) (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)

फैकल्टी ऑफ फॉरेंसिक साइंसेज

- बी.एस.सी. फॉरेंसिक साइंस (3 वर्षीय) (डिग्री कोर्स)
- एम.एस.सी. फॉरेंसिक साइंस (2 वर्षीय) (डिग्री कोर्स)

रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल

उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त

- डिप्लोमा इन एक्स-रे टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन लैब टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन रेडियोथिरेपी टेक्नीशियन (आगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)

रोहिलखंड कॉलेज ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज

उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त

- डिप्लोमा इन डायलेसिस टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन एम.आर.आई. टेक्नीक्स (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन इमरजेन्सी एण्ड ट्रामा केयर टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- सर्टिफिकेट इन सेनीटेशन (1 वर्षीय)

For Registration : Online - www.biu.edu.in, offline - Admission Cell Administrative Block, BIU (9105500202), E-mail : repsbareilly@gmail.com, bareillyrcps@gmail.com

प्रवेश हेतु संपर्क करें :-

डॉ. आशीष शर्मा (9105500202) श्रीमती रिचा गुप्ता (9105500404) डॉ. प्रशांत गुप्ता (8445508214)

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

बरेली संस्करण

स्मृतियाँ शेष

निधन | अंतिम यात्रा | पुण्यतिथि

पीपलपानी | स्मृतियां | उठावनी | पगड़ी

साइज व रेट

साइज --------5cmX8cm / 1000 with GST

साइज -------10cmX8cm / 1800 with GST

साइज -------15cmX8cm / 2500 with GST

अन्य साइज कलर 25 रुपए प्रति वर्ग सेमी.।

शोक संदेश प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-

☎ 0581-4000222

हेड ऑफिस :- 932, कटरा चांद खां भारत पेट्रोल पम्प के सामने, पीलीभीत बाईपास रोड बरेली 243006

माध्यमिक स्कूलों की दशा सुधारने के लिए 35 बिंदुओं पर मांगी रिपोर्ट

कार्यालय संवाददाता, बरेली

अमृत विचार : शिक्षण सुविधाओं को और सुदृढ़ करने के लिए अलंकार योजना के तहत 35 बिंदुओं पर माध्यमिक स्कूलों से रिपोर्ट मांगी गई है। रिपोर्ट के आधार पर स्कूलों में पेयजल, बेंच, कुर्सी, मरम्मत कार्य आदि जरूरी सुविधाएं सुदृढ़ कराई जाएंगी। डीआईओएस की ओर से इस माह के अंत तक यह रिपोर्ट शिक्षा निदेशालय को भेजी जाएगी।

जिले में कुल 4693 राजकीय, अनुदानित व वित्तविहीन मान्यता प्राप्त स्कूल संचालित हैं। भेजे गए पत्र में इन स्कूलों से लैब, लाइब्रेरी, पेयजल, बाउंड्रीवॉल, बैठने की पर्याप्त व्यवस्था व विद्युत आदि की व्यवस्थाओं के संबंध में सूचना मांगी गई है। कई माध्यमिक विद्यालयों में अभी बाउंड्रीवॉल नहीं है। करीब 10 ऐसे स्कूल हैं, जहां बिजली के कनेक्शन भी नहीं हैं और पेयजल के लिए भी सबमर्सिबल या मोटर की व्यवस्था नहीं है। इससे पठन-पाठन में समस्या आती है। विभागीय अधिकारियों का कहना है कि माध्यमिक विद्यालयों को सुविधाओं से लैस करने की तैयारी है। इसको लेकर ही जानकारी मांगी गई है। डीआईओएस देवकी सिंह ने बताया कि इस माह के अंत तक स्कूलों से रिपोर्ट तैयार करा कर शिक्षा निदेशालय को भेज दी जाएगी।

नल, शौचालय, रंगाई-पुताई की देनी होगी जानकारी

सूत्रों के अनुसार विद्यालय में सुरक्षित और स्वच्छ पेयजलस्रोत की सुविधा, सबमर्सिबल पंप और वॉटर टैंक के साथ नल-जल की व्यवस्था, शौचालय और यूरिनल, हाथ धोने के लिए हैंड वॉशिंग यूनिट, सेनिटरी पेड वेंडिंग मशीन, रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम, दीवारों की रंगाई-पुताई के संबंध में जानकारी मांगी गई है। इसके अलावा विद्युत कनेक्शन, दिव्यांगों के लिए रैंप, कंप्यूटर लैब, छात्र-छात्राओं के लिए डेस्क व बेंच, भौतिक, रसायन, जीव विज्ञान की प्रयोगशाला, स्मार्ट क्लास, पुस्तकालय, खेल का मैदान व खेलकूद सामग्री, सोलर प्लांट, सीसीटीवी, साइकिल स्टैंड, बहुउद्देश्यीय हॉल, प्रधानाचार्य कक्ष, स्टाफ रूम, वाईफाई की सुविधा को लेकर भी रिपोर्ट दी जाएगी। इसके बाद जिन स्कूलों में इन 35 मानकों की कमी मिलती है, वहां पर उन्हें पूरा कराया जाएगा।

एक नजर

दो पक्षों में मारपीट, पांच लोग घायल

भमोरा, अमृत विचार : पुरानी रंजिश के चलते दो पक्षों में लाठी डंडे चले, जिसमें पांच लोग घायल हो गए। गांव कोहनी प्रतापुर निवासी मुनेंद्र और अगर पाल के बीच रंजीश चली आ रही है। शुक्रवार देर शाम गांव में नहर की पुलिया के समीप उनके बीच जमकर लाठी डंडे चले, जिसमें मुनेंद्र पाल, नरेंद्र, प्रदीप, लालू, अगर पाल घायल हो गए। पुलिस ने सभी घायलों को मेडिकल के लिए भेजा है।

फौजी पर पत्नी ने लगाया मारपीट का आरोप

कैंट, अमृत विचार : महिला ने फौजी पर मारपीट करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने मामले में पति समेत चार लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। थाना भमोरा क्षेत्र की महिला ने बताया कि उसका पति सेना में है। वह वर्तमान में कैंट क्षेत्र में रहती हैं। उनका पति दो जून को छुट्टी पर आया और उन्हें और बच्चों को कमरे में बंद कर पीटने लगा। जिससे वह घायल हो गईं। महिला ने मामले की सूचना डायल 112 पर दी, लेकिन जवानों ने सैन्य क्षेत्र में पुलिस को प्रवेश नहीं दिया और कहा कि सेना का मामला है। सेना अधिकारी ही देखेंगे। सैन्य कर्मियों ने सीएमपी को सूचना दी। वहीं, घायल महिला को सैन्य अस्पताल में भर्ती कराया गया। महिला का आरोप है पति के जेठानी से संबंध हैं। जेठानी और ससुराली उसे गांव में नहीं रहने देते हैं।

साफ्टवेयर में खराबी से आधार, रजिस्ट्री का कार्य ठप

बहेड़ी, अमृत विचार : साफ्टवेयर में तकनीकी खराबी के चलते डाकघर में आधार कार्ड और रजिस्ट्री का कार्य 21 दिन से ठप है। लोगों को केसर मिल परिसर स्थित डाकघर के चक्कर काटना पड़ रहे हैं। पोस्टमास्टर धर्म पाल सिंह ने बताया कि सिस्टम में चेन्नई से साफ्टवेयर डालने का प्रयास हो रहा है। शुक्रवार को भी साफ्टवेयर लोड नहीं हो सका।

नाला निकालने का विरोध करने पर पीटा

नवाबगंज, अमृत विचार : गांव कितुकापुर के सौरभ गिरि ने सीओ हर्ष मोदी को दिए पत्र में बताया कि पिता रमेश गिरि गांव के बालाजी मंदिर में पुजारी हैं। 20 जून को गांव के कुछ लोगों ने मंदिर में पिता पर हमला कर दिया। पिता ने किसी तरह भाग कर जान बचाई। शिकायत पर पुलिस ने कार्रवाई नहीं की। आरोप है कि मंदिर के पास से नाला निकालने का प्रयास किया जा रहा है। विरोध पर उनके पिता पर हमला किया गया।

रोज करें योग और दवाओं के बगैर रहें निरोग

अंतराष्ट्रीय योग दिवस : जिले भर में हुए कार्यक्रम, लोगों ने किया योगाभ्यास, बताए योग के फायदे

कार्यालय संवाददाता, बरेली

अमृत विचार : अंतर राष्ट्रीय योग दिवस को लेकर उत्साह पूरे जिले में दिखा। स्कूल-कॉलेज, ब्लाक, नगर पंचायत, पालिका और गांवों में कार्यक्रम हुए, जिसमें लोगों ने योगाभ्यास कर निरोग रहने का संदेश दिया। योगाचार्यों ने योगासन और प्राणायाम करवाया।

रिठौरा: हर्बल पार्क में, दरबारी लाल शर्मा इंटर कॉलेज, पीएनदीवान, श्रीकृष्ण चन्द्रवती हायर सेकेंड्री स्कूल, प्रभात पब्लिक स्कूल, मैस्कॉट कालेज में योग किया गया। योग गुरु प्रदीप कुमार, कमलेश गंगवार, चेयरमैन शकुन्तला देवी, अमित गुप्ता, धनपाल सिंह, पूर्व चेयरमैन राकेश कुमार उर्फ आर के कश्यप आदि मौजूद रहे। वहीं, राजश्री इंस्टीट्यूट आफ मैनेजमेंट एंड टेक्नोलॉजी में योग कार्यक्रम में कॉलेज चेयरमैन राजेंद्र कुमार अग्रवाल, प्रो. डॉ. पंकज कुमार शर्मा डॉ. साकेत अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

देवरनियां : रिछा स्थित संघटक राजकीय महाविद्यालय में छात्र और शिक्षकों ने योग किया। सहायक आचार्य डॉ. सचित कुमार ,प्राचार्य डॉ. केके तिवारी, डॉ. धीरेन्द्र कुमार पांडेय आदि मौजूद रहे।

शीशगढ़ : कस्बे में नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी दुर्गेश कुमार सिंह की अगुवाई में किसान जूनियर हाई स्कूल में योग कार्यक्रम हुआ। इस मौके पर उन्होंने कंप्यूटर ऑपरेटर इकरार हुसैन आदि पंचायत कर्मचारियों को सम्मानित किया। शिव कुमार सिंह, मुस्तफा अली आदि मौजूद रहे।

शेरगढ़ : ब्लाक मुख्यालय पर खंड विकास अधिकारी सीपी पांडेय ने योग प्रशिक्षकों के साथ कार्यक्रम की शुरुआत की। योग प्रशिक्षक शालू श्रीवास्तव, खंड शिक्षा अधिकारी पूरन सिंह, डॉ राजकिशोर, डॉ अंजनी कुमार शुक्ला आदि मौजूद रहे।

क्योलड़िया: थाना परिसर में प्रभारी निरीक्षक परमेश्वरी ने स्टाप के साथ योग किया। ब्लॉक परिसर में खंड विकास अधिकारी कमल सिंह चौहान, ब्लॉक प्रमुख रवि शंकर गंगवार, प्रधान संघ अध्यक्ष रामप्रताप गंगवार ने कर्मचारियों के साथ योगाभ्यास किया।

फतेहगंज पश्चिमी : कस्बे में योगाचार्य दिनेश पांडेय ने सभी को योग कराया। आयोजन में भाजपा जिलाध्यक्ष पवन शर्मा के साथ कार्यकर्ताओं ने भी हिस्सा लिया। यूनिक मॉडल इंटर कालेज में योग दिवस मनाया गया। मुख्य अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष, योगाचार्य दिनेश पांडेय ने सभी को योग के बारे में जानकारी दी। सतेंद्र सिंह यादव, अजय सक्सेना, अभय चौहान, रमन जायसवाल आदि मौजूद रहे।

फतेहगंज पूर्वी : क्षेत्र के परिषदीय विद्यालयों में योग दिवस मनाया गया। प्रधानाध्यापक बिलपुर मुकेश चौहान, प्रधानाध्यापक शाहपुर बनियान सुनील शुक्ला, प्रधानाध्यापक अरुण तोमर, मनोज मिश्रा, कामरान खान, गोपाल जायसवाल, भूप सिंह आदि अध्यापकों ने विद्यालयों में ग्रामीणों एवं विद्यार्थियों के साथ योग किया।

भुता: गजनेरा रोड स्थित जीटीआर इंटर कॉलेज में छात्र-छात्राओं और शिक्षकों ने योगाभ्यास किया। इस दौरान शिक्षकों ने विद्यार्थियों को योग से होने वाले फायदे बताए। कॉलेज के प्रबंधक टीआर गंगवार, राजीव गंगवार, प्रधानाचार्य अंकित आदि मौजूद रहे।

भोजीपुरा : भाजपा किसान मोर्चा बरेली की ओर से ग्राम म्यूडी रानी मेवा राम में आयोजित योग शिविर में मुख्य अतिथि भाजपा किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष डॉ. सुरजीत सिंह यादव, योग आचार्य धीरज साहू आदि मौजूद रहे। वहीं, सरदार बल्लभ भाई पटेल कालेज में योग शिविर में कॉलेज चेयरमैन डॉ. हरिशंकर गंगवार, प्राचार्य डॉ कबीन्द्र सिंह राठौर आदि मौजूद रहे।

गजनेरा रोड स्थित जीटीआर इंटर कॉलेज में योगाभ्यास करते शिक्षक और छात्र। ● अमृत विचार

योग आसन कराए

फरीदपुर। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की ओर से सीएएस इंटर कॉलेज प्रांगण में योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें विधायक डॉ.श्याम बिहारी लाल, एमएलसी कुंवर महाराज सिंह, जिला संघचालक महेश चौधरी, नगर संघ चालक ब्रहमेंद्र मिश्रा, देवदत्त शर्मा, ओमवीर गुर्जर, अतीश अग्रवाल, संजय चौहान, सत्यपाल शर्मा आदि ने भाग लिया। नीरज आर्य ने ताड़ासन, वृक्षासन, त्रिकोणासन, भुजंगासन आदि का अभ्यास कराया।

नवाबगंज में योगाभ्यास करते जनप्रतिनिधि। ● अमृत विचार

योग कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया

नवाबगंज। नेहरू युवा केन्द्र एवं विवेकानन्द युवा विकास समिति की ओर से कस्बे में श्रीकृष्ण इंटर कॉलेज में योग कार्यक्रम का आयोजन हुआ, जिसमें विधायक डॉ. एमपी आर्य, एसडीएम मल्लिका नैन, पालिकाध्यक्ष के पति नीरेन्द्र सिंह राठौर, ईओ प्रियंका मिश्रा समेत बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया। ब्लॉक परिसर में डॉ. एके गंगवार, डॉ. मीनाक्षी गंगवार, बीडीओ महेश चन्द्र शाक्य आदि ने योग किया। वहीं लालता प्रसाद इंटर कॉलेज, एसएसटी इंटर कॉलेज और एचएन द्विवेदी इंटर कॉलेज में योग कार्यक्रम हुआ।

बिथरी ब्लाक में योग करते जनप्रतिनिधि, ब्लाक के अफसर और कर्मी।

शिविर में जनप्रतिनिधियों की सहभागिता रही

बिथरी चैनपुर। ब्लॉक परिसर में योग शिविर आयोजित हुआ, जिसमें डॉ. लक्ष्मी मौर्य, राजवीर और रजनी ने योगाभ्यास कराया। शिविर में विधायक डॉ. राघवेंद्र शर्मा, ब्लॉक प्रमुख ब्रजेश कुमारी, हरेंद्र पटेल, बीडीओ वीरपाल, एबीएसए अवनीश प्रताप, ब्लॉक के कर्मचारी, समूह की महिलाओं और आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों ने भाग लिया। एडीओ पंचायत रविकांत यादव, सीडीपीओ विमला देवी, सचिव विवेक गंगवार, विजय मिश्रा, युधिष्ठिर सिंह, विपिन कुमार, अजयवंश, चंद्रभान सिंह आदि मौजूद रहे।

स्कूल-कॉलेजों में भी पूरे उत्साह के साथ योग दिवस मनाया गया

मीरगंज। स्वामी दयानंद सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में योग शिविर का आयोजन हुआ। प्रबंधक डॉक्टर सत्यवीर गंगवार, निदेशक पंकज गंगवार, प्रधानाचार्य आदेश पाल गंगवार, योग शिक्षक उमाशंकर गंगवार, लक्ष्मण स्वरूप, संतोष कुमार, अनुज कुमार आदि मौजूद रहे। केएसजी इंटर कॉलेज में अध्यक्ष सर्वेश कुमार गुप्ता, प्रबंधक रामपाल गुप्ता, सुबोध चौहान ,सुदेश पाल सिंह, प्रधानाचार्य विश्व देव गंगवार आदि ने योग किया। मुक्ता प्रसाद डिग्री कॉलेज शाही में योग दिवस मनाया गया। प्रबंधक डॉक्टर दिनेश गंगवार, अध्यक्ष प्रमिला गंगवार, प्राचार्य डॉ महेश पांडे, डॉ. शबाब मियां, लवप्रीत सिंह आदि मौजूद रहे। वहीं, विधायक डॉ. डीसी वर्मा ने हुरहुरी रोड स्थित एक बैंकट हॉल में योग कार्यक्रम में भाग लिया। क्षेत्र पंचायत सदस्य निरंजन यदुवंशी, सोमपाल शर्मा, केपी राणा, मुकेश कश्यप, राजू भारती आदि मौजूद रहे। राजेंद्र प्रसाद पीजी कॉलेज में आयोजित योग कार्यक्रम में प्राचार्य प्रोफेसर सुमन कुमार शर्मा, डॉ. पारुल जैन आदि मौजूद रहे। धामपुर बायो ऑर्गेनिक्स लिमिटेड की इकाई में योग शिविर में इकाई प्रमुख संजय श्रीवास्तव, ओमकार गंगवार आदि मौजूद रहे।

सार-संक्षेप

तहसील और पालिका कर्मचारियों ने किया योग

आंवला। कस्बे में सुभाष इंटर कालेज में तहसील, पालिका के अधिकारियों और कर्मचारियों ने योगाभ्यास किया। एसडीएम नहने राम आदि मौजूद रहे। नगर के सरस्वती विद्या मंदिर स्कूल में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के स्वयंसेवकों ने योग दिवस मनाया। शिक्षक हरिशंकर, दयाशंकर शर्मा, नगर संघचालक डॉ. सुरेश, गौरवित, विपिन आदि मौजूद रहे। वहीं डॉ. राम मनोहर लोहिया राजकीय महाविद्यालय में छात्रों और शिक्षकों ने योग किया। प्राचार्य डॉ. एमपी सिंह, डॉ. एकता सिंह आदि मौजूद रहे। उधर, इफको टाउनशिप के कम्युनिटी सेन्टर, केंद्रीय विद्यालय, आनंद भवन क्लब में योग का अभ्यास कराया गया। इफको के वरिष्ठ कार्यकारी निदेशक राकेश पुरी, आनन्द भवन कल्ब में वरिष्ठ महाप्रबंधक एससी गुप्ता आदि मौजूद रहे।

योग से होने वाले लाभ के बारे में बताया

बिशारतगंज : कस्बे के सरस्वती शिशु मंदिर प्रांगण में प्रधानाचार्य धर्मपाल एवं ब्लाक सभागार कार्यालय मझगवां में बीडीओ हर्षेंद्र कुमार के नेतृत्व में योगाभ्यास कार्यक्रम हुआ। योग प्रशिक्षक टीम के अभिषेक पाठक, प्रिया परमार, रविंद्र परमार के साथ ब्लॉक मुख्यालय मझगवां पहुंचे डॉक्टर संजीव शर्मा ने लोगों को योगभ्यास कराया। योग से होने वाले स्वास्थ्य संबंधी फायदों के बारे में विस्तार से बताया। ब्लॉक मुख्यालय पर सचिव प्रियदर्शन यादव, राजदीप सिंह, हेमंत श्याम राजेंद्र गोयल, राम बहादुर वर्मा, सरस्वती विद्या मंदिर पर सतीश चंद्र, राजकुमार मौर्य आदि शामिल रहे।

अफसरों और जवानों ने योगाभ्यास किया

कैंट। क्षेत्रीय मुख्यालय एवं तृतीय वाहिनी भारत तिब्बत सीमा पुलिस बल के बुखारा कैंप पर योग दिवस मनाया गया। अफसर और हिमवीर जवानों ने योगाभ्यास किया। अवनीश उप महानिरीक्षक क्षेत्रीय मुख्यालय बरेली और पवन सिंह सेनानी तृतीय वाहिनी आईटीबीपी के निर्देशन में कार्यक्रम हुआ। इस दौरान विभिन्न आसन, प्राणायाम, सूक्ष्म व्यायाम आदि योग क्रियाओं का अभ्यास कराया गया।

मेला परिसर और मिल में लोगों ने किया योग

बहेड़ी। मेला परिसर में एसडीएम अजय कुमार उपाध्याय की अगुवाई में योग कार्यक्रम हुआ, जिसमें प्रमोद अग्रवाल, विवेक गर्ग, सुनील रस्तोगी, अनुज गुप्ता, सुंदर रस्तोगी आदि ने भाग लिया। सम्राट चौधरी ने योगाभ्यास कराया। केसर मिल मंदिर प्रांगण में सीईओ शरत मिश्रा आदि ने योगाभ्यास किया। वहीं, सुबह आठ बजे टांडा प्राथमिक विद्यालय और 8.10 बजे गांव सीकरी के स्कूल में ताला लटका था। बीईओ विनोद कुमार ने बताया कि कुछ शिक्षकों को बुलाकर अपने यहां कार्यक्रम कराया था।

दरोगा की कार के सामने आया ऑटो, किया सीज

भमोरा, अमृत विचार : भमोरा आंवला चौराहे पर दरोगा की कार के आगे ऑटो आ गया। इस दौरान दरोगा और चालक के बीच नोकझोंक हुई। इसके बाद ऑटो को सीज कर दिया गया। दरअसल, कस्बा निवासी एक व्यक्ति शुक्रवार सुबह करीब आठ बजे बीमार मां को लेकर अस्पताल आ रहा था। उधर, सादा कपड़ों में थाने के दो दरोगा कार से आ रहे थे। बताते हैं कि भमोरा- आंवला चौराहे पर कार और ऑटो आमने सामने आ गया। इसको लेकर दरोगा और चालक के बीच तकरार हुई। इसके बाद थाना लाकर ऑटो को सीज कर दिया गया। एसएचओ ऋषिपाल सिंह ने बताया कि ऑटो चालक गलत साइड आ रहा था। उससे ऑटो के कागज मांगे तो वह दिखा नहीं सका। इस वजह से ऑटो को सीज कर दिया गया।

महिला को जान से मारने की कोशिश

कैंट, अमृत विचार : थाना क्षेत्र की एक महिला ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसकी शादी एक साल पहले क्षेत्र के एक गांव के युवक से हुई थी। शादी में मिले दहेज से ससुराली संतुष्ट नहीं थे। पति को बिजनेस कराने के लिए ससुराल वाले 5 लाख रुपये की मांग करने लगे। आरोप है कि मांग पूरी न होने पर 24 मई को देवरा ने उसके साथ दुष्कर्म की कोशिश की। शोर सुनकर पति, सास आए और देवर का ही पक्ष लिया। रात में पति, ससुर, सास और देवर ने उसके साथ मारपीट शुरू कर दी। आरोप है कि पति ने दुपट्टे से उसका गला दबाकर मारने की कोशिश की। किसी तरह उसने जान बचाई। पुलिस की मदद से वह मायके आईं। पुलिस ने मामले में पति समेत पांच लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

दहेज हत्या के मामले में तीन आरोपी गिरफ्तार

बिशारतगंज, अमृत विचार : पुलिस ने दहेज हत्या के मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। 5 जून की रात सुबांदीपुर गांव में एक महिला फांसी के फंदे पर लटक गई थी। मामले में मृतका के भाई की तहरीर पर पुलिस ने दहेज हत्या की रिपोर्ट दर्ज की थी। शुक्रवार को पुलिस ने मृतका के ससुर बली खां, सास शहीदन और पति मोबीन खान को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

छेड़खानी कर युवती के कपड़े फाड़े

शीशगढ़, अमृत विचार : रंजिशन दबंगों ने छेड़खानी कर युवती के कपड़े फाड़ दिए। पीड़िता ने मामले में पुलिस को तहरीर दी है। थाना क्षेत्र की एक युवती पुलिस को बताया कि सोमवार को कुछ लोग गोवंशीय पशु का कटान कर रहे थे। गोकशी करते उनके भाई ने आरोपियों को देख लिया। इस पर आरोपियों ने मारपीट कर उनके भाई का मोबाइल छीन लिया। वह आरोपियों के घर शिकायत करने पहुंची तो उन्हें भगा दिया गया। आरोप है कि रात में आरोपी घर में घुस आए और छेड़खानी कर उनके कपड़े फाड़ दिए। शोर मचाने पर पड़ोसी आए तो आरोपी भाग गए।

सोते समय तिरपाल खींचने पर मारपीट

आंवला, अमृत विचार : कसूमुरा गांव निवासी गंगा सिंह ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह शिवकुमार ठाकुर की मैथा फैक्ट्री में मजदूरी करते हैं। दो दिन पूर्व वह तिरपाल पर सो रहे थे। इस दौरान गांव के संतू और मोहित चौहान फैक्ट्री पर आ गये। इन लोगों ने तिरपाल खींचकर उन्हें जमीन पर गिरा दिया। विरोध करने पर इन लोगों ने उसे पीटा। पुलिस ने मामले में आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

सब का मालिक एक है।
दुआ भी तक़दीर बदल सकती है।
समस्या है तो समाधान भी है।
गुरू अजमेरी जी
स्पेशलिस्ट वशीकरण व मुठकरनी
घर में बरकत, कारोबार में परेशानी, गृहक्लेश सौतन व दुश्मन से छुटकारा, मन चाहा प्यार पति पत्नि में अनबन, विदेश यात्रा, किया कराया उपरी असर, जादू टोना, बीमारी में दवा का ना लगना कोर्ट कचहरी कर्ज मुक्ति, लक्ष्मी बंधन आदि
नोट : अगर किसी का पति, बेटा बेटी किसी के वश में हो तो हमसे मिलें।
सभी जगह से निराश एक बार अवश्य फोन करें या मिलें।
धोका नहीं 100% हर समस्याओं का समाधान 9720278984 बरेली

ट्रक में ऊपर भैंस तो नीचे थीं प्रतिबंधित पशुओं की खाल

● संगठनों ने घेराबंदी कर ट्रक पकड़ा, किया हंगामा

● पुलिस ने ट्रक कब्जे में लेकर चालक पर दर्ज की रिपोर्ट

फरीदपुर अमृत विचार: हिंदूवादी संगठनों के कार्यकर्ताओं ने शुक्रवार देर शाम स्टेशन रोड पर घेराबंदी कर प्रतिबंधित पशुओं की खाल से भरा ट्रक पकड़ लिया। इस दौरान उन्होंने जमकर हंगामा किया। पुलिस ने ट्रक कब्जे में लेकर चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

गो रक्षा दल के कार्यकर्ताओं को सूचना मिली कि प्रतिबंधित पशुओं की खाल से भरा ट्रक कस्बे के बाहर से निकल रहा है। उन्होंने विश्व हिंदू परिषद के नगर अध्यक्ष सोमपाल राठौर के साथ गौसगंज पुलिया से ट्रक की घेराबंदी शुरू कर दी।

जगह-जगह कार्यकर्ता लगा दिए। ट्रक गौसगंज फटाक से बुखारा रोड होते हुए जैसे ही पहुंचा स्टेशन रोड पर किसान इंटर कॉलेज के सामने पहुंचा, वैसे ही कार्यकर्ताओं ने उसे घेर लिया। भीड़ देखकर चालक हड़बड़ा गया। इस दौरान तलाशी ली तो ट्रक में ऊपर भैंस की खाल और नीचे प्रतिबंधित पशुओं की खाल भरी थी। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने हंगामा किया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने ट्रक और चालक को कब्जे में लेकर रिपोर्ट दर्ज कर ली। इस दौरान गो क्रांति मंच के तहसील अध्यक्ष सत्यम गौड़, विराट बजरंग दल के विकास ठाकुर, मुकुल गौड़ ,अनिल चौधरी, बलराम, विमल राणा, मनु शर्मा आदि मौजूद रहे।

स्टेशन रोड पर ट्रक की घेराबंदी के बाद मौके पर पहुंची पुलिस। ● अमृत विचार

अनुसूचित जाति के युवक को ट्यूबवेल पर पानी पीने से रोका

संवाददाता, कैंट

● शिकायत करने पर पिता-पुत्र ने युवक की मां के कपड़े फाड़े

● एसएसपी के आदेश पर एससी-एसटी एक्ट तहत रिपोर्ट दर्ज

अमृत विचार : एक व्यक्ति ने खेत में चल रहे ट्यूबवेल पर अनुसूचित जाति के युवक को पानी पीने से रोक दिया। विरोध करने पर जातिसूचक शब्दों का प्रयोग किया। पुलिस में शिकायत करने पर आरोपी पिता-पुत्र ने घर में हमला कर युवक की मां को पीटा और कपड़े फाड़ दिए। एसएसपी के आदेश पर पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ एससी-एसटी एक्ट तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

थाना क्षेत्र में रहने वाली एक महिला ने बताया कि 9 जून को दोपहर करीब 12 बजे उनका बेटा एक खेत पर चल रहे ट्यूबवेल पर पानी पीने गया। आरोप है कि वहां मौजूद गांव के व्यक्ति ने उसे पानी पीने से रोका। जातिसूचक शब्दों का प्रयोग कर गाली गलौच की। उन्होंने 14 जून को पुलिस से शिकायत की, मगर कार्रवाई नहीं हुई। आरोप है कि 17 जून की शाम आरोपी अपने बेटे के साथ उनके घर में घुस आया।

पुलिस में शिकायत करने पर धमकाया और उसे सरेआम गांव में बेइज्जत करने की बात कही। विरोध करने पर उसके कपड़े फाड़ दिए और लात घूसों से जमकर पीटा। शोर सुनकर आसपास के लोग आए तो आरोपी जान से मारने की धमकी देकर भाग गए। महिला ने एसएसपी को शिकायती पत्र देकर आरोपी पिता-पुत्र के खिलाफ कार्रवाई की गुहार लगाई। एसएसपी के आदेश पर पुलिस ने पिता-पुत्र के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

पिता की मौत के सदमे में बेट ने भी दम तोड़ा

● एक साथ उठी अर्थी हर आंख नम

बहेड़ी, अमृत विचार : कस्बे में पिता की मौत के बाद सदमे में बेटे ने भी दम तोड़ दिया। एक साथ दोनों की अर्थी उठी तो हर आंख नम दिखी। मोहल्ला शेखूपुर होली चौराहा निवासी डिल्ली सिंह (56) हृदय रोग से पीड़ित थे। बीते दिन इलाज के दौरान उनकी सांसें थम गईं। शव घर लाए जाने के बाद परिजनों में कोहराम मच गया। छोटे पुत्र रामपाल का पिता से बेहद लगाव था। पिता का शव देखने के बाद उनकी हालत खराब हो गई।

इधर, परिजन और रिश्तेदार अंतिम संस्कार की तैयारी कर रहे थे। कुछ समय बाद रामपाल की मौत हो गई। घर में एक साथ दो मौतों से परिजन सदमे में आ गए। एक साथ पिता और पुत्र की अर्थी उठी तो माहौल गमगीन हो गया। राहुल गुप्ता समेत तमाम लोगों ने परिजनों को सांत्वना दी।

नाले बंद करने से किसानों की फसलों को नुकसान

आंवला, अमृत विचार : भारतीय किसान यूनियन ने नालापार में नाले को बंद कर उसकी जगह अवैध कब्जा करने, आसपुर गांव के पास नाला बंद कर किसानों की फसलों को नुकसान पहुंचाने का आरोप लगाया है। इस संबंध में पदाधिकारियों ने एसडीएम नहने राम को ज्ञापन सौंपा। संगठन ने दिए ज्ञापन में बताया कि मोहल्ला घेर करम खां उर्फ नालापार मुख्य पुलिया के समीप कुछ लोगों ने नाले की जगह पर अतिक्रमण कर दीवार बना ली है। नाले का पानी बंद कर दिया है। नाले का पानी बंद होने से क्षेत्र के किसानों की फसल नष्ट होने की आशंका है। आंवला भमोरा रोड पर आसपुर गांव के समीप शहर से निकलने बाले कच्चे नाले को भी मिट्टी डालकर बंद कर दिया गया है। नाले का पानी किसानों की फसल में भर रहा है। जिलाध्यक्ष प्रताप सिंह आदि किसान मौजूद रहे।

डग्गामार टेंपो के कारण बसों का संचालन ठप

भमोरा, अमृत विचार : डग्गामार टेंपो के चलते तीन दिनों से क्षेत्र में निजी बसों का संचालन ठप है। इस वजह से सवारियों को परेशानी हो रही है। इस संबंध में बरेली देवचरा बल्लिया दातागंज प्राइवेट बस एसोसिएशन के अध्यक्ष अशफाक अहमद ने आरटीओ को ज्ञापन दिया है। उन्होंने डग्गामार टेंपो को बंद कराने की मांग की है। ज्ञापन में बताया कि बरेली से दातागंज को चलने वाली बसें लगातार घाटे में जा रही हैं। वाहन स्वामियों को नुकसान का सामना करना पड़ रहा है। बताया कि बस संचालक लाखों रुपये टैक्स के रूप में दे रहे हैं, लेकिन इसके बाद भी डग्गामार वाहनों पर कार्रवाई नहीं की जा रही है। आरोप है कि टेंपो चालक सवारियों से मनमाना किराया वसूल रहे हैं। टेंपो कहीं से भी सवारियों को बैठा लेते हैं। आरटीओ दिनेश कुमार ने बताया कि जल्द अभियान चला कर अवैध रूप से संचालित हो रहे टेंपो संचालकों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

पिता और भाई पर मारपीट का आरोप

भमोरा, अमृत विचार : एक व्यक्ति ने पिता और भाई पर मारपीट का आरोप लगाया है। पुलिस ने मामले में रिपोर्ट दर्ज कर ली है। थाना क्षेत्र के एक व्यक्ति ने बताया कि उनकी पत्नी ने रंजिशन गांव के ही कुछ लोगों पर छेड़खानी का मुकदमा दर्ज कराया था। इसका उन्होंने विरोध किया। आरोप है कि मुकदमा लिखवाने उसके पिता और भाई आरोपियों के खिलाफ बयान देने का दबाव बना रहे थे। मना करने पर गुरुवार घर भाई और पिता ने लाठी डंडों से उन्हें पीटा।

भ्रष्टाचार के खिलाफ बार एसोसिएशन मुखर

बहेड़ी, अमृत विचार : बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने शुक्रवार को बैठक की, जिसमें कार्यालयों में व्याप्त भ्रष्टाचार का मुद्दा उठाया गया। इस दौरान समस्या का समाधान न होने पर न्यायिक कार्यों से विरत रहने और कलम बंद हड़ताल करने की चेतावनी दी गई। बार महासचिव सूरज पाल ने प्रेस को जारी विज्ञप्ति में बताया कि कंप्यूटरीकृत खतौली में अमल दरामद सुविधा शुल्क न मिलने पर लंबे समय तक लटकाए जाते हैं। इसी तरह दाखिल खारिज की पत्रावलियां साक्ष्य का अभाव दर्शाकर खारिज कर दी जाती हैं। 15 जून को समाधान दिवस में डीएम के समक्ष इस मामले को उठाया गया था। अभी तक समस्या का निदान नहीं हुआ है। बैठक में मामले को मुख्यमंत्री, अध्यक्ष राजस्व परिषद, मुख्य सचिव और राजस्व सचिव तक ले जाने का निर्णय लिया गया।

बेटे पर छत से फेंकने की कोशिश करने का आरोप

बिशारतगंज, अमृत विचार : एक व्यक्ति ने बेटे पर मारपीट और छत से फेंकने की कोशिश करने का आरोप लगाया है। उन्होंने मामले में पुलिस को तहरीर दी है। गांव बलेहीभगवन्तपुर निवासी व्यक्ति ने पुलिस को बताया कि बेटा आए दिन उनके साथ मारपीट करता है। आरोप है कि कई बार जान से मारने की नीयत से गला दबा चुका है। 20 जून को वह मजदूरी करके लौटे तो बेटे ने रुपये मांगे। न देने पर उन्हें छत से फेंकने का प्रयास किया।

राहगीरों को भोजन और शरबत बांटा

कैंट, अमृत विचार : सदर बाजार स्थित मदारी की पुलिया पर माया फाउंडेशन ने शुक्रवार को राहगीरों को भोजन और शरबत का वितरण किया। इस मौके पर संस्थापक प्रवेश कुमार पाराशर, हिमानी पाराशर, पूर्व सभासद धर्मवीर यादव उर्फ सेठी, अब्दुल हमीद आदि मौजूद रहे।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड

सूचना
मेरे 2 पुत्र है - जिनका नाम क्रमशः 1. अमित कुमार राठौर 2. विमल कुमार राठौर है जिनमें से मैंने अपने पुत्र विमल कुमार राठौर को उसके गलत आचरण एवं दुर्व्यवहार के कारण उससे सारे रिश्ते समाप्त करते हुए अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है भविष्य में उसके द्वारा किये गये किसी भी कृत्य का मुझसे व मेरे परिवार के किसी भी सदस्य से उसका कोई सरोकार नहीं होगा। तारा राठौर पत्नी ओमप्रकाश निवासी 226 बिलसंड़ा जिला पीलीभीत

सूचना
मेरे 2 पुत्र है - जिनका नाम क्रमशः 1. अमित कुमार राठौर 2. विमल कुमार राठौर है जिनमें से मैंने अपने पुत्र विमल कुमार राठौर को उसके गलत आचरण एवं दुर्व्यवहार के कारण उससे सारे रिश्ते समाप्त करते हुए अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है भविष्य में उसके द्वारा किये गये किसी भी कृत्य का मुझसे व मेरे परिवार के किसी भी सदस्य से उसका कोई सरोकार नहीं होगा। **तारा राठौर पत्नी ओमप्रकाश निवासी 226 बिलसंड़ा जिला पीलीभीत**

सूचना
मैं अपना नाम पहले जगदीश कुमार सक्सेना लिखता था तथा अब मैंने उसे बदलकर जगदीश सक्सेना कर लिया है। भविष्य में मुझे अब जगदीश सक्सेना के नाम से जाना व पहचाना जाये। **जगदीश सक्सेना पुत्र श्री हरिओम सक्सेना नि. निरंजन कुंज कॉलोनी, पीलीभीत**

REQUIRE DOCTOR
Male B.A.M.S./M.B.B.S. Doctor at least 2 year experience, is required by 49 baded hospital in Puranpur. Interested Candidate may attend interview on 25th June 2024 at 11:00 am.
Contact: 7088187800, 9690733522, 8171181793
Send Rsume on E-mail: sanjaynursing@rediffmail.com
Sanjay Hospital, Near Gomti Gurudwara Puranpur Pilibhit Road, U.P.

सूचना
मेरे पुत्र अजय सिंह की मृत्यु हो चुकी है तथा मैंने अजय की पत्नी नीतू एवं उसके बच्चे को उनके गलत आचरण एवं दुर्व्यवहार के कारण मैंने उन्हें अपनी समस्त चल अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में उनके द्वारा किए गए किसी भी कृत्य का मुझसे व मेरे परिवार के किसी भी सदस्य से कोई सरोकार नहीं होगा। **जागन सिंह पुत्र छुटटू सिंह निवासी ग्राम देवी तहसील आंवला जिला बरेली।**

वैधानिक सूचना :- समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।

सार-संक्षेप

हाईवे पर पलटी स्कार्पियो, सात लोग घायल

शाहजहांपुर, अमृत विचार : केदारनाथ धाम से लौटते समय लखनऊ के सात श्रद्धालु रास्ते में हादसे का शिकार हो गए। चालक को झपकी आने से स्कार्पियो अचानक अनियंत्रित होने के बाद हाईवे पर पलट गई, जिससे उसमें सवार सात लोग घायल हो गए। इनमें तीन की हालत गंभीर बताई जाती है। दिल्ली-लखनऊ नेशनल हाईवे पर शुक्रवार तड़के लखनऊ के लोग केदारनाथ धाम से अपने घर लौट रहे थे। यहां रोजा थाना क्षेत्र के चकभिटारा के पास गुजरते समय अचानक ड्राइवर को नींद आ गई, जिससे गाड़ी अनियंत्रित होने के बाद नीचे खाई में जाकर पलट गई। हादसे के बाद स्कार्पियो के अंदर चीख पुकार मचने लगी। इससे मौके पर जोगों की भीड़ जमा हो गई। फौरन इसकी सूचना पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को गाड़ी से निकाला। इसके बाद सभी को एंबुलेंस में जिला चिकित्सालय भेज दिया। इनमें तीन की हालत गंभीर बताई जा रही।

नाबालिग से सामूहिक बलात्कार, तीन हिरासत में

भदोही ,एजेंसी : भदोही में तीन नाबालिग लड़कों ने 16 वर्षीया लड़की से कथित तौर पर बलात्कार किया और वीडियो बनाकर इंटरनेट पर पोस्ट कर दिया। पुलिस ने शुक्रवार को बताया कि 15 से 17 साल की उम्र के तीन लड़कों को हिरासत में लिया गया है। गोपीगंज के थाना प्रभारी संतोष कुमार सिंह ने कहा कि एक जून को लड़की पड़ोस की एक दुकान पर गई थी, तभी तीनों लड़के उसे जबरन एक कमरे में ले गए और एक-एक कर उससे बलात्कार किया। सिंह ने कहा कि उन्होंने कृत्य का एक वीडियो बनाकर लड़की को धमकाया। थाना प्रभारी ने कहा कि लड़कों ने उसे फिर से दुकान पर आने पर परेशान करना शुरू कर दिया और फिर तीनों किशोरों ने गुरुवार को वीडियो सोशल मीडिया पर पोस्ट कर दिया।

डायलिसिस के दौरान मरीज का बह गया दो यूनिट खून

लखनऊ, अमृत विचार : डॉ. राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान में डायलिसिस के दौरान नली निकलने से करीब दो यूनिट खून मरीज के बिस्तर पर बह गया। बिस्तर के साथ मरीज के कपड़े खून से भीग गए। आरोप है कि जानकारी देने के बाद भी टेक्नीशियन व कर्मचारी नहीं आए। परिजन ने हंगामा किया तब पहुंचे और नली को जोड़ा। खून शरीर में न पहुंचने से मरीज की जान पर बन आई। मरीज के भाई ने संस्थान के निदेशक को शिकायती पत्र देकर लापरवाही बरतने वाले कर्मचारियों पर कार्रवाई की मांग की गई है। निदेशक ने जांच के लिए समिति बनाई है।

योग शपथ में राजभवन ने बनाया विश्व कीर्तिमान

लखनऊ, अमृत विचार : राजभवन ने योग शपथ अभियान में विश्व कीर्तिमान बना दिया। राजभवन का नाम गिनीज वर्ल्ड रिकार्ड में दर्ज हो गया। राज्य विश्वविद्यालयों के सहयोग से राजभवन में 25,93,276 लोगों को योग प्रतिज्ञा दिलाने से यह सफलता मिली। गिनीज वर्ल्ड के प्रतिनिधि ने शुक्रवार को राज्यपाल को गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड प्रमाण पत्र सौंपा। अभियान में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 12 विश्वविद्यालयों को राज्यपपाल ने प्रशस्ति पत्र दिया।

संज्ञान लेने के चरण में अदालत धाराएं जोड़ या घटा नहीं सकती

प्रयागराज, अमृत विचार : इलाहाबाद हाईकोर्ट ने कहा कि संज्ञान लेने के स्तर पर शिकायतकर्ता के दावे को स्वीकार करके पुलिस रिपोर्ट में अपराधों को न तो जोड़ा जा सकता है और न ही घटाया जा सकता है। पुलिस रिपोर्ट के आधार पर सीआरपीसी की धारा 190 के तहत अपराधों का संज्ञान लेते समय संबंधित मजिस्ट्रेट या न्यायाधीश द्वारा शिकायतकर्ता या आरोपी को सुनवाई का अवसर नहीं दिया जाता है और इसलिए आरोपी को सुने बिना अपराधों को जोड़ना 'निश्चित रूप से उनके प्रति पूर्वाग्रहपूर्ण होगा'। कोर्ट ने सुप्रीम कोर्ट के एक फैसले का हवाला देते हुए कहा कि पुलिस रिपोर्ट पर आधारित किसी मामले में मजिस्ट्रेट संज्ञान लेते समय धाराओं को जोड़ या घटा नहीं सकता है।

बीबी के इलाज का बिल जमा नहीं किया तो कर दी ससुर की हत्या

अस्पताल में हुए विवाद में दामाद ने लाठी-डंडों से पीटकर ली जान

संवाददाता, छजलैट (मुरादाबाद)

- निजी अस्पताल की घटना, दामाद व भाई-बहनोई पर एफआईआर

अमृत विचार : कांठ के एक निजी अस्पताल में गुरुवार देर रात महिला के इलाज का बिल जमा करने को लेकर ससुराल और मायके वालों में मारपीट हो गई। इसमें बीमार महिला के पिता की मौत हो गई। महिला के मायके वालों ने दामाद और उसके भाइयों पर हत्या करने का आरोप लगाया। इस मामले में पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ गैर इरादतन हत्या में एफआईआर दर्ज की है।

छजलैट थाना क्षेत्र के गांव रसूलपुर चौहरा में बदलू (60) का परिवार रहता है। परिवार में दो बेटे और पांच बेटियां हैं। वर्ष 2021 में बदलू ने मझली बेटी तैयबा की शादी गांव बीबीपुर के अहमद हसन के बेटे रफीक से की थी। परिजनों का आरोप है कि शादी के बाद से ही ससुराल वाले दहेज के लिए तैयबा को प्रताड़ित करते थे। कई बार पंचायतें भी हुईं, परेशान होकर तैयबा मायके आई गई। वह गर्भवती थी। 8-10 दिन पहले उसने एक बच्चे को जन्म दिया। प्रसव के बाद उसकी तबीयत बिगड़ गई। 19 जून को बदलू ने तैयबा को कांठ के निजी अस्पताल में भर्ती कराया। गुरुवार रात बदलू ने अस्पताल से छुट्टी होने के बाद इलाज का बिल दामाद रफीक से जमा करने को कहा तो दोनों पक्षों में कहासुनी हो गई।

अस्पताल में ही रफीक और उसके भाइयों ने ससुराल वालों पर लाठी-डंडों से हमला कर दिया। बदलू गंभीर रूप से घायल हो गया। जिला अस्पताल में डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। कांठ थाना प्रभारी निरीक्षक योगेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि गैर इरादतन हत्या में बदलू के दामाद रफीक, भाई सफी और बहनोई मोहम्मद आरिफ के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है।

मेडिकल कालेज में चौथी मंजिल से कूदी महिला

बदायूं, अमृत विचार : सिविल लाइन कोतवाली पुलिस ने 14 जून को शहर में घूम रही एक मानसिक मंदित महिला को जिला अस्पताल में भर्ती कराया था। वह बोल नहीं पा रही थी। जिला अस्पताल से महिला को राजकीय मेडिकल कॉलेज के मनोरोग विभाग में भर्ती कराया। जिसकी देखभाल के लिए एक महिला सिपाही को लगाया गया।

शुक्रवार को महिला अपने बिस्तर से उठी और चौथी मंजिल की खिड़की से छलांग लगा दी। मौके पर अफरा तफरी मच गई। कॉलेज के प्रशासन के अनुसार महिला की हालत ठीक है। राजकीय मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ. एनसी प्रजापति ने बताया कि महिला कूद गई थी। उसका इलाज कराया जा रहा है।

20 हजार की रिश्वत लेते पकड़ा सिपाही, दरोगा पर भी रिपोर्ट

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

अमृत विचार : एंटी करप्शन टीम ने छेड़छाड़ के आरोप के मामले में समझौता कराने के नाम पर एक हेड सिपाही को 20 हजार रुपये रिश्वत लेते रंगे हाथ पकड़ा। घूस की हिस्सेदारी में दारोगा का नाम भी सामने आया लेकिन वह थाने में नहीं मिला। एंटी करप्शन टीम सिपाही को कोतवाली उझानी ले गई। जहां दारोगा और सिपाही के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। पुलिस सिपाही को बरेली ले गई। जहां उसे कोर्ट में पेश किया जाएगा।

आरोपी सिपाही प्रवेंद्र सिंह।

एक महिला ने कादरचौक थाना क्षेत्र के गांव कादरबाड़ी निवासी लायक अली पुत्र मोहम्मद और उसके बेटों पर छेड़छाड़ का आरोप लगाते हुए थाना कादरचौक पुलिस को तहरीर दी गई थी। लायक अली महिला का रिश्तेदार है। थाना कादरचौक में तैनात दारोगा महेश कुमार और जिला मुरादाबाद के थाना सोनकपुर क्षेत्र के गांव नगलिया शाहपुर निवासी हेड सिपाही प्रवेंद्र सिंह ने मामला पारिवारिक होने का फायदा उठाने की कोशिश की। गुरुवार को समझौता कराने के नाम पर दारोगा और हेड सिपाही ने लायक अली से 50 हजार रुपये की मांग की। इसके बाद 20 हजार रुपये में समझौता कराने की बात तय हुई। लायक अली ने पांच हजार रुपये भी दे दिए।

दारोगा व हेड सिपाही और रुपये देने का दबाव बना रहे थे। परेशान होकर लायक अली बरेली की एंटी करप्शन टीम के पास पहुंचे और मामले से अवगत कराया।

प्रेमी युगल ने फंदे पर लटककर दे दी जान

संवाददाता, कलान (शाहजहांपुर)

- दोनों रिश्ते में चचेरे-तहेरे भाई-बहन थे, परिवार वालों ने लगा दी थी पाबंदी

अमृत विचार: परौर थाना क्षेत्र के एक गांव में शुक्रवार को प्रेमी युगल ने फंदे पर लटक कर जान दे दी। दोपहर तीन बजे दोनों के शव भूसा रखने वाले टिनशेड में लटके मिले। पुलिस ने छानबीन के बाद दोनों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। दोनों रिश्ते में चचेरे-तहेरे भाई-बहन थे।

थाना परौर के एक गांव निवासी 18 वर्षीय युवती के संबंध रिश्ते में चचेरे भाई से हो गए। पारिवारिक रिश्ता होने की वजह से दोनों के प्रेम संबंधों से परिजन अनजान थे। कुछ माह पहले गांव में चर्चा आम हुई तो परिजन सन्न हो गए और दोनों के मिलने पर पाबंदी लगा दी। युवक के परिजनों ने युवक की चार माह पहले यह सोच कर शादी कर दी कि संबंध समाप्त हो जाएंगे लेकिन ऐसा नहीं हुआ। दोनों चोरी-छिपे मिलते रहे। परिजनों की सख्ती से परेशान युवक-युवती ने शुक्रवार को मौत को गले लगाने का फैसला ले लिया। दोपहर में तेज धूप की वजह से गांव में सन्नाटा था, तभी दोनों घरों से निकल गए। युवती के मकान से कुछ दूरी पर टिनशेड के नीचे भूसा रखा जाता है, वहीं दोनों पहुंच गए।

युवती ने दुपट्टे से गला कसा और टिनशेड की बल्ली में बांधकर लटक गई। इसी बल्ली से युवक भी रस्सी से गले में फंदा कसकर झूल गया। अपरान्ह तीन बजे दोनों के शव टिनशेड में लटके देखे तो परिवार में खलबली मच गई।

14 विश्वविद्यालय डिफाल्टर घोषित

लखनऊ, अमृत विचार : यूनिवर्सिटी ग्रांट कमीशन (यूजीसी) ने लोकपाल की नियुक्ति न करने पर शुक्रवार को राजधानी स्थित किंग जार्ज चिकित्सा विवि (केजीएमयू) समेत प्रदेश के 14 विश्वविद्यालयों को डिफाल्टर घोषित कर दिया है। डिफाल्टर विश्वविद्यालयों की सूची में किंग जार्ज चिकित्सा विवि (दंत), अटल बिहारी वाजपेयी चिकित्सा विवि, टीएस मिश्र चिकित्सा विवि, बुंदेलखंड विवि झांसी, चंद्र शेखर आजाद यूनिवर्सिटी ऑफ एग्रीकल्चर एंड टेक्नोलॉजी कानपुर, जननायक चंद्रशेखर विवि बलिया, महाराजा सुहैलदेव राजकीय विवि आजमगढ़, प्रो. राजेन्द्र सिंह विवि प्रयागराज, सरदार वल्लभ भाई पटेल यूनिवर्सिटी ऑफ एग्रीकल्चर एंड टेक्नोलॉजी मेरठ, महावीर विवि मेरठ, यूपी पंडित दीनदयाल उपाध्याय पशु चिकित्सा विज्ञान विवि एवं अनुसंधान संस्थान मथुरा आदि शामिल हैं।

मंत्रियों के सामने डीएम व राजू दास में वाद-विवाद

अयोध्या,अमृत विचार: प्रदेश के दो मंत्रियों के सामने ही डीएम और हनुमानगढ़ी के संत राजू दास आमने-सामने आ गए। तू-तू मैं-मैं हुई। स्थल से ही दास के सुरक्षा हटा ली गई। गनर को वापस बुला लिया गया। उन्होंने सुरक्षा हटाए जाने पर हत्या की साजिश रचने का आरोप लगाया।

घटना राम नगरी के एक होटल में गुरुवार रात लगभग 11 बजे की है। सरयू अतिथि भवन में रात मंत्री सूर्य प्रताप शाही और पर्यटन मंत्री जय वीर सिंह मौजूद थे। उनके साथ जिले के कुछ विधायक, दूसरे जनप्रतिनिधि और प्रशासनिक अफसर भी मौजूद थे। बताया गया है कि चुनाव की समीक्षा की जा रही थी। इसी दौरान अपनी बात रखने के लिए हनुमानगढ़ी के संत राजू दास भी पहुंच गए। दास बताते हैं कि उन्होंने अयोध्या में बंदिशों को लेकर शिकायत शुरू की तो अधिकारियों ने नाराजगी जताई। बात आगे बढ़ गई। सूत्रों के मुताबिक इस बीच डीएम के साथ राजू दास की जमकर बहस हुई। तू-तू मै-मै से मौजूद लोग सन्नाटे में आ गए। कोई कुछ बोल नहीं पाया।

न्यायालय परगना अधिकारी न्यायिक मीरगंज बरेली

वाद संख्या- 6068 सन् 2023

झादेव शर्मा बनाम दीपिका शर्मा आदि

ग्राम आनंदपुर, परगना शाही, तहसील मीरगंज, जिला बरेली।

....**विपक्षी**

दीपिका शर्मा पत्नी यतीश देव झा, निवासी मढ़ीनाथ, सुभाष नगर, बरेली न्यायालय द्वारा आदेशित किया गया है कि उक्त प्रतिवादी दीपिका शर्मा को सूचित किया जाता है कि आगामी तिथि 02.07.2024 में आप स्वयं या अपने वकील के साथ न्यायालय में उपस्थित हों अन्यथा एक पक्षीय आदेश आपके विरुद्ध कर दिया जायेगा। जिसकी जिम्मेदारी आप स्वयं की होगी

परगना अधिकारी, न्यायिक मीरगंज, बरेली

कार्यालय नगर पंचायत बरखेड़ा, पीलीभीत

पत्रांक: 14/न.पं.ब./2024-25 दिनांक: 20.06.2024

प्रेस विज्ञप्ति (ODF++) घोषित किये जाने हेतु सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पंचायत बरखेड़ा, पीलीभीत द्वारा स्वच्छ भारत मिशन के अन्तर्गत नगर के समस्त वार्डो को खुले में शौच से मुक्त ओ.डी.एफ. + दिनांक 13.09.2019 को किया जा चुका था एवं नगर के सम्मानित नागरिकों के बहुमूल्य प्रयासों से नगर पंचायत बरखेड़ा, पीलीभीत क्षेत्र को (ODF++) से सम्बन्धित समस्त मानकों (लक्ष्य के अनुरूप सार्वजनिक / सामुदायिक शौचालयों का निर्माण हो गया है) को पूरा कर चुकी है। अतः नगर क्षेत्र को (ODF++) घोषित किया जाना है यदि किसी व्यक्ति/सामाजिक संस्थान को आपत्ति/सुझाव है तो वह इस विज्ञप्ति के जारी होने के 15 दिवस के अन्दर कार्यालय नगर पंचायत बरखेड़ा, पीलीभत में किसी भी कार्य दिवस में लिखित रूप में प्राप्त करा सकता है।

अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत बरखेड़ा पीलीभीत — **अध्यक्ष नगर पंचायत बरखेड़ा पीलीभीत**

उत्तराखंड

गंगोत्री हाईवे पर बस पलटी, पांच घायल

ब्यूरो, देहरादून

- बस में सवार थे 31 यात्री

अमृत विचार : उत्तरकाशी जिले में शुक्रवार को बड़ा हादसा हो गया। यमुनोत्री दर्शन के बाद गंगोत्रीधाम के दर्शनार्थ जा रहे तीर्थयात्रियों की बस गंगोत्री हाईवे पर पलट गई। इसमें पांच लोग घायल हो गए। बस में 31 यात्री सवार थे।

मध्य प्रदेश के तीर्थयात्री टूरिस्ट बस से गुरुवार को यमुनोत्री गए थे। यमुनोत्री के दर्शन के बाद तीर्थयात्रियों से भरी बस शुक्रवार को गंगोत्री धाम के दर्शन के लिए रवाना हुई थी। गंगोत्री हाईवे पर बस सुबह सवा छह बजे करीब झाला के पास पहुंची ही थी कि अचालक बेकाबू हो गई। चालक का बस से नियंत्रण हट गया और बस बीच सड़क पर पलट गई। जानकारी के मुताबिक हादसे के वक्त बस में कुल 31 लोग सवार थे, जिसमें से पांच तीर्थयात्रियों की हल्की चोटें आई हैं। हादसे के बाद सभी यात्रियों को अन्य वाहनों से गंगोत्री भेज दिया गया। बीच सड़क पर बस पलटने के कारण गंगोत्री नेशनल हाईवे भी अवरुद्ध हो गया।

गंगोत्री हाईवे पर पलटी तीर्थयात्रियों की बस।

जिससे दोनों और लंबा जाम लग गया। बाद में पुलिस ने बस को साइड में कराकर जाम खुलवाया। हर्षिल थाना प्रभारी एसआई उमेश नेगी ने बताया कि पांच यात्रियों को हल्की खरोंचे आई। उन्हें आपातकालीन 108 सेवा के वाहन से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हर्षिल भेज दिया गया। जबकि अन्य यात्री दूसरे वाहन से धाम के दर्शन के लिए रवाना हुए।

बीस दिनों में चारधाम यात्रा पर यह तीसरी घटना है। इससे पहले 31 मई को यमुनोत्री हाईवे पर सिलक्यारा बैंड के पास भी यात्रियों से भरी बस पलट गई थी। हादसे में बस में सवार कर्नाटक के 15 यात्रियों को चोटें आई थी। बीती 15 जून को रुद्रप्रयाग जिले में ट्रेंपो ट्रेवलर पहाड़ी से खाई में गिर गया था। इसमें 15 लोगों की मौत हो गई थी।

मास्टर प्लान बनाकर गुंजी में बनाया जाएगा शिवधाम: धामी

ब्यूरो, पिथौरागढ़

अमृत विचार : मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर शुक्रवार को आदि कैलाश में श्रद्धालुओं और आईटीबीपी के जवानों के साथ योग किया। उन्होंने पार्वती सरोवर के निकट शिव मंदिर में पूजा अर्चना कर प्रदेश की सुख समृद्धि की कामना की। इस अवसर पर उन्होंने गुंजी में मास्टर प्लान लागू कर शिवधाम बनाने की घोषणा की।

सीएम धामी ने योग के विभिन्न आसन करते हुए कहा कि योग में मानव जीवन को सुखमय बनाने की ताकत है। योग तन, मन और आत्मा का संगम है। उन्होंने आदि कैलाश के प्राकृतिक सौंदर्य की सराहना करते हुए कहा कि इस क्षेत्र में बडी संख्या में पर्यटकों की आमद से स्थानीय लोगों को रोजगार के अवसर मिलेंगे। ऊनी कालीन उद्योग भी यहां की आर्थिकी का आधार रहा है, इसे बढावा देने का प्रयास होगा। उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र में नगरीयकरण में निर्मित होने वाले भवनों के निर्माण में स्थानीय वास्तुकला का ध्यान रखते हुए शत-प्रतिशत होमस्टे पर आधारित पर्यटन विकसित किया जाएगा।

मुख्यमंत्री धामी ने परिवहन सुविधा के मानकीकरण तथा इनरलाइन परमिट निर्गत करने की प्रक्रिया का सरलीकरण पर भी ध्यान देने को कहा।

स्पा सेंटरों पर की छापेमारी

रुद्रपुर, अमृत विचार : एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट की टीम ने शहर के कई स्थानों पर संचालित स्पा सेंटरों पर छापामार कार्रवाई की। जिसे देखकर संचालकों में हड़कंप मच गया। कार्रवाई के दौरान खामियां मिलने पर संचालकों पर चालानी कार्रवाई की गई। शुक्रवार की शाम को अचानक एएचटीयू प्रभारी निरीक्षक जीतो कांबोज के नेतृत्व में पुलिस टीम ने गाबा चौक, भूरारानी और गांधी पार्क स्थित चार स्पा सेंटरों पर छापेमार कार्रवाई की। टीम को देखकर सेंटर संचालक व कर्मचारी भागने लगे, लेकिन टीम ने सभी को रोककर एंट्री रजिस्टर की पड़ताल की।

मामी का वीडियो बनाकर किया दुष्कर्म

रुद्रपुर, अमृत विचार : थाना ट्रांजिट कैंप इलाके में एक भाजपा कार्यकर्ता ने मुंहबोली मामी की अश्लील वीडियो बनाने के बाद ब्लैकमेल कर साल भर तक दुष्कर्म किया। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। थाना ट्रांजिट कैंप के ठाकुर नगर की रहने वाली महिला ने बताया कि वह सिडकुल की एक कंपनी में काम करती है। पड़ोस में रहने वाला सुरेश विश्वास जो कि भाजपा कार्यकर्ता है, अक्सर पति की मौजूदगी में घर पर आता रहता था और मामा-मामी कहता था। आरोप था कि सुरेश ने चोरी छिपे उसकी नहाते हुए अश्लील वीडियो बना ली।

नैनीताल, भीमताल में जमकर हुई बारिश

संवाददाता, नैनीताल

अमृत विचार : लंबे इंतजार के बाद आखिरकार नगरवासियों को गर्मी से राहत मिल गई। शुक्रवार को नैनीताल में सुबह से गुनगुनी धूप खिली रही। दोपहर में अचानक आसमान काले बादलों से घिर गया और तेज बारिश शुरू हुई।

करीब एक घंटे तक लगातार बारिश होती रही। बारिश होने से जहां लोगों को गर्मी से राहत मिली। वहीं सूखने के कगार पर पहुंच चुके प्राकृतिक जलस्रोत भी रिचार्ज हो गये। इसके साथ ही नैनी झील के जलस्तर में भी बढ़ोत्तरी हुई है। मौसम केंद्र जीआईसी के अनुसार शुक्रवार को नगर का अधिकतम तापमान 23 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 14 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। बीते मंगलवार तक नगर में 34 डिग्री तक तापमान पहुंच गया था। इधर, नैनीताल पहुंचे सैलानियों ने बारिश में भीगते हुए सरोवर नगरी की सुंदरता का लुत्फ उठाया।

टनकपुर के किरोड़ा नाले का जलस्तर कम होने के बाद जैसे-तैसे निकलते वाहन। ● अमृत विचार

कार्यालय सहायक अभियन्ता चतुर्थ उपखण्ड बैगुल बॉध सिंचाई खण्ड, बरेली

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि चतुर्थ उपखण्ड बैगुल बॉध सिंचाई खण्ड, बरेली से सम्बन्धित निम्नलिखित नीलामी दिनांक-27.06.2024 को समय अपराहन 01:30 बजे कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, सिंचाई खण्ड, 117 सिविल लाईन बरेली में अधोहस्ताक्षरकर्ता एवं नीलाम समिति के समक्ष सम्पन्न की जायेगी।

जो व्यक्ति नीलामी लेने का इच्छुक हो वह कृपया निश्चित तिथि समय व स्थल पर उपस्थित होकर नीलामी में भाग ले सकते हैं नीलामी हेतु निर्धारित की गयी तिथि को अवकाश होने की दशा में नीलामी अगले कार्यदिवस में की जायेगी।

क्रमांक	नाम नीलाम	धरोहर धनराशि	नीलामी अवधि
1	अवसरा स्केप की मछली का नीलाम।	1500.00	स्वीकृति की तिथि से 30.06.2025 तक।
2	बैगुल बॉध के किमी0 0.00 से 7.900 तक डाउन स्ट्रीम भाग एवं यू0वी0सी0 फीडर नहर की दोनों पटरी पर खड़ी घास का नीलाम।	600.00	स्वीकृति की तिथि से 30.06.2025 तक।
3	ग्राम कुँवरपुर सिसैया भटटे की भूमि में स्थित तालाब में मछली का नीलाम।	2500.00	स्वीकृति की तिथि से 30.06.2025 तक।

नोट-

1. उपरोक्त कॉलम 2 (नाम नीलामी) में अंकित नीलामी लेने के इच्छुक व्यक्ति नीलामी से पूर्व में नीलामी स्थल का निरीक्षण कर सुनिश्चित कर लें एवं तदानुसार ही बोली लगाये इस संबंध में विभाग का कोई उत्तरदायित्व नही होगा।
2. प्रत्येक बोली बोलने वाले व्यक्ति को नीलामी प्रारम्भ होने से पूर्व जिलाधिकारी द्वारा जारी/प्रमाणित चरित्र प्रमाण पत्र एवं उपरोक्तानुसार धरोहर धनराशि एफ0डी0आर0/ड्राफ्ट/चैक के रूप में जो अधिशासी अभियन्ता सिंचाई खण्ड, बरेली के नाम बन्धक/जारी हो।
3. नीलामी में भाग लेने वाले प्रत्येक बोलीदाता को रू0 10.00 के स्टाम्प पेपर पर नीलामी की शर्तो का उपखण्डीय कार्यालय में/सूचना पट पर अवलोकन के उपरान्त स्वीकार होने की लिखित सहमति देनी होगी।
4. नीलामी हेतु फोटो पहचान पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।
5. सर्वोच्च बोली बोलने वाले को नीलामी बोली की 25 प्रतिशत धनराशि ड्राफ्ट के रूप में तत्काल जमा करनी होगी शेष बकाया धनराशि एक सप्ताह के अन्दर खण्डीय कार्यालय में जमा करनी होगी एवं उस पर देय समस्त कर (स्टैम्प शुल्क व अन्य) जमा करना अनिवार्य होगा ताकि नीलामी की स्वीकृति प्रदान करने पर विचार किया जा सके, ऐसा न करने पर उसके द्वारा जमा धरोहर धनराशि एवं 25 प्रतिशत बोली धनराशि राजकीय हित में जब्त कर ली जायेगी।
6. अधिशासी अभियन्ता सिंचाई खण्ड, बरेली को बिना कारण बताये नीलामी को अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित रहेगा। शासकीय हित में अपरिहार्य परिस्थितियों/अवश्यम्भावी घटनाओं/प्राकृतिक आपदा के घटित होने पर एक सप्ताह की पूर्व सूचना देकर नीलामी को निरस्त किया जा सकता है।
7. धरोहर धनराशि के रूप में जमा ड्राफ्ट/एफ0डी0आर0/चैक (बन्धक अधिशासी अभियन्ता सिंचाई खण्ड, बरेली) की धनराशि को नीलामी की धनराशि में शामिल नही किया जायेगा जिस व्यक्ति के नाम नीलामी छूटेगी उसके द्वारा जमा धरोहर धनराशि जमानत के रूप में विभाग में रहेगी, जिससे यदि नीलाम लेने वाले के द्वारा नहर बन्धे या नीलाम लेने वाले स्थान में कोई क्षति पहुँचायी जाती है तो उसी धनराशि से वसूला जायेगा और उसके विरूद्ध नियमानुसार कार्यवाही की जायेगी अन्यथा नीलामी अवधि समाप्त होने के 6 माह उपरान्त वापस कर दी जायेगी।
8. नीलामी बोली में उपस्थित बोलीदाता कोविड-19 के निर्देशों का पालन करते हुये सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करेंगे एवं मात्र नीलामी बोलीकर्ता ही उपस्थित रहेगा।
9. उच्च बोलीदाता को नीलाम अधिकार अधिशासी अभियन्ता, सिंचाई खण्ड बरेली से नीलामी स्वीकृति होने के उपरान्त ही प्रदान किये जायेंगे।
10. शिकारमाही हेतु केवल निर्धारित मानक के जालों का प्रयोग ही मान्य होगा। प्रतिबन्धित साइज/भार 1.5 किग्रा0 से कम की भारतीय मेजर कार्य एवं महाशेर की मछली नही निकाली जा सकेगी। 01 जुलाई से 30 सितम्बर तक शिकारमाही पूर्ण रूप से प्रतिबंधित होगी।
11. प्रतिबंधित जल जीवों का बिल्कुल शिकार नही किया जायेगा। मछली मारने हेतु बिस्फोटक पदार्थ, जहरीली दबाओं एवं बिजली के करन्ट आदि का प्रयोग नही किया जायेगा।
12. कर्मचारियों पर अनुचित दवाव डालकर या आपराधिक बल प्रयोग की धमकी देकर जबरन सिंचन हेतु जमा की गयी बहुमूल्य जलराशि को व्यर्थ में बहाने पर तत्काल नीलामी को निरस्त कर दिया जायेगा एवं सुसंगत धाराओं मे एफ0आई0आर0 दर्ज कराकर बहुमूल्य जलराशि का मूल्य आंकलित कर सम्पूर्ण मूल्य जिलाधिकारी के माध्यम से बसूला जायेगा।
13. परिचालन में कोई हस्तक्षेप करने का अधिकार नही होगा।
14. बाजार भाव के घटाव या वढोत्तरी से होने वाले हानि या लाभ की जिम्मेदारी सिंचाई विभाग की नही होगी और न ही कोई मुआबजा सिंचाई विभाग द्वारा दिया जायेगा।
15. मत्स्य आखेट हेतु लगाये गये श्रमिक, संयत्र एवं सुरक्षा तथा श्रम कानूनों का अनुपालन नीलामी लेने वाले व्यक्ति को करना अनिवार्य होगा।
16. नीलाम लेने वाला व्यक्ति विना अनुमति सिंचाई विभाग की भूमि, भवन का प्रयोग अपने निजी व्यवसाय हेतु नही करेगा।

UP - 206336 दिनांक 20/06/2024
विज्ञापन वेबसाइट www.up.gov.in पर उपलब्ध है।

सहायक अभियन्ता
चतुर्थ उपखण्ड बैगुल बॉध सिंचाई खण्ड, बरेली

कार्यालय नगर पंचायत मीरगंज बरेली

पत्रांक:- 629/न.पं.मीर./2024-25 दिनांक 21.06.24

विज्ञप्ति
बल्क वेस्ट जेनरेटर के लिए आवश्यक सूचना।

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि स्वच्छ भारत मिशन नगरीय के अन्तर्गत ठोस अपशिष्ट प्रबन्धन नियमावली 2016 के अनुसार नगर पंचायत मीरगंज बरेली में स्थित समस्त ऐसे संस्थानों/प्रतिष्ठानों जिनमें 100 kg या उससे अधिक तथा 200 या उससे अधिक व्यक्ति प्रति समारोह एकत्र होते हैं आपके द्वारा उत्पन्न कचरे को गीले कचरे व सूखे कचरे को पृथक्कीकृत कर गीले कचरे का स्वयं के साधनों से अपने ही परिसर में कम्पोस्टिंग के माध्यम से सुरक्षित निपटान करेगें एवं सूखे कचरे को नगर पंचायत मीरगंज की कूड़ा वाहनों को देना सुनिश्चित करेगें। नियमों का उल्लघंन व पालन न करने पर सम्बन्धित के विरुद्ध नियमानुसार कार्यवाही की जायेगी।

अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत मीरगंज, जिला बरेली — **अध्यक्ष नगर पंचायत मीरगंज, जिला बरेली**

पब्लिक नोटिस

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे मुवक्किल एस.एम.एफ.जी. इण्डिया होम फाईनेंस कंणलि0 शाखा बरेली से मलखान सिंह पुत्र जिलेदार सिंह नि. 61 पुरवा रोड सुभाष नगर केदारकुंज बरेली एक किता मकान रक्बई 83.61 वर्गमी. वाकै मोहल्ला सुभाष नगर पर. तह0 व जिला बरेली जिसकी चौहददी पूरब में रास्ता 20 फिट चौड़ा, पश्चिम में रास्ता 20 फिट चौड़ा, उत्तर में मकान विनोद खरबन्दा व दक्षिण में मकान जगपाल सिंह यादव है को बंधक रखकर मेरे मुवक्किल से ऋण ले रहे है उक्त सम्पत्ति से सम्बन्धित पूर्व मूल बैनामा जो इकबाल नरायन खबन्ना द्वारा अजीज अहमद के पक्ष में निष्पादित किया था जिसकी रजिस्ट्री स.र. बरेली में दिनांक 07.06.1960 को बही सं0 1 जिल्द 1182 के पृष्ठ 1 से 2 व एडी.फा.बुक से. 4 जिल्द 1174 के सुफा 259 से 260 में नं0 2117 पर हुई है व पूर्व मूल मुहायदा बय जिसकी रजिस्ट्री स.र. बरेली में दिनांक 17.03.06 को फो0पु0सं0 1 खण्ड 1448 के सुफा 203 से 214 में नं. 1918 पर हुई है जो कहीं खो गये है जिसके खोने की सूचना दिनांक 16.06.2024 को ई-थाना पर दर्ज कराई जा चुकी है। अतः सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि यदि किसी अन्य व्यक्ति /बैंक / संस्था आदि को उक्त बंधक सम्पत्ति के सम्बन्ध में कोई आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति सामान्य कार्य दिवस के 07 दिन के अन्दर मेरे मुवक्किल एस0एम0एफ0जी0 इण्डिया होम फाईनेंस कं. लि. शाखा बरेली पर या मेरे कार्यालय पर व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर दर्ज करा सकता है उक्त समयावधि बीत जाने के उपरान्त मेरे मुवक्किल द्वारा उक्त ऋण जारी कर दिया जायेगा।

सूचीबद्ध अधिवक्ता एस.एम.एफ.जी. इण्डिया होम फाईनेंस कं.लि., बरेली मो. 9319908378 — अमिताभ भन्ज (एडवोकेट) चैम्बर नं. 11 बड़ा वकालतखाना सिविल कोर्ट, बरेली मो. 9319908378

कार्यालय ग्राम पंचायत नाहिल विकास खंड पुवायां जिला शाहजहांपुर

निविदा आमंत्रण सूचना

सभी पंजीकृत फर्मो एवं आपूर्तिकर्ताओं को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत नाहिल बुजुर्ग की कार्य योजना के अनुसार वर्ष 2024-25 में पन्द्रहवां वित्त/पंचम राज्य वित्त आयोग/ आर.जी.एस.ए./आई.सी.डी.एस./ स्वच्छ भारत मिशन ग्राम निधि 6 व केन्द्रीय वित्त एवं आयोग तथा मनरेगा योजना के अंतर्गत प्राप्त धनराशि व सीसी रोड नव निर्माण नव नाली निर्माण एवं नाली मरम्मत, खडंजा नव निर्माण एवं खडंजा मरम्म्त, ठोस तरल अपशिष्ट प्रबन्ध कार्य, मिट्टी कार्य, फर्नीचर क्रय, स्ट्रीट लाइट, सोलर लाइट स्थापना / अनुरक्षण हैंड पम्प रिबोर/ अनुरक्षण हयूम पाइप क्रय, वाल पेन्टिंग, स्कूल शौचालय निर्माण/ मरम्मत, आंगनबाड़ी शौचालय निर्माण/ मरम्मत स्कूल, बाउंड्री वाल नव निर्माण एवं मरम्मत पंचायत घर नव निर्माण एवं मरम्मत, पशु शेड निर्माण, शोक पिट निर्माण, सार्वजनिक शौचालय, मरम्मत अंत्येष्टि स्थल, नव निर्माण एवं मरम्मत गौशाला निर्माण व रखरखाव, वृक्षारोपण आंगनबाड़ी भवन नव निर्माण एवं मरम्मत, स्कूल कायाकल्प, वाटर हार्वेस्टिंग, पानी की टंकी निर्माण पंचायत घर की बाउंड्रीवाल निर्माण खाद के गड्ढ़ों का निर्माण एवं अन्य कार्य कराए जाने है। उक्त वर्णित कार्यो के लिए सामग्री क्रय हेतु जिसमें ईट, रोड़ा, सीमेन्ट, मोरिंग, सरिया, बजरी, टाइल्स, पाइप, इंटरलॉकिंग ईट, हयूम पाइप, सोलर लाइट, स्ट्रीट लाइट, स्टेशनरी प्रचार-प्रसार बोर्ड व पटान हेतु मिट्टी, राख, सैनीटाइजर व फागिंग कार्य, सफाई कार्य हेतु ठेली क्रय मरम्मत, स्प्रे मशीन, सफाई किट, मास्क क्रय, पी.पी.आई. किट, दिव्यांग शौचालय, हर्बल पार्क, ओपन जिम, गौशाला निर्माण कार्य, ई-रिक्शा, पंचायत कार्यालय हेतु समस्त उपकरण आदि एवं अन्य सामग्री वस्तुओं की आपूर्ति के लिए सीलबन्द निविदाएं ग्राम पंचायत के कार्यालय पर 04 बजे तक दिनांक 22.07.2024 तक आमंत्रित की जाती है। जिसे दिनांक 27.07.2024 की 11:00 बजे खोला जायेगा। बिना किसी अग्रिम सूचना के टेंडर को निरस्त करने का पूर्ण अधिकार ग्राम पंचायत को होगा।

ग्राम प्रधान- श्यामू कश्यप — **सचिव- शशिविन्द पाल**

क्योंकि योग से ही सब होगा

- जीवन में स्वस्थता का आधार है योग
- जीवन में सफलता का निर्माण है योग
- जीवन में शक्ति का संचार है योग
- जीवन में शांति की बौछार है योग
- जीवन में आत्मज्ञान की शुरुआत है योग
- जीवन में खुशियों की बरसात है योग
- जीवन की सारी समस्याओं का समाधान है योग
- ईश्वर और प्रकृति का वरदान है योग
- इसलिए हम जरूर अपनाएं योग
- क्योंकि योगा से ही सब होगा
- लेखक- मोहित अग्रवाल एडवोकेट
- राम वाटिका कॉलोनी, बरेली



पहाड़ से लेकर समुद्र तक योग

नई दिल्ली। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर पहाड़ों से लेकर समुंद्र तक योग किया गया। वहीं राष्ट्रीय कैडेट कोर (एनसीसी) द्वारा योग सत्रों में आठ लाख कैडेटों ने योगाभ्यास किया। ये योग सत्र कई स्कूलों, कॉलेजों और सूर्य मंदिर (कोणार्क), लाल किला (दिल्ली), डल झील (श्रीनगर, जम्मू-कश्मीर), साबरमती रिवरफ्रंट (अहमदाबाद, गुजरात), सांची स्तूप (सांची, एमपी), गेटवे ऑफ इंडिया (मुंबई, महाराष्ट्र), नैनीताल झील (नैनीताल, उत्तराखंड), झांसी किला (झांसी, उत्तर प्रदेश), और विक्टोरिया मेमोरियल (कोलकाता, पश्चिम बंगाल) सहित अनेक प्रतिष्ठित स्थानों पर आयोजित किए गए थे। थल सेना प्रमुख नामित लेफ्टिनेंट जनरल उपेन्द्र द्विवेदी ने सेना मुख्यालय, दिल्ली क्षेत्र द्वारा करियप्पा परेड ग्राउंड, दिल्ली कैंट में आयोजित एक कार्यक्रम में समारोह का नेतृत्व किया।

उच्च न्यायालय ने पश्चिम बंगाल सरकार को दिए निर्देश

विस्थापित की वापसी हो सुनिश्चित

कोलकाता, एजेंसी

- कहा- पुलिस उन क्षेत्रों में कड़ी निगरानी रखे जहां हिंसा हुई

कलकत्ता उच्च न्यायालय ने शुक्रवार को पश्चिम बंगाल सरकार को निर्देश दिया कि वह राज्य में चुनाव के बाद हुई कथित हिंसा के कारण विस्थापित हुए लोगों की घर वापसी सुनिश्चित करे। न्यायालय ने पुलिस को निर्देश दिया कि वह उन क्षेत्रों में कड़ी निगरानी रखे जहां कथित तौर पर हिंसा हुई है तथा यह सुनिश्चित करे कि ऐसी घटनाएं दोबारा न हों।

न्यायमूर्ति हरीश टंडन की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने लोकसभा चुनाव के बाद पश्चिम बंगाल में हिंसा के आरोपों से संबंधित याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए यह निर्देश

दिया। पीठ पश्चिम बंगाल में केंद्रीय बलों की तैनाती बढ़ाने के संबंध में लिखित आदेश जारी कर सकती है, जिसे उच्च न्यायालय की वेबसाइट पर पोस्ट किया जाएगा। इससे पहले अदालत ने राज्य में केंद्रीय बलों की तैनाती 21 जून तक बनाए रखने का आदेश दिया था। पीठ में न्यायमूर्ति हिरण्मय भट्टाचार्य भी शामिल थे। पीठ ने निर्देश दिया कि याचिकाओं पर बुधवार को फिर से सुनवाई की जाएगी। राज्य के महाधिवक्ता किशोर दत्ता ने अदालत को बताया कि 4 जून को लोकसभा चुनाव के नतीजे घोषित होने से लेकर 18 जून तक पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) कार्यालय को ईमेल के जरिए कुल 859 शिकायतें प्राप्त हुई हैं।

दत्ता ने बताया कि गैर-संज्ञेय मामलों से संबंधित 175 शिकायतें दर्ज की गई हैं। महाधिवक्ता ने बताया कि 219 शिकायतें दो-दो बार दी गई हैं जबकि 26 अधूरी हैं और 14 शिकायतों की जांच की जा रही है।

एक नजर

टीएमसी विधायक को सीबीआई का समन

कोलकाता। सीबीआई ने टीएमसी विधायक तापस साहा को राज्य सरकार के विभिन्न विभागों में भर्ती में कथित अनियमितताओं के संबंध में शुक्रवार को पेश होने के लिए समन जारी किया। एक अधिकारी ने बताया कि सीबीआई ने कथित भर्ती घोटाले के संबंध में तेहट्टा से विधायक साहा को समन जारी किया। उन्होंने कहा कि हमने तपस साहा राज्य सरकार के विभिन्न विभागों में भर्ती में अनियमितताओं के संबंध में पूछताछ के लिए बुलाया है। साहा ने कहा कि वह सीबीआई के समक्ष पेश होंगे।

तीन घटनाओं में 1.67 करोड़ का सोना जब्त

चेन्नई। तमिलनाडु की राजधानी चेन्नई में हवाई अड्डे पर तीन मामलों में 1.67 करोड़ रुपये मूल्य का ढाई किलो से अधिक सोना जब्त किया गया है। चेन्नई हवाई अड्डे के सीमा शुल्क विभाग ने कहा कि खुफिया इकाई ने 17 एवं 18 जून को मलेशिया तथा अबू धाबी से आए यात्रियों से क्रमश: 710 ग्राम, 1,056 ग्राम और 900 ग्राम सोना बरामद किया। इस सिलसिले में एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया गया है और तीनों मामलों की जांच जारी है।

प्रोटेम स्पीकर के लिए भर्तृहरी ही उपयुक्त

नई दिल्ली। संसदीय कार्यमंत्री किरेन रिजिजू ने कहा है कि प्रोटेम स्पीकर के मुद्दे पर कांग्रेस ने राजनीति शुरू कर दी है और वह उस नियम को नजरअंदाज कर रही है जिसके तहत सबसे लम्बे समय तक लगातार सदस्य रहे सांसद को चुना जाता है। रिजिजू ने शुक्रवार को यहां संसद भवन परिसर में कहा कि नियम के अनुसार सबसे लम्बे समय तक लगातार महताब भर्तृहरि लोकसभा के सांसद रहे हैं और उन्हें ही प्रोटेम स्पीकर बनाया जाना चाहिए।

हिमाचल में बस पलटने से चार लोगों की मौत

शिमला। हिमाचल के शिमला जिले में कुहु-दिलतारी मार्ग पर शुक्रवार तड़के बस के पलटने से 4 लोगों की मौत हो गई, जबकि 3 घायल हो गए।

पुलिस ने बताया कि यह दुर्घटना सुबह 6.45 बजे उस समय हुई जब हिमाचल सड़क परिवहन निगम की बस कुहु से दिलतारी की ओर जा रही थी। बस में सात लोग सवार थे। शिमला एसपी संजीव गांधी ने बताया कि दुर्घटना में बस सवार बिरमा देवी और धन शाह की मौके पर मौत हो गई, जबकि चालक करम दास और परिचालक राकेश ने अस्पताल ले जाते दम तोड़ दिया।

हाईकोर्ट ने पूछा- पोर्श हादसा मामले में क्यों बदला आदेश

बम्बई हाईकोर्ट ने की टिप्पणी, जमानत के बाद हिरासत में रखना क्या कैद जैसा नहीं?

मुंबई, एजेंसी

बम्बई उच्च न्यायालय ने शुक्रवार को पूछा कि पुणे पोर्श कार हादसा मामले में नाबालिग आरोपी को पहले जमानत देना और फिर उसे हिरासत में ले लेना तथा सुधार गृह में रखना क्या कैद के समान नहीं है? न्यायमूर्ति भारती डांगरे और न्यायमूर्ति मंजूषा देशपांडे की खंडपीठ ने कहा कि इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता कि दुर्घटना दुर्भाग्यपूर्ण थी।

अदालत ने कहा, दो लोगों की जान गई। यह दर्दनाक हादसा तो था ही, लेकिन किशोर भी मानसिक अभिघात में था। खंडपीठ ने पुलिस से यह भी पूछा कि कानून के किस प्रावधान के तहत पोर्श दुर्घटना मामले में नाबालिग आरोपी को जमानत देने के आदेश में संशोधन किया गया और उसे कैद में किस आधार पर रखा गया।

19 मई की सुबह किशोर कथित तौर पर नशे में तेज रफ्तार में पोर्श कार चला रहा था और उसने एक बाइक को टक्कर मार दी, जिससे पुणे के कल्याणी नगर में दो सॉफ्टवेयर इंजीनियरों- अनीश अवधिया और अश्विनी कोष्टा की मौत हो गई। सत्रह-वर्षीय किशोर को उसी दिन किशोर न्याय बोर्ड (जेजेबी) द्वारा जमानत दे दी गई। बोर्ड ने किशोर से सड़क सुरक्षा पर 300 शब्दों का निबंध लिखने को कहा तथा आदेश दिया कि किशोर को उसके माता-पिता और दादा की देखभाल एवं निगरानी में रखा जाए। त्वरित जमानत दिये जाने पर देश भर में हंगामे के बीच, पुलिस ने जेजेबी से जमानत आदेश में संशोधन की अपील की। बोर्ड ने 22 मई को किशोर को हिरासत में लेने का आदेश दिया और उसे एक सुधार गृह में भेज दिया। किशोर की बुआ ने पिछले सप्ताह एक बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका दायर की थी।



पिता को जमानत मिली

पुणे। यह की एक अदालत ने पोर्श कार दुर्घटना से जुड़े एक मामले में शुक्रवार को किशोर आरोपी के पिता को जमानत दे दी। पिछले महीने शहर में हुए इस हादसे में दो सॉफ्टवेयर पेशेवरों की मौत हो गई थी। अदालत ने पांच अन्य आरोपियों को भी जमानत दे दी। इनमें दो बार के मालिक और प्रबंधक भी शामिल हैं।

खंडपीठ ने कहा- यह किस प्रकार की रिमांड है

खंडपीठ ने कहा कि यह किस प्रकार की रिमांड है? रिमांड की शक्ति क्या है? यह किस तरह की प्रक्रिया है, जहां किसी व्यक्ति को जमानत दी गई है और फिर उसे हिरासत में लेकर सुधार गृह भेजने का आदेश दिया जाता है। पीठ ने कहा कि नाबालिग को उसके परिवार के सदस्यों की देखभाल और निगरानी से दूर ले जाया गया और एक सुधार गृह भेज दिया गया। अदालत ने सवाल किया कि पुलिस ने जमानत रद करने के लिए अर्जी क्यों नहीं दी। इसने बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका पर आदेश सुरक्षित रख लिया और कहा कि यह मंगलवार 25 जूनको पारित किया जाएगा।

जांच में खुलासा

रेणुकास्वामी को दिए थे बिजली के झटके

बेंगलुरु। रेणुकास्वामी हत्या मामले की जांच कर रही कर्नाटक पुलिस ने कहा है कि कन्नड़ फिल्म अभिनेता दर्शन थूगुदीपा ने कथित हत्या के बाद कई लोगों से संपर्क किया था जबकि एक अन्य आरोपी ने ये बात स्वीकारा कि पीड़ित को बिजली के झटके दिए गए थे।

पुलिस ने बताया कि आरोपी दो-अभिनेता दर्शन ने कानूनी कार्रवाई से बचने और हत्या की साजिश एवं सबूत नष्ट करने में लगने वाले खर्चे के लिए अपने दोस्त से 40 लाख रुपये लिए थे और राशि बरामद कर ली गई है। पुलिस ने 24वें अतिरिक्त मुख्य मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट के समक्ष दायर हिरासत आवेदन में जांच पर जानकारी साझा की। पुलिस ने कोर्ट से दर्शन और तीन अन्य की हिरासत और पवित्रा गौड़ा व शेष आरोपियों की न्यायिक हिरासत का अनुरोध किया। मामले में दर्शन और गौड़ा सहित कुल 17 लोग आरोपी हैं। अभिनेता के प्रशंसक रेणुकास्वामी ने गौड़ा को अश्लील संदेश भेजे थे, जिससे दर्शन नाराज हो गया और उसकी हत्या कर दी गई। उसका शव 9 जून को सुमनहल्ली में नाले के पास मिला था।

शराब त्रासदी को लेकर कोर्ट ने सरकार को लगाई फटकार

चेन्नई, एजेंसी

- शराब की बिक्री पर अंकुश के लिए उठाए गए कदमों पर विस्तृत रिपोर्ट दाखिल का निर्देश

मद्रास उच्च न्यायालय ने कल्लाकुरिची शराब त्रासदी के लिए शुक्रवार को तमिलनाडु सरकार को फटकार लगाते हुए उसे राज्य में अवैध शराब की बिक्री पर अंकुश के लिए उठाए गए कदमों पर विस्तृत रिपोर्ट दाखिल करने का निर्देश दिया। न्यायमूर्ति डी कृष्णकुमार और न्यायमूर्ति के कुमारेश बाबू की खंडपीठ ने यह निर्देश अखिल भारतीय अन्ना द्रविड़ मुनेत्र कषगम (अन्नाद्रमुक) की विधि इकाई के सचिव आई एस इनबादुरई द्वारा दायर जनहित याचिका पर सुनवायी करते हुए दी।

खंडपीठ ने इस जनहित याचिका पर सुनवाई की अगली तिथि 26 जून तय की। जनहित याचिका में राज्य सरकार को यह निर्देश देने का अनुरोध किया गया था कि वह कल्लाकुरिची जिले में अवैध रूप से शराब बेचने के अपराध की जांच केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) को सौंप दे।

पीठ ने कहा कि रिपोर्ट में कल्लाकुरिची शराब त्रासदी के मामले में की गई कार्रवाई के अलावा पिछले साल विल्लुपुरम के मरकानम में हुई इसी तरह की घटना के बाद की गई कार्रवाई के बारे में भी जानकारी होनी चाहिए। जब मामला सुनवाई के लिए आया तो पीठ ने मौखिक रूप से कहा कि यह मामला लोगों के जीवन से जुड़ा है और इसलिए अदालत जानना चाहती है कि अवैध शराब की बिक्री पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस ने क्या कार्रवाई की और पिछले एक साल में राज्य में कितने मामले दर्ज किए गए।

तमिलनाडु में अवैध शराब से अब तक 48 की मौत, 30 गंभीर

चेन्नई। तमिलनाडु के कल्लाकुरिचि जिले में अवैध देशी शराब पीने से जान गंवाने वालों की संख्या बढ़ कर 48 हो गई है, जबकि अन्य 30 लोगों की हालत गंभीर है। राज्य सरकार ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। कल्लाकुरिची के जिलाधिकारी प्रशांत ने कहा कि इस घटना में गुरुवार तक मारे गए 29 लोगों के शव उनके परिजनों को सौंप दिए गए हैं। उन्होंने शवों का दफना दिया है या तो अंतिम संस्कार कर दिया है। उन्होंने कहा कि अवैध देशी शराब पीने से कुल 165 लोग बीमार हुए थे।

धरने के बाद अन्नाद्रमुक विधायक विस से किए बाहर

जहरीली शराब घटना के खिलाफ धरना दे रहे विपक्ष के नेता ई. के. पलानीस्वामी और अन्नाद्रमुक के अन्य सदस्यों को शुक्रवार को तमिलनाडु विधानसभा से सामूहिक रूप से बाहर निकाल दिया गया। मुख्यमंत्री स्टालिन ने अन्नाद्रमुक पर नाटक करने और भ्रम पैदा करने का आरोप लगाया।

एसआईटी ने सौंपी रिपोर्ट गेम जोन में मिली खामियां

अहमदाबाद, एजेंसी

- गुजरात पुलिस अधिनियम में बदलाव का सुझाव

राजकोट गेम जोन में 25 मई को आग लगने की घटना की जांच के लिए गुजरात सरकार द्वारा गठित विशेष जांच दल (एसआईटी) ने शुक्रवार को अपनी अंतरिम रिपोर्ट गांधीनगर में गृह राज्यमंत्री हर्ष सांघवी को सौंप दी। इस घटना में 27 लोगों की मौत हो गई थी।

वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी सुभाष त्रिवेदी की अध्यक्षता वाली एसआईटी ने 100 पन्नों की अपनी अंतरिम रिपोर्ट में गुजरात पुलिस अधिनियम की धारा 33 में कुछ बदलावों का सुझाव दिया है। संबंधित धारा स्थानीय पुलिस को ऐसे गेम जोन को विभिन्न लाइसेंस प्रदान करने का अधिकार देती है। त्रिवेदी ने कहा हमने आज सरकार को एक अंतरिम रिपोर्ट सौंपी। हमने पुलिस, अग्निशमन विभाग, नगर नियोजन और सड़क एवं भवन विभाग की ओर से खामियां पाईं। उनकी लापरवाही के बारे में प्रासंगिक सबूत एकत्र किए हैं और अपनी रिपोर्ट के माध्यम से सरकार का ध्यान इस ओर आकर्षित किया है। उन्होंने कहा एसआईटी ने गुजरात पुलिस अधिनियम की धारा 33 में कुछ बदलावों का सुझाव दिया है, जिसके तहत स्थानीय पुलिस ऐसी मनोरंजन सुविधाओं के लिए परिसर लाइसेंस और टिकट लाइसेंस देती है।

बच्चों सहित 27 लोगों की हुई थी मौत

गेम जोन में 25 मई को लगी भीषण आग में बच्चों सहित 27 लोगों की मौत हो गई थी। पुलिस की जांच में पता चला कि गेम जोन राजकोट नगर निगम के अग्निशमन विभाग से अनापत्ति प्रमाण पत्र लिए बिना चल रहा था। घटना के बाद, राज्य सरकार ने आग के कारणों, प्रणाली में खामियों का पता लगाने और भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए उठाए जाने वाले कदमों का सुझाव देने के लिए त्रिवेदी के नेतृत्व में एसआईटी का गठन किया था। पुलिस ने घटना के सिलसिले में अब तक गेम जोन के पांच मालिकों और छह सरकारी अधिकारियों को गिरफ्तार किया है।

नीट विवाद : कांग्रेस का देशभर में प्रदर्शन

नई दिल्ली, एजेंसी

कांग्रेस ने मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट के पेपरलीक मामले में शुक्रवार को देश के विभिन्न राज्यों की राजधानियों में प्रदर्शन किया और पेपर लीक के आरोपियों को तत्काल सख्त सजा देने की मांग की। मध्य प्रदेश में कांग्रेस कार्यर्ताओं ने प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी तथा पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह के साथ नीट पेपर लीक घोटाले का विरोध किया और कहा कि मोदी सरकार में लगातार हो रहे पेपर लीक देश की नींव को कमजोर कर रहे हैं। ये लाखों छात्रों के साथ धोखा है, अन्याय है।

छत्तीसगढ़ में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में विरोध प्रदर्शन करते हुए कार्यकर्ताओं ने कहा कि मोदी सरकार में बढ़ते लालच और भ्रष्टाचार से छात्रों का भविष्य दांव पर लगा है। उत्तर प्रदेश में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने प्रदेश अध्यक्ष अजय राय के नेतृत्व में पेपर लीक घोटाले का जमकर विरोध किया और कहा तानाशाह सरकार कितना भी जोर लगा ले अन्याय के खिलाफ हमारी आवाज को नहीं दबा पाएगी। उन्होंने नीट परीक्षा रद करने की मांग करते हुए कहा ये लडाई उन सभी बच्चों और उनके माता-पिता के लिए है जिन्होंने दिन रात मेहनत करके अपने बच्चों को पढ़ाया। इस मेहनत को कुछ लोग चंद पैसों के लिए बेचना चाहते हैं पर हम नहीं बिकने देंगे। जम्मू कश्मीर में प्रदेश अध्यक्ष विकार रसूल वानी के नेतृत्व में कांग्रेस ने प्रदर्शन किया और कहा कि कोचिंग सेंटर, परीक्षा केंद्र तथा मोदी सरकार मिलकर छात्रों का शोषण कर रही है। पश्चिम बंगाल में अधीर रंजन चौधरी के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने नीट परीक्षा पेपर लीक घोटाले में विरोध प्रदर्शन किया और कहा कि मोदी सरकार में पेपर लीक बड़ा संकट बन गया है।

प्रदर्शन के दौरान कांग्रेसी को पुलिस खींच कर ले जाती हुई। ● एजेंसी

- पेपर लीक के आरोपियों को तत्काल सख्त सजा देने की मांग की

भाजपा राज में पेपर लीक राष्ट्रीय समस्या

कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाद्रा ने शुक्रवार को आरोप लगाया कि भाजपा के शासन में पेपर लीक होना राष्ट्रीय समस्या बन गया है और सत्तारूढ़ पार्टी का भ्रष्टाचार देश को कमजोर कर रहा है। प्रियंका ने एक्स पर पोस्ट किया कि देश में 5 सालों में 43 भर्ती परीक्षाओं के पेपर लीक हुए हैं। भाजपा राज में पेपर लीक हमारे देश की राष्ट्रीय समस्या बन गया है जिसने अब तक करोड़ों युवाओं का भविष्य बर्बाद कर दिया है।

पंचायती आदेश को लेकर उप्र सरकार, डीजीपी को नोटिस

नई दिल्ली, एजेंसी

- पंचायत ने दुष्कर्म पीड़िता की मां से कहा था वह आरोपी से 5000 लेकर नाबालिग बेटी का गर्भपात करा ले

राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (एनएचआरसी) ने उन खबरों को लेकर उत्तर प्रदेश सरकार और राज्य के डीजीपी को नोटिस जारी किया है, जिनमें कहा गया है कि एक ग्राम पंचायत ने दुष्कर्म पीड़िता की मां से कहा है कि वह आरोपी से पांच हजार ले और अपनी नाबालिग बेटी का गर्भपात कराए।

आयोग ने शुक्रवार को एक बयान में कहा कि पंचायत के आदेश का पालन न करने की सूरत में कथित तौर पर आरोपी के इशारे पर पीड़ित परिवार को धमकी भी दी गई। एनएचआरसी ने कहा कि उसने 19 जून को मीडिया में आई खबर का स्वतः संज्ञान लिया है, जिसमें कहा गया है कि बागपत जिले में एक ग्राम पंचायत ने यौन उत्पीड़न की शिकार नाबालिग लड़की की मां से कहा है कि वह आरोपी से 5,000 रुपये लेकर बेटी का गर्भपात कराए। आयोग ने कहा है कि यदि खबर सही है तो यह पीड़ित के मानवाधिकारों का घोर उल्लंघन है। पीड़िता के परिवार ने पुलिस में शिकायत की थी कि उसी गांव का एक व्यक्ति दिसंबर 2023 में कथित तौर पर जबरदस्ती उनके घर में घुस आया और लड़की से बलात्कार किया।

बच्ची की सामूहिक दुष्कर्म के बाद हत्या

साहिबगंज (झारखंड)। साहिबगंज जिले में एक आठ वर्षीय बच्ची के साथ तीन नाबालिग सहित चार लोगों ने कथित तौर पर दुष्कर्म किया और बाद में गला घोंटकर उसकी हत्या कर दी। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि चारों आरोपियों को हिरासत में ले लिया गया है। आरोपियों में एक 20 वर्षीय युवक और तीन नाबालिग शामिल हैं, जिनकी उम्र लगभग 16 वर्ष है। बरहरवा के उप-विभागीय पुलिस अधिकारी (एसडीपीओ) मंगल सिंह जामुदा ने बताया कि घटना बुधवार रात की है। उन्होंने बताया कि बच्ची के परिचित आरोपी उसे एक मैदान पर ले गए और उसके साथ दुष्कर्म किया और फिर वे उसे एक सुनसान इमारत में ले गए जहां उन्होंने फिर से उसके साथ दुष्कर्म किया।

जानलेवा हुई लू : मृतक संख्या 143 के पार पहुंची

नई दिल्ली, एजेंसी

- स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार अब तक करीब 41789 लोग तापाघात से पीड़ित

देश के बड़े हिस्से को अपनी चपेट में लेने वाली जानलेवा लू के कारण एक मार्च से 20 जून के बीच 143 से अधिक लोगों की मौत हुई और करीब 41789 लोग संदिग्ध तापाघात से पीड़ित हुए हैं। स्वास्थ्य मंत्रालय के सूत्रों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी।

हालांकि लू से मौतों का आंकड़ा इससे अधिक होने की आशंका है, क्योंकि राष्ट्रीय रोग नियंत्रण केंद्र (एनसीडीसी) द्वारा राष्ट्रीय गर्मी संबंधी बीमारी एवं मृत्यु निगरानी के तहत संकलित किए गए आंकड़ों में राज्यों की ओर से प्रदान की अद्यतन जानकारी शामिल नहीं है। कई चिकित्सा केंद्रों ने अब तक लू से जान गंवाने लोगों की संख्या को 'अपलोड' नहीं किया है। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, 20 जून को ही तापघात के कारण 14 लोगों की मृत्यु की पुष्टि हुई है तथा संदिग्ध तापघात के कारण नौ लोगों की जान गई, जिससे मार्च से जून की अवधि में लू से मरने वालों की संख्या 114 से बढ़कर 143 हो गई है। आंकड़ों के अनुसार, उत्तर प्रदेश सबसे अधिक प्रभावित है, जहां 35 मौतें हुई हैं, इसके बाद दिल्ली (21) और बिहार तथा राजस्थान (17-17) का स्थान है।

इनामी नक्सली समेत नौ माओवादी गिरफ्तार

बीजापुर। छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित बीजापुर जिले में सुरक्षा बलों ने एक इनामी नक्सली समेत नौ माओवादियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि जिले में बासागुड़ा, उसूर और तर्रेम थाना क्षेत्र में अलग-अलग कार्रवाई कर सुरक्षा बलों ने नक्सलियों को गिरफ्तार किया है।

पुलिस के मुताबिक सीआरपीएफ और कोबरा बटालियन के संयुक्त दल को गश्त पर रवाना किया गया था जिस दौरान सुरक्षा बलों ने पुसबाका गांव के जंगल से पांच नक्सलियों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार नक्सलियों में से उसूर एलओएस के सदस्य राजू ओयाम (29) के सिर पर एक लाख रुपये का इनाम है।

आमिर के बेटे की पहली फिल्म की रिलीज पर लगी रोक हटाई

अहमदाबाद, एजेंसी

- कोर्ट ने फिल्म देखने के बाद कहा- इसमें कुछ भी अपमानजनक नहीं

गुजरात उच्च न्यायालय ने शुक्रवार को बॉलीवुड स्टार आमिर खान के बेटे जुनैद की पहली फिल्म महाराज की रिलीज पर लगी अंतरिम रोक हटाते हुए कहा कि फिल्म में कुछ भी अपमानजनक नहीं है और यह पुष्टिमार्ग संप्रदाय को निशाना नहीं बनाती है, जैसा कि याचिका में आरोप लगाया गया है।

अदालत ने फिल्म देखने के बाद कहा कि ओवर द टॉप (ओटीटी) प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर फिल्म को रिलीज करने का आदेश दे दिया। पुष्टिमार्ग संप्रदाय के कुछ सदस्यों ने इसकी रिलीज के खिलाफ याचिका दायर की थी। याचिका में दावा किया गया था कि फिल्म धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाती है। यशराज फिल्म्स (वाईआरएफ) द्वारा निर्मित यह फिल्म 1862 के एक मानहानि मामले पर आधारित है, जिसमें वैष्णव धार्मिक नेता एवं समाज सुधारक करसनदास मुलजी शामिल थे। पुष्टिमार्ग संप्रदाय के कुछ सदस्यों ने नेटफ्लिक्स पर इस फिल्म की रिलीज के खिलाफ याचिका दायर की थी, जिसमें दावा किया गया था कि यह धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाती है।

अपील | तृणमूल कांग्रेस प्रमुख ने प्रधानमंत्री मोदी को लिखा पत्र

तीन नए कानूनों को टालने का आग्रह

नई दिल्ली, एजेंसी

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को पत्र लिखकर हड़बड़ी में पारित तीन नए आपराधिक कानूनों के कार्यान्वयन को टालने का आग्रह किया है। ये तीनों कानून एक जुलाई से लागू होने हैं। ममता ने आपराधिक कानूनों की नए सिरे से संसदीय समीक्षा पर जोर दिया। तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) प्रमुख ने मोदी को लिखे पत्र में तीनों कानूनों के आसन्न कार्यान्वयन को लेकर गंभीर चिंता जताई।

ये तीन नए कानून हैं, भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम, 2023। टीएमसी प्रमुख ने गुरुवार को वरिष्ठ कांग्रेस नेता पी चिदंबरम से भी मुलाकात की, जो विधेयकों की जांच करने वाली संसद की स्थायी समिति का हिस्सा थे।

- 1 जुलाई से लागू होने हैं तीनों नए आपराधिक कानून

146 सांसद निलंबित थे तब पारित हुए विधेयक

टीएमसी नेता डेरेक ओ ब्रायन, द्रमुक नेता एनआर एलंगो और चिदंबरम ने तीनों विधेयकों पर अपनी रिपोर्ट में असहमति जताई थी। ममता ने कहा कि ये तीनों विधेयक लोकसभा में ऐसे समय में पारित हुए, जब 146 सांसद सदन से निलंबित थे। ममता ने कहा कि आपकी सरकार ने इन तीन विधेयकों को एकतरफा पारित कर दिया था। उस दिन, लोकसभा के लगभग 100 सदस्यों को निलंबित कर दिया गया था और दोनों सदनों के 146 सांसदों को संसद से बाहर निकाल दिया गया था।

अपुत्रस्य गृहं शून्यं दिश : शून्यास्त्वबान्धवा : ।
मूर्खस्य हृदयं शून्यं सर्वशून्यं दरिद्रता ॥

पुत्रहीन के लिए घर सुना हो जाता है जिसके भाई न हो उसके लिए दिशाएं सूनी हो जाती हैं, मूर्ख का हृदय सूना होता है, किंतु निर्धन के लिए सब कुछ सूना हो जाता है।

संपादकीय

लंबित सुधारों का समय

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की अध्यक्षता में वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) परिषद की शनिवार को होने वाली बैठक में लिए जाने वाले निर्णयों और सिफारिशों पर कारोबारियों, नीति निर्माताओं और आम जनता सहित विभिन्न हितधारकों की नजर बनी हुई है। गत वर्ष अक्टूबर के बाद पहली बार होने वाली इस बैठक में, परिषद के पास बहुत सारे नियमित काम हो सकते हैं, जिसमें ऑनलाइन गेम और कैसीनो पर 28 फीसदी शुल्क जैसे पिछले फैसलों से संबंधित स्पष्टीकरण और समीक्षाएं शामिल हैं। उम्मीद की जा रही है कि परिषद जीएसटी की जटिल, बहु-दर संरचना को तर्कसंगत बनाने की योजना को पुनर्जीवित करने जैसी बड़ी चीजों के लिए भी वक्त निकालेगी। परिषद के लिए अपने लंबित सुधार संबंधी एजेंडे पर जोर देने का यह सही समय है ताकि इसे मूल रूप से परिकल्पना के मुताबिक वास्तव में एक अच्छा और सरल कर बनाया जा सके। गौरतलब है कि जीएसटी परिषद समय-समय पर जीएसटी व्यवस्था से संबंधित मामलों पर विचार-विमर्श करने के लिए यह बैठक करती है, जिसमें कर दरें, नीतिगत बदलाव और प्रशासनिक मुद्दे शामिल होते हैं। देश में जीएसटी व्यवस्था की शुरुआत एक जुलाई, 2017 को हुई थी। सात वर्ष में यह 1.46 करोड़ से अधिक पंजीकरणों के साथ अप्रत्यक्ष करों के लिए दुनिया का सबसे बड़ा मंच बन गया है।

जीएसटी परिषद भारत के अप्रत्यक्ष कर ढांचे को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है, यह सुनिश्चित करती है कि यह देश के आर्थिक लक्ष्यों के अनुरूप हो और नागरिकों व व्यवसायों पर कर का बोझ कम करे। बिजली, प्राकृतिक गैस और पेट्रोलियम उत्पादों जैसे बाहर रखे गए मदों को जीएसटी के दायरे में लाने के लिए एक रोडमैप तैयार करने की भी जरूरत है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि व्यवसाय जगत इन इनपुट के लिए क्रेडिट का लाभ उठा सकें। शुक्रवार को वैश्विक व्यापार अनुसंधान पहल (जीटीआरआई) ने 1.5 करोड़ रुपये तक कारोबार वाली कंपनियों के लिए जीएसटी छूट सीमा बढ़ाने, जीएसटी स्लैब की संख्या घटाने और राज्यवार पंजीकरण खत्म करने जैसे कई सुधारों का सुझाव दिया। जीटीआरआई ने कहा कि ऐसा करके जीएसटी को अधिक कुशल और व्यापार के अनुकूल बनाया जा सकेगा। यानि छोटी कंपनियों के लिए अनुपालन को आसान बनाने के साथ-साथ सभी व्यवसायों के लिए इस प्रणाली को सरल बनाने की गुंजाइश है। हालांकि जीएसटी परिषद जीएसटी से संबंधित निर्णय लेती है, लेकिन केंद्र सरकार को, राजनीतिक संरचना से परे, लंबित सुधारों को शुरू करना चाहिए। वित्त वर्ष 2023-24 में जीएसटी संग्रह 20.18 लाख करोड़ रुपये तक पहुंच गया और इसमें सुधार की गुंजाइश है। यह हमारी सुधरती अर्थव्यवस्था का मजबूत संकेत हैं।

मांसाहार, शाकाहार और पशु वध

डॉ.राजीव अग्रवाल
शाहजहांपुर

हम चाहें तो स्वयं मांस कभी न खाएं। किसी दुर्गम स्थान में फंस जाने पर और वहां खाने के लिए केवल मांस होने पर भी हम मांस न खाएं और अपने प्राण दे दें, लेकिन क्या हमें दूसरों से भी ऐसी ही आशा करनी चाहिए? क्या यह न्याय संगत होगा?

इन दिनों सोशल मीडिया पर बहस चल रही है। बहस में मांसाहार और शाकाहार पर विचार व्यक्त किए जा रहे हैं और जो एक विशेष धार्मिक मत के त्योहार पर प्रारंभ हुई थी। मांसाहार के लिए होने वाले पशु-वध पर बात करें तो जंतु-जगत जिसमें मानव भी सम्मिलित है, अपने आहार के लिए अन्य जीवन को नष्ट तो करता ही है। हरे पौधे ही प्रकाश, कार्बन डाइऑक्साइड और पानी से अपना भोजन स्वयं बना सकते हैं, जंतु नहीं। उन्हें तो वनस्पतियों द्वारा बनाए गए भोजन पर भी निर्भर रहना पड़ेगा। क्योंकि यह भोजन उन वनस्पतियों के शरीर के अंदर ही भंडारित होता है, इसलिए उन्हें वनस्पतियों के प्राण भी लेने ही होंगे।

निश्चित रूप से वनस्पतियां भी जीवित होती हैं। हम लोग तमाम अन्य प्राणियों के प्राण भी लेते ही हैं। हम लोग न मालूम कितने बैक्टीरिया और वायरसेज को मार देते हैं। दही तो लैक्टोबैसिलस बैक्टीरिया का संवर्धन ही होता है, हम इसे आराम से खाते हैं। हम अनेक कृमियों और अपने लिए हानिकारक कीटों को भी नष्ट करते ही हैं। ऐसा करते समय हम किंचित भी अपराध बोध से ग्रस्त नहीं होते हैं। अंतर कहां पर है? अंतर इन जीव-जंतुओं की चेतना के स्तर में है। एक बैक्टीरियम, एक स्पंज, एक कॉकरोच, एक बकरे और एक मानव की चेतना के स्तर में अंतर होता है। यह अंतर उनके मस्तिष्क अथवा तंत्रिका तंत्र में अंतर के कारण होता है।

यदि लोग आत्मा की बात करते हैं तो जैसा कि कहा जाता है। आत्मा हर जीव-जाति या 'योनि' में एक समान ही होती है, तब तो फिर किसी भी जीव का वध एक समान ही होना चाहिए। तब तो एक पौधे, एक अमीबा, एक बकरे और एक मानव का वध एक समान ही होना चाहिए, लेकिन क्या ऐसा वास्तव में है? क्या एक पौधे को मारना, एक चींटी को मारना, एक कॉकरोच को मारना, एक बकरे को मारना और एक मानव को मारना एक समान ही है? नहीं, ऐसा नहीं है। यह अंतर चेतना के अंतर के कारण ही है। एक पौधा पीड़ा का अनुभव नहीं करेगा, एक स्पंज भी ऐसा नहीं करेगा, एक बकरा पीड़ा और डर का अनुभव करेगा और एक मनुष्य इन बातों के अतिरिक्त अन्य प्रकार से प्रभावित भी होगा। उसके परिजन दुःखी होंगे, उस व्यक्ति के सारे विचार नष्ट हो जाएंगे, उसकी बुद्धिमत्ता से समाज वंचित हो जाएगा।

> जीव-जातियों में ये सारे अंतर उनके मस्तिष्क में अंतर और उससे उत्पन्न उनकी चेतना में अंतर के कारण हैं। अत : जो प्राणी दु :ख और कष्ट का अनुभव करता है, हम अपने भोजन के लिए उसे कष्ट क्यों पहुंचाएं? यदि हमारे पास अन्य प्रकार का भोजन उपलब्ध है तो हम उसे ही क्यों न उपयोग में लाएं? हम पशु वध क्यों करें? हम वसुधैव कुटुंबकम् की भावना को उसके मूल रूप में क्यों न देखें? लेकिन हम भोजन संबंधी इन बातों के लिए एक निश्चित नियम नहीं बना सकते हैं। इसमें हमें अनेक बातें देखनी पड़ेंगी। इसमें हमें विशेष प्रकार के भोजन की उपलब्धता और अनुपलब्धता भी देखनी पड़ेगी।

जीव-जातियों में ये सारे अंतर उनके मस्तिष्क में अंतर और उससे उत्पन्न उनकी चेतना में अंतर के कारण हैं। अतः जो प्राणी दुःख और कष्ट का अनुभव करता है, हम अपने भोजन के लिए उसे कष्ट क्यों पहुंचाएं? यदि हमारे पास अन्य प्रकार का भोजन उपलब्ध है तो हम उसे ही क्यों न उपयोग में लाएं? हम पशु-वध क्यों करें? हम वसुधैव कुटुंबकम् की भावना को उसके मूल रूप में क्यों न देखें? लेकिन हम भोजन संबंधी इन बातों के लिए एक निश्चित नियम नहीं बना सकते हैं। इसमें हमें अनेक बातें देखनी पड़ेंगी। इसमें हमें विशेष प्रकार के भोजन की उपलब्धता और अनुपलब्धता भी देखनी पड़ेगी। क्या हम बंगालियों जिनको मछली प्रचुर मात्रा में उपलब्ध है से यह कहें कि वह मछली खाना बंद कर दें? क्या हम चीनी लोगों से कीड़े-मकोड़े और अन्य प्रकार के जीव जंतुओं को खाना बंद करने के लिए कहें? क्या हम संसार के अरबों मांसाहारी लोगों को 'पापी' मानें? मैं ऐसा नहीं करना चाहूंगा।

बहुत से ठंडे प्रदेशों, जहां केवल मास और लाइकेन होते हैं और जिन्हें रेनडियर तो खा सकते हैं, लेकिन मानव नहीं, में हम मानव को उन मॉसेज और लाइकेंस को खाने पर विवश करें? नहीं, हमें ऐसा नहीं करना चाहिए। बायोलॉजिकली भी हम ऐसा नहीं कर सकते हैं। यदि मानव को उन प्रदेशों में रहना है तो उसे रेनडियर को खाना ही पड़ेगा। कुल मिलाकर मैं यही कह सकता हूं कि हम जीव-दया का सिद्धांत अपने मन में सदैव रखें, लेकिन हम इसके लिए कट्टर न हों। इसके अतिरिक्त हम नियम अपने लिए तो बनाएं अन्य के लिए नहीं। हम दूसरों को अपने नियम मानने पर विवश न करें। हम हमारे नियमों को दूसरों के द्वारा न माने जाने पर उन्हें 'पापी' न कहें। हम उनके ऐसा करने पर उन्हें एक 'निम्न स्तर' का मानव न मानें। हम चाहें तो स्वयं मांस कभी न खाएं। किसी दुर्गम स्थान में फंस जाने पर और वहां खाने के लिए केवल मांस होने पर भी हम मांस न खाएं और अपने प्राण दे दें, लेकिन क्या हमें दूसरों से भी ऐसी ही आशा करनी चाहिए? क्या यह न्यायसंगत होगा?

एक बात और है। यह बात तो भोजन के लिए पशु वध की थी। यहां तो लचीला हुआ जा सकता है, लेकिन धर्म के नाम पर देवी-देवताओं को प्रसन्न करने के नाम पर, उस 'ऊपर वाले' को प्रसन्न करने के नाम पर पशु वध को किसी भी सूरत में सही कैसे कहा जा सकता है? इन कार्यों के पीछे जो भी कारण बताए जाते हैं, यदि हम उनको तर्क के तराजू पर तौलें तो वह सब खोखले ही सिद्ध होंगे। मैं मनुष्य के लिए हानिकारक वायरसेज, बैक्टीरिया, कृमियों, कीटों और पशुओं का वध करना चाहूंगा। मैं संक्रमण होने पर उन हानिकारक जीवों को मारने के लिए दवाई खाना पसंद करूंगा। एक आदमखोर जंतु को भी और कोई उपाय न रहने पर मार ही दिया जाता है, क्योंकि मनुष्य की चेतना उस पशु की चेतना से बेहतर होती है। अपने आप को और अपनी जाति को जीवित रखना सबसे बड़ा धर्म है। यह वह मूल बायोलॉजिकल गुण है जिसके कारण जातियों में विकास हुआ और वह जीवित रह पाईं जिसके कारण जीवन के प्रारंभिक रूपों से आज के विविध रूप उत्पन्न हुए। इसलिए हमें खाना भी खाना होगा और अपनी रक्षा भी करनी होगी, लेकिन ऐसा हम दूसरों को जितना कम कष्ट पहुंचाकर कर सकें, उतना अच्छा है। मनुष्य अपने भोजन के लिए दूसरों को कुछ कष्ट तो पहुंचाता ही है। वह मधुमक्खियों से उनका शहद छीन लेता है और गाय-भैंसों के बच्चों से उनका दूध, लेकिन यह कष्ट जितना कम हो सके उतना अच्छा है। मैं धर्म के नाम पर एक तार्किक दृष्टिकोण रखना पसंद करूंगा।

एक अंतिम प्रश्न और है। अब कृत्रिम शहद और कृत्रिम दूध भी बन गया है। उनका सेवन उचित ही है। वैसे पशुओं से प्राप्त दूध एक जंतु उत्पाद ही है। हां, अब वनस्पतियों से भी दूध प्राप्त कर लिया गया है। आज पौधों की जेनेटिक इंजीनियरिंग करके उनसे मानव के समान गुणों वाला दूध भी प्राप्त कर लिया गया है। प्रयोगशालाओं में कृत्रिम मांस भी बना लिया गया है। यह एक जंतु कोशिका को संवर्धित करके बना लिया जाता है। वैसे ही जैसे वनस्पति कोशिका से वनस्पति प्राप्त की जा सकती है। इस कृत्रिम मांस को बनाने और उसे खाने में हम किसी भी प्राणी को किंचित भी कष्ट नहीं पहुंचा रहे होते हैं। यह पौष्टिक तत्वों का एक अच्छा स्रोत होता है और उचित मात्रा में लेने पर यह किसी भी प्रकार हानिकारक नहीं होता है। क्या इसे भी खाना मना होना चाहिए? यदि हां, तो क्या इसके पीछे केवल कुछ धार्मिक कारण ही कहे जाएंगे? क्या वह धार्मिक कारण समुचित होंगे? क्या यह मांस जीवित माना जाएगा अथवा मृत? और क्या इसकी कोशिकाओं में आत्माएं मानी जाएंगी? वैज्ञानिक रूप से तो जीवित कोशिकाओं से बना मांस जीवित ही होता है। ठीक वैसे ही, जैसे जीवित वनस्पति कोशिकाओं से बना कोई आलू जीवित होता है। भले ही वह प्राकृतिक रूप से बना हो अथवा कृत्रिम रूप से।

प्रसंगवश

कभी अनपढ़ भी हो सकता है प्रधानमंत्री

केंद्र सरकार की महिला एवं बाल विकास राज्यमंत्री सावित्री ठाकुर मध्य प्रदेश के धार जिले के एक कार्यक्रम में बोर्ड पर "बेटी पढ़ाओ बेटी बचाओ" सही ढंग से नहीं लिख पाईं, बहुत गलत लिखा। इसकी खूब खिल्ली उड़ रही है। दरअसल संविधान में लोकसभा सदस्य या मंत्री बनने के लिए कोई न्यूनतम शैक्षिक योग्यता निर्धारित ही नहीं है। तब इस तरह के नमूने तो आते ही रहेंगे। कभी अनपढ़, अंगूठा टेक व्यक्ति देश का प्रधानमंत्री भी हो सकता है। नेहरू मंत्रिमंडल में मौलाना अबुल कलाम आजाद शिक्षा मंत्री थे। वे थे तो विद्वान, किंतु अंग्रेजी व अन्य बाहरी भाषाओं के, अपनी स्वदेशी हिंदी के नहीं। तत्समय हिंदी के प्रसिद्ध कवि सूर्यकांत त्रिपाठी 'निराला' लखनऊ के एक अस्पताल में बीमार चल रहे थे। ऐसे में प्रसिद्ध हिंदी कवयित्री महादेवी वर्मा ने कलाम साहब को पत्र लिखकर निराला जी के सही ढंग से इलाज कराने की मांग की। कलाम साहब ने उत्तर प्रदेश के तत्कालीन मुख्यमंत्री चंद्रभानु गुप्त को पत्र लिखा। पत्र कुछ यूं थाः 'यूपी से महादेवी नाम की औरत ने मुझे खत लिखकर वाकिफ कराया है कि लखनऊ के एक अस्पताल में निराला नाम का शख्स जेर इलाज है। आप गौर करके उसका सही इलाज करवा दीजिए'। गुप्ता जी ने इलाज की समुचित व्यवस्था तो की, किंतु वह खत पत्रकारों को दिखा दिया कि देखो देश का शिक्षा मंत्री महादेवी जी और निराला जी को नहीं जानता। मेरी नौकरी के कालखंड में एक मंत्री जिले के मुआयने पर आए। शायद पढ़े लिखे नहीं थे। कार्यालय घूमे तीन-चार जगह फाइलों में हाथ लगाया, तो कुछ मिट्टी उंगली में लग गई। उन्होंने बस यह टिप्पणी की "गंदगी है, आप लोग धूल साफ करिये"। तात्पर्य यह है कि संविधान में ऐसे संशोधन किए जाएं कि अशिक्षित और अल्प शिक्षित मंत्री न बन सकें। समुचित योग्यता तो सांसद और विधायक की भी होनी चाहिए। नीति के श्लोकों में भी अनपढ़ के लिए कहा गया है, "न शोभते सभा मध्ये हंस मध्ये बको यथा"।। कुरान शरीफ की पहली पांच आयतें, जो हिरा की गुफा में नाजिल हुईं, उनका पहला शब्द था "इकरा" यानी पढ़ो। समूची संसद को इस पर ध्यान देना चाहिए।



रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

बड़ी अर्थव्यवस्था पर प्रति व्यक्ति आय में पीछे

भारत अपनी विविध संस्कृति, बढ़ती जनसंख्या और तीव्र आर्थिक विकास के साथ सकल घरेलू उत्पाद के हिसाब से दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनकर उभरा है। यह मील का पत्थर आर्थिक विकास और वैश्विक व्यापार में देश की महत्वपूर्ण प्रगति को रेखांकित करता है। हालांकि इस प्रभावशाली रैंकिंग के बावजूद, भारत प्रति व्यक्ति आय के मामले में कई शीर्ष अर्थव्यवस्थाओं से काफी पीछे है।

यह असमानता महत्वपूर्ण चुनौतियों को उजागर करती है और समावेशी विकास सुनिश्चित करने के लिए रणनीतिक हस्तक्षेप की आवश्यकता को रेखांकित करती है। सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) एक विशिष्ट अवधि में किसी देश के भीतर उत्पादित सभी वस्तुओं और सेवाओं के कुल मूल्य का प्रतिनिधित्व करता है। यह आर्थिक स्वास्थ्य और आकार का एक महत्वपूर्ण संकेतक है। दूसरी ओर प्रति व्यक्ति आय की गणना जीडीपी को देश की जनसंख्या से विभाजित करके की जाती है, जो प्रत्येक नागरिक द्वारा अर्जित औसत आय को दर्शाती है, जबकि उच्च जीडीपी एक मजबूत अर्थव्यवस्था का प्रतीक है, उच्च प्रति व्यक्ति आय बेहतर जीवन स्तर और धन वितरण का संकेत देती है।

भारत की कम प्रति व्यक्ति आय के पीछे कारण भारत की जनसंख्या दोधारी तलवार है। उच्च जनसंख्या घनत्व, विशेष रूप से शहरी क्षेत्रों में, संसाधनों और बुनियादी ढांचे पर दबाव डालता है जिससे पूरे मंडल में जीवन स्तर में सुधार करना चुनौतीपूर्ण हो जाता है। देश की आर्थिक वृद्धि के बावजूद, धन वितरण असमान बना हुआ है। जनसंख्या का एक बड़ा हिस्सा गरीबी रेखा से नीचे रहता है, जबकि एक छोटा प्रतिशत पर्याप्त धन का आनंद लेता है। यह असमानता प्रति व्यक्ति आय के आंकड़ों को खराब करती है और समावेशी आर्थिक नीतियों की आवश्यकता पर प्रकाश डालती है।

रजत मेहरोत्रा
वित्तीय सलाहकार

> भारत की आबादी का एक बड़ा हिस्सा अभी भी कृषि पर निर्भर है, जो सेवाओं और उद्योग की तुलना में सकल घरेलू उत्पाद में एक छोटा हिस्सा योगदान देता है।

भारत की आबादी का एक बड़ा हिस्सा अभी भी कृषि पर निर्भर है, जो सेवाओं और उद्योग की तुलना में सकल घरेलू उत्पाद में एक छोटा हिस्सा योगदान देता है। भारत के कार्यबल का एक महत्वपूर्ण हिस्सा अनौपचारिक क्षेत्र में कार्यरत है जिसमें कम वेतन, नौकरी की असुरक्षा और सामाजिक सुरक्षा लाभों की कमी शामिल है। अल्प रोजगार भी बड़े पैमाने पर है, जहां व्यक्तियों को ऐसी नौकरियों में नियोजित किया जाता है, जो उनके कौशल और क्षमताओं का पूरी तरह से उपयोग नहीं करते हैं जिससे उत्पादकता और कमाई कम हो जाती है। हालांकि भारत ने शैक्षिक पहुंच में सुधार लाने में प्रगति की है, लेकिन गुणवत्तापूर्ण शिक्षा असमान रूप से वितरित है। शिक्षा में यह अंतर निम्न कुशल नौकरियों और कम कमाई की क्षमता में तब्दील हो जाता है। भारत की स्वास्थ्य सेवा प्रणाली में सुधार हो रहा है, फिर भी विशेषकर ग्रामीण क्षेत्रों में इसे महत्वपूर्ण चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। खराब स्वास्थ्य परिणाम, कुपोषण और अपर्याप्त स्वास्थ्य सेवा बुनियादी ढांचा कार्यबल की समग्र उत्पादकता और आर्थिक योगदान को प्रभावित करते हैं।

दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की भारत की यात्रा सराहनीय है, लेकिन इसकी जीडीपी और प्रति व्यक्ति आय के बीच असमानता महत्वपूर्ण संरचनात्मक चुनौतियों को उजागर करती है। इन मुद्दों के समाधान के लिए एक बहुआयामी दृष्टिकोण की आवश्यकता है जिसमें समावेशी विकास, कौशल विकास, बुनियादी ढांचे और सामाजिक कल्याण पर ध्यान केंद्रित किया जाए। सरकार की पहल आशाजनक हैं, लेकिन निरंतर प्रयास और प्रभावी कार्यान्वयन यह सुनिश्चित करने के लिए महत्वपूर्ण है कि आर्थिक विकास सभी नागरिकों के लिए बेहतर जीवन स्तर में तब्दील हो।

इन चुनौतियों का समाधान करके, भारत न केवल अपनी प्रति व्यक्ति आय बढ़ा सकता है, बल्कि अपनी आबादी के लिए अधिक न्यायसंगत और समृद्ध भविष्य भी सुनिश्चित कर सकता है। तकनीकी प्रगति और बदलती भू-राजनीतिक गतिशीलता के कारण वैश्विक आर्थिक परिदृश्य तेजी से बदल रहा है। भारत को अनुसंधान और विकास में निवेश करना चाहिए, नवाचार की संस्कृति को बढ़ावा देना चाहिए और प्रतिस्पर्धी बने रहने के लिए डिजिटल परिवर्तन को अपनाना चाहिए।

सोशल फोरम

दक्षिण में धार्मिक संरक्षणशीलता

त्रिवेंद्रम के प्राचीन पद्मनाभ मंदिर गया था, जो एक विष्णु मंदिर है। यहां विष्णु अनंत शय्या पर सो रहे हैं। इसलिए इस शहर का नाम तिरुअनंतपुरम है। इस मंदिर में पुरुषों को बस कमर के नीचे एक धोती में प्रवेश करना होता है, स्त्रियां पूरी साड़ी में होती हैं।

इस मंदिर के बारे में कहा गया है कि यह एक दूसरे प्रमुख वैष्णव क्षेत्र तिरुपति से भी अधिक संपत्तिवान मंदिर है। देखा गया है कि जहां विष्णु हैं, वहां संपत्ति की महिमा अधिक है, जबकि शैव मंदिर में संपत्ति की प्रधानता नहीं है।

शंभुनाथ
सेवानिवृत्त प्रोफेसर, कोलकाता

प्रचारित है कि यहां कुछ बंद दरवाजे खोलकर कैग ने स्वर्ण और हीरे-जवाहरात की एक लाख करोड़ की संपत्ति का उद्धार किया था और अभी एक रहस्यमय दरवाजा बंद है जहां इससे भी अधिक संपत्ति है। मेरे देखने-समझने में यही आया कि ये सब अफवाहें हैं। इस मंदिर के चारों तरफ सुंदर प्राचीन मूर्तियां हैं, यक्ष और देवताओं की। एक जगह अद्भुत रूप से महाभारत के अश्वत्थामा का मंदिर है। मेरे लिए सबसे विस्मयजनक यह था कि ट्रावनकोर के राजा द्वारा लगभग तीन सौ साल पहले पुनर्निर्मित यह मंदिर अभी तक अपने प्राचीन स्वरूप में है। इसमें आधुनिक भव्यता का रत्ती भर प्रवेश नहीं है, यहां तक कि मुख्य गर्भ गृह में बिजली की लाइट भी नहीं है। इसकी जगह पवित्र अंधकार में डूबे सैकड़ों दीप जल रहे हैं। यहां तक कि अनंत निद्रा में खुद विष्णु स्पष्ट नहीं दिखते। फिर भी ज्यादातर दक्षिण भारतीय भक्त टूट पड़े हैं यहां और पद्मनाभ रूप में खो गए हैं।

त्रिवेंद्रम के इस प्रसिद्ध मंदिर में हर तरफ एक शांत धार्मिक परिवेश है, जहां कुछ भी मजेदार नहीं है। यहां लोग सैलानी नहीं हैं, सचमुच के ईश्वर भक्त हैं।

यदि काशी और अयोध्या के मंदिर पुनर्निर्मित होकर आधुनिक सुख और सुविधाओं से चमक रहे हैं और भीड़ को आकर्षित करते हैं, पद्मनाभ मंदिर में उसकी अपनी प्राचीन दिव्यता बरकरार है, जो भक्तों को आकर्षित करती है। दक्षिण भारत के लोगों में धार्मिक संरक्षणशीलता ज्यादा है, जबकि उत्तर भारत के उन्मादी धार्मिक लोगों ने धर्म को पान मसाला बना दिया है।

-फेसबुक वॉल से

अव्यवस्थित नगर में तब्दील हो गया है स्वप्नलोक

"तुम्हारे शहर में ये शोर सुन-सुनकर तो लगता है कि इंसानों के जंगल में कोई हांका हुआ होगा।" दुष्यंत कुमार की गजल का यह शेर सरोवर नगरी नैनीताल की मौजूदा हालातों को बखूबी व्यक्त करता है। इंसानों और वाहनों की बेतहाशा भीड़ के चलते नगर की सांसें थम सी गईं हैं। सुंदर प्राकृतिक झील, अनुपम सौंदर्य और स्वास्थ्यवर्धक जलवायु के मद्देनजर 180 वर्ष पूर्व अंग्रेजों ने नैनीताल नगर की बसावट शुरू की थी। औपनिवेशिक शासक नैनीताल की तुलना यूरोपीय देशों से करते थे। अंग्रेज यहां के पारिस्थितिक एवं पर्यावरण का विशेष ख्याल रखते थे। तब नैनीताल की सुंदरता, शांति और सुरक्षा, विश्व विख्यात थी।

आज ये सभी खतरे में हैं। नैनीताल की बसासत के प्रारंभिक चरण में यहां आने-जाने के लिए रास्तों की समुचित व्यवस्था नहीं थी। तब कालाढूंगी से पैदल नैनीताल आया जाता था। कालांतर में पुरुषों के लिए घोड़ों की सवारी और महिला यात्रियों के लिए डांडी की व्यवस्था बना ली गई थी। 24 अक्टूबर, 1884 को काठगोदाम रेल यातायात से जुड़ गया। फिर यात्रीगण कालाढूंगी के बजाय काठगोदाम से पैदल नैनीताल आने लगे थे। इस दरम्यान नैनीताल नॉर्थ वेस्टर्न प्रोविंसेज आगरा एंड अवध की ग्रीष्मकालीन राजधानी बन गया था। तब नॉर्थ वेस्टर्न प्रोविंसेज के सर्वशक्तिमान ओहदेदार लेफ्टिनेंट गवर्नर, प्रांत के आला अधिकारी समेत सभी कारकुन काठगोदाम से घोड़े की सवारी अथवा पैदल नैनीताल आया करते थे। कालांतर में ब्रेबरी तक तांगे आने लगे। ब्रेबरी से घोड़ों में बैठकर अथवा पैदल नैनीताल आया जा सकता था। 1893 में नैनीताल तक तांगे पहुंच गए थे। नैनीताल की बसावट के करीब सात दशक बाद 1915 में यहां मोटर सड़क पहुंची। तब तक नैनीताल विश्व मानचित्र में अपना विशिष्ट स्थान बना चुका था। लेफ्टिनेंट गवर्नर समेत सभी अंग्रेज हुक्मरान और उनके परिजन नगर के भीतर हाथ रिक्शा और घोड़ों की सवारी किया करते थे। 1901 में जब नैनीताल की ग्रीष्मकालीन आबादी 7609 थी, सिर्फ 520 बंगले और दूसरे मकानात थे। अंग्रेज नैनीताल के नाजुक पर्यावरण के मद्देनजर यहां निश्चित सीमा से अधिक आबादी को बसाने के सख्त खिलाफ थे।

प्रयाग पाण्डे
वरिष्ठ पत्रकार

> नैनीताल जैसे नाजुक पर्यावरण वाले पहाड़ी नगरों को जन पर्यटन नहीं प्रकृति प्रेमियों को बढ़ावा देने की आवश्यकता है। जन पर्यटन उन्हीं आकर्षणों को नष्ट कर रहा है, जो उन्हें यहां आने के लिए आकर्षित करते हैं।

कुमाऊं के तत्कालीन कमिश्नर कैप्टन ए. डब्ल्यू. इबट्सन ने 19 जुलाई, 1929 को नगर पालिका, नैनीताल की वार्षिक रिपोर्ट में लिखी एक टिप्पणी में कहा था-"इस समय नैनीताल की एक स्वास्थ्यप्रद नगर की छवि है, पर भविष्य में इस छवि को बनाए रखने में कुछ जटिल समस्याएं नजर आ रही हैं। इसमें कोई संदेह नहीं कि यह नगर अति इंसानों से भर गया है।" जब कैप्टन इबट्सन ने यह टिप्पणी की उस दौर में नैनीताल की आबादी करीब बारह हजार थी। 1937 में नगर पालिका ने नैनीताल की मालरोड में नियंत्रित यांत्रिक यातायात की अनुमति प्रदान कर दी। मालरोड में यांत्रिक यातायात की अनुमति दिए हुए दो साल भी नहीं बीते थे भू-वैज्ञानिकों ने मालरोड के अतिरिक्त अन्य स्थानों में वाहनों की आवाजाही का विरोध करना प्रारंभ कर दिया था। भारतीय भू-वैज्ञानिक सर्वेक्षण के तत्कालीन अधीक्षक ए. एल. कॉल्सन ने 5 अगस्त, 1939 की अपनी एक रिपोर्ट में नैनीताल नगर के भीतर वाहनों की आवाजाही पर पाबंदी लगाने की सिफारिश की। इसके बाद मालरोड में वाहनों की आवाजाही को हतोत्साहित करने की दृष्टि से लेक ब्रिज शुल्क की व्यवस्था की गई। अब यह व्यवस्था नगर पालिका की आमदनी का मुख्य स्रोत बन गई है। 22 जनवरी, 1942 को नगर पालिका ने मालरोड में दस पैदल रिक्शे चलाने की अनुमति दी। प्रारंभ में सभी रिक्शों का स्वामित्व एवं संचालन नगर पालिका के पास ही था।

1947 में भारत आजाद हो गया। अंग्रेज अपने वतन लौट गए। संरक्षणवादी नीतियों को भी अपने साथ ले गए। 1960 के दशक में मालरोड में यांत्रिक यातायात नहीं के बराबर था। राजभवन को छोड़कर मालरोड के अलावा नगर के अन्य हिस्सों में गाड़ियों का संचालन प्रतिबंधित था। 1980 के दशक तक भी नगर में यांत्रिक यातायात नियंत्रित संख्या में था। यहां हवाखोरी को आने वाले अधिकांश सैलानी पैदल टहलना पसंद करते थे। देश के शीर्ष राजनेताओं को भी पैदल चलने में संकोच नहीं होता था। वीआईपी कल्चर इस कदर हावी नहीं था। मारुति संस्कृति आने के बाद नैनीताल का पूरा परिदृश्य बदल गया। नैनीताल नगर में मोटर मार्ग बाजार क्षेत्र, अश्व मार्ग और पैदल मार्ग सहित सड़कों की कुल लंबाई करीब एक सौ किलोमीटर के आसपास है। इसमें वाहन चालित सड़कों के रूप में मान्य सड़कों की लंबाई करीब 18 किलोमीटर है। बाकी पैदल मार्ग हैं। एक मोटे अनुमान के अनुसार नैनीताल में निजी एवं टैक्सी चौपहिया वाहनों की संख्या करीब साढ़े तीन हजार है। यहां मकानों की संख्या करीब दस हजार के आसपास पहुंच गई है। पर्यटक सीजन के दिनों प्रशासन द्वारा निश्चित संख्या में ही पर्यटक वाहनों को नगर में प्रवेश की आज्ञा दी जाती है। बावजूद इसके पीक सीजन में प्रतिदिन करीब ढाई-तीन हजार पर्यटकों के निजी वाहन नैनीताल आते हैं। इनकी निरंकुश रफ्तार के चलते पैदल चलने का अर्थ जीवन को खतरे में डालना हो गया है। अनियंत्रित, अनियोजित एवं अदूरदर्शी विकास ने स्वप्नलोक को एक अव्यवस्थित और अति भीड़भाड़ वाले नगर में बदल दिया है। इंतजामिया नैनीताल नगर की भार वहन क्षमता का आकलन कर तदनुसार गाड़ियों की संख्या नियंत्रित करने के बजाय पार्किंग बनाने पर जोर दे रहे हैं। जब गाड़ियों के चलने के लिए सड़कें ही नहीं होंगीं तो पार्किंग बनाने का क्या लाभ?

नैनीताल जैसे नाजुक पर्यावरण वाले पहाड़ी नगरों को जन पर्यटन नहीं प्रकृति प्रेमियों को बढ़ावा देने की आवश्यकता है। जन पर्यटन उन्हीं आकर्षणों को नष्ट कर रहा है, जो उन्हें यहां आने के लिए आकर्षित करते हैं। इसी प्रकार हमारे पौराणिक धार्मिक स्थलों में आम पर्यटकों को नहीं श्रद्धालुओं को आने के लिए प्रेरित किया जाना चाहिए जिनका धर्म और अध्यात्म से कोई नाता न हो। ऐसे पर्यटक हमारे धार्मिक स्थलों की महत्ता और स्थानीय पर्यावरण के लिए घातक सिद्ध होंगे।

ब्याज से आय पर राहत

नई सरकार के लिए आगामी पूर्ण बजट बेहद चुनौती पूर्ण होगा, ऐसा माना जा रहा है। हाल के अंग्रेजी अखबार की सुर्खी बने एक आर्थिक जगत के समाचार के अनुसार स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के चेयरमैन दिनेश कुमार खारा ने ब्याज से होने वाली आय पर आयकर राहत की वकालत की है। उन्होंने कहा है कि इससे बैंकों को बचत जुटाने में मदद मिलेगी जिसका उपयोग विभिन्न बुनियादी योजनाओं के वित्त पोषण में किया जा सकेगा। अभी तक बैंक में जमा राशि का ब्याज एक वर्ष में 40000 से अधिक होने पर टैक्स काटा जाता है।

संजीव मेहरोत्रा
बरेली

टैक्स में राहत यो भी जरूरी हो गई थी। क्योंकि देश में घरेलू जमा राशियों में काफी कमी आई है। ऐसे में बैंको को अपनी जमा राशियों को बढ़ाने में दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है। अगर बजट के प्राविधानों में ब्याज में टैक्स से राहत मिलती है तो इसे एक अच्छी पहल माना जा सकेगा। अभी तक 40000 के ऊपर ब्याज होने पर 10 प्रतिशत टीडीएस के रूप में स्वतः काट लिया जाता है और अगर पेन कार्ड नहीं है तो टीडीएस के रूप में 20 प्रतिशत काट लिया जाता है। वहीं अभी तक ब्याज में छूट की रकम वरिष्ठ नागरिकों के लिए 50000 है। देखना है इस पूर्ण बजट में वित्त मंत्री द्वारा इस मद में कितनी राहत की घोषणा होती है।

जालसाजों ने लगाया 394 करोड़ का चूना

390 करोड़ की पुलिस ने कराई रिकवरी, 725 करोड़ उड़ाने की थी साजिश

इंद्र भूषण दुबे, लखनऊ

अमृत विचार : यूं तो जालसाजों ने लाखों की संख्या में लोगों से विभिन्न तरीकों से करोड़ों रुपये हड़पे होंगे लेकिन बीते पांच सालों में उन्होंने तीन बड़े हाथ मारने की साजिश रची। इसमें यूपीडा, कोआपरेटिव बैंक और एकेटीयू से जालसाजों ने कुल 725 करोड़ हड़पने की साजिश रची। 394 करोड़ रुपये ठिकाने भी लगाए लेकिन पुलिस ने लगभग पूरी रिकवरी करा दी। इसमें कुल 29 आरोपी गिरफ्तार किए गए लेकिन 15 की तलाश अभी भी की जा रही है।

लखनऊ पुलिस, साइबर क्राइम थाने की टीम व एसटीएफ के अनुसार, पहला मामला वर्ष 2020 में सामने आया जब उत्तर प्रदेश राज्य मार्ग प्राधिकरण (यूपीडा) के खाते से जालसाजों ने 125 करोड़ रुपये उड़ा लिये। वहीं, अक्तूबर 2022 में हजरतगंज स्थित कोआपरेटिव बैंक

मुख्यालय से 300 करोड़ रुपये उड़ाने की साजिश रची और 149 करोड़ रुपये ट्रांसफर कर लिये। लिमिट तय होने के कारण 151 करोड़ जालसाज ट्रांसफर नहीं कर सके। इसके बाद जून 2024 में एकेटीयू के खाते में सेंध लगाते हुए जालसाजों ने 300 करोड़ हड़पने की साजिश रची। इसमें 120 करोड़ रुपये उड़ा भी लिए।

- **गुजरात, महाराष्ट्र, दिल्ली और उत्तर प्रदेश के 29 आरोपी किए गए गिरफ्तार**

49 माह में तीन बार हुई बैंक खातों में सेंधमारी

पुलिस की जांच में सामने आया कि 49 माह में राजधानी के बड़े संस्थानों के खातों में तीन बार सेंधमारी हो चुकी है। 26 मई 2020 को पीएनबी बैंक विभूतिखंड से 125 करोड़ रुपये उड़ा लिए गए। इसके 29 माह बाद आपरेटिव बैंक के खाते से 149 करोड़ निकाले गए। फिर 20 माह बाद जालसाजों ने एकेटीयू के खाते पर अटैक किया और 120 करोड़ की हेराफेरी की।

बैंक कर्मियों की मिलीभगत

साइबर क्राइम थाने के प्रभारी बृजेश यादव ने बताया कि अब तक हुए हेराफेरी के मामलों में बैंक के कर्मचारी और अधिकारियों की मिलीभगत सामने आई। यूपीडा में बैंक के अधिकारी व कर्मचारियों की मिलीभगत से 125 करोड़ का ड्राफ्ट जालसाजों को मिला। कोआपरेटिव बैंक के कर्मचारी व पूर्व प्रबंधक के सहयोग से 149 करोड़ रुपये उड़ाए गए। एकेटीयू के मामले में भी बैंक के मुख्य प्रबंधक, तीन सहायक प्रबंधक और एक बाबू की भूमिका सामने आई।

दिल्ली, लखनऊ, गुजरात व महाराष्ट्र के थे आरोपी

यूपीडा से 125 करोड़ रुपये उड़ाने में मास्टर माइंड दिल्ली के जीटीबी एन्क्लेव निवासी अमरनाथ गुप्ता था। उसका साथ लखनऊ के गोसाईंगंज स्थित गुदौली निवासी प्रभाष चंद्र श्रीवास्तव ने दिया। इसके बाद इस मामले में पांच लोगों को और गिरफ्तार किया गया। वहीं, कोआपरेटिव बैंक से 149 करोड़ रुपये उड़ाने के मामले में लखनऊ का बिल्डर गंगा सागर चौहान और मास्टर माइंड ध्रुव शामिल था। इन दोनों ने सचिवालय में तैनात रामराज व गिरोह के सदस्यों के साथ मिलकर रकम उड़ाने के लिए एक करोड़ रुपये खर्च किए थे। रकम की हेराफेरी के लिए मुंबई के तीन हैकरों की सेवाएं लीं। इस मामले में कुल 18 लोगों को गिरफ्तार किया गया। इसी तरह एकेटीयू के खाते से 120 करोड़ उड़ाने में गुजरात, महाराष्ट्र और यूपी के 7 जालसाज पकड़े गए।

अब मेजा व सिंगरौली की दो इकाइयां ठप

लखनऊ, अमृत विचार : तापमान घटते ही प्रदेश में बिजली की मांग में कमी शुरू हो गई है। बीते दिनों की तुलना में करीब दो हजार मेगावाट की गिरावट है। अधिकतम मांग घटकर 27 हजार मेगावाट पर पहुंच गई है। इसके बाद भी उत्पादन इकाइयों के ठप होने का सिलसिला जारी है। मेजा व सिंगरौली की दो इकाइयां ठप हो गईं, इससे बिजली संकट गहरा गया।

शुक्रवार को जारी रिपोर्ट के अनुसार अधिकतम बिजली मांग 27,813 मेगावाट दर्ज हुई, जबकि न्यूनतम मांग 18,067 मेगावाट रही। भीषण गर्मी के कारण इस माह बिजली की अधिकतम मांग 30 हजार मेगावाट पार कर गई थी। उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन के सूत्रों ने बताया कि मेजा की 660 मेगावाट व सिंगरौली की दो सौ मेगावाट क्षमता की एक-एक इकाइयां ठप हो गईं हैं। इन इकाइयों के अगले तीन-चार दिनों में चालू होने की संभावना है, जबकि पहले से बंद बारा की 660 मेगावाट की इकाई के 22 जून को चालू होने की संभावना जताई जा रही है।

लाड़ली मंदिर की सीढ़ियों के पास मांस पकाने का आरोपी गिरफ्तार

मथुरा, एजेंसी : बरसाना के लाड़ली मंदिर की सीढ़ियों के पास मांस पकाने के आरोपी एक व्यक्ति को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। कुछ श्रद्धालुओं ने आरोपी को मंदिर की सीढ़ियों के पास कथित तौर पर मांस पकाते देखने के बाद उसकी पिटाई कर दी थी। पुलिस निरीक्षक अरविंद निरवाल ने बताया कि संजय नाम का व्यक्ति मंदिर के आसपास भीख मांगता था। गुरुवार की शाम कुछ श्रद्धालुओं ने उसे मंदिर की सीढ़ियों के पास कथित तौर पर मांस पकाते हुए पकड़ा। उन्होंने बताया कि आरोपी के खिलाफ आईपीसी की धारा 295 (पूजास्थल को अपवित्र करना) के तहत मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया गया है। आरोपी राजस्थान का रहने वाला है और पिछले कुछ वर्षों से बरसाना में रह रहा है। निरवाल ने बताया कि गुरुवार शाम जब कुछ श्रद्धालुओं ने संजय को मंदिर की सीढ़ियों के पास मांस पकाते हुए देखा तो उसकी पिटाई कर दी और उसे पुलिस को सौंप दिया।

सार-संक्षेप

युवक को लिंग परिवर्तन सर्जरी के लिए अस्पताल ले जाने के मामले में मुख्य आरोपी गिरफ्तार

मुजफ्फरनगर, एजेंसी : मुजफ्फरनगर में 20 वर्षीय युवक को कथित रूप से बिना उसकी सहमति के लिंग परिवर्तन सर्जरी के लिए अस्पताल ले जाने वाले शख्स को गिरफ्तार कर लिया गया है। पीड़ित के पिता की ओर से दर्ज कराई गई शिकायत के अनुसार, युवक को ओम प्रकाश द्वारा यहां एक निजी अस्पताल में लाया गया था, जो पिछले दो वर्षों से उसका यौन शोषण कर रहा था। पुलिस अधीक्षक (शहर) सत्यनारायण प्रजापति ने बताया कि ओम प्रकाश को गिरफ्तार कर लिया गया है। पीड़ित एक महीने से अपने घर से लापता था। यह भी पता नहीं है कि अस्पताल नियमित रूप से लिंग परिवर्तन सर्जरी करता है या नहीं। पुलिस ने गुरुवार को यह भी कहा था कि ओम प्रकाश करीब एक पखवाड़े पहले पीड़ित को अस्पताल लेकर आया था। पीड़ित के पिता के मुताबिक, उनके बेटे ने हाल में अपनी मां को फोन कर कहा था कि वह एक निजी अस्पताल में है तथा उसने अपने साथ हुई घटना के बारे में उन्हें सूचित किया। ओम प्रकाश और निजी मेडिकल कॉलेज के डॉक्टर रजा फारूक के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की संबंधित धाराओं में मामला दर्ज किया गया है।

बच्ची से दुष्कर्म के मामले में 47 वर्षीय व्यक्ति गिरफ्तार

सुलतानपुर, एजेंसी : जिले में पांच वर्षीया बच्ची के साथ दुष्कर्म के आरोप में शुक्रवार को 47 वर्षीय शख्स को गिरफ्तार किया गया है। बच्ची को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस के मुताबिक, कोतवाली देहात थाना क्षेत्र के एक गांव में शुक्रवार को पांच साल की बच्ची घर के बाहर खेलते हुए बाग की ओर चली गई, तभी गांव का ही वीरेन्द्र चौहान (47) बच्ची को बहला फुसलाकर खेत ले गया जहां उसने बच्ची के साथ दुष्कर्म किया। थाना कोतवाली देहात के अधिकारी सतेन्द्र कुमार सिंह ने बताया कि पीड़िता के पिता की तहरीर पर चौहान के खिलाफ दुष्कर्म और यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण (पॉक्सो) अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया गया है। उसे अदालत में पेश कर जेल भेज दिया है।

राज्यकर सेवा संघ चुनाव में ज्योति बने दूसरी बार अध्यक्ष

लखनऊ, अमृत विचार : राज्यकर सेवा संघ के चुनाव के साथ ही इंदिरानगर प्रतिष्ठान में चल रहा वार्षिक अधिवेशन शुक्रवार को पूरा हो गया। इस मौके पर संघ का नाम भी बदला गया। उप्र. राज्यकर सेवा संघ अब ''जीएसटी आफीसर्स सर्विस एसोसिएशन उप्र'' के नाम से जाना जाएगा। वोटिंग के बाद देर शाम मतगणना का परिणाम आया। इसमें ज्योति स्वरूप शुक्ला को करीब 304 वोट मिले और उनके निकटतम प्रतिद्वंदी प्रशांत सिंह को 179 मत मिले। उन्हें पीछे छोड़ते हुए बड़ी जीत हासिल की है। उन्हें दूसरी बार अध्यक्ष पद पर चुना गया है। शुक्ला मुजफ्फरनगर में ज्वाइंट कमिश्नर एसआईबी के पद पर तैनात हैं। वहीं संरक्षक पद पर एडिशनल कमिश्नर ग्रेड-वन रहे वाणिज्यकर अधिकरण वाराणसी के सदस्य आनंजेय कुमार रॉय को संरक्षक चुना गया है। महासचिव पद पर अरुणेश कुमार सिंह को चुना गया। उन्हें 239 मत मिले। दूसरे नंबर पर रहे पंकज लाल को181 वोट मिले।

सांस्कृतिक कार्यक्रमों से सजा सरयू महोत्सव

अयोध्या, अमृत विचार : आन्जनेय सेवा संस्थान द्वारा आयोजित श्री अवध सरयू महोत्सव में दूसरे दिन शुक्रवार को रामकथा के बाद देर शाम को सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से सरयू तट पर पहुंचे श्रद्धालु झूम उठे। भक्ति अध्यात्म और भक्ति संगीत की अविरल गंगा जिसके त्रिवेणी में हजारों की संख्या में भक्त गोते लगा रहे है। कार्यक्रम के आयोजन महंत शशिकांत दास महाराज ने बताया कि रात्रि आठ बजे से सांस्कृतिक संध्या का कार्यक्रम प्रारंभ हुआ। जिसको देखकर यहां उपस्थित सैकड़ो लोग मंत्र मुग्ध हो गए।

अर्थव्यवस्था के केंद्र के रूप में विकसित होगी पीतल नगरी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- **मुरादाबाद को सात साल में विकसित करने का खाका खींचा**

अमृत विचार : राज्य सरकार पीतल नगरी के नाम से मशहूर मुरादाबाद के लिए महायोजना 2031 लेकर आई है। इसके अंतर्गत जहां एक तरफ शहर का विस्तार और विकास सुनिश्चित किया जाना है, वहीं इसकी पहचान और ओडीओपी में शामिल पीतल हैंडीक्राफ्ट के निर्माण और निर्यात उद्योग को भी बढ़ाने का काम किया जाएगा।

उद्देश्य है कि मुरादाबाद को जीवंत अर्थव्यवस्था (वाइब्रेंट इकोनॉमिक) केंद्र के रूप में विकसित किया जाए। हाल ही में मुख्यमंत्री के सामने अधिकारियों ने मुरादाबाद महायोजना 2031 को प्रस्तुत किया है। प्रस्तुत रिपोर्ट में मुरादाबाद में हस्तशिल्प ग्राम, मेगा एमएसएमई क्लस्टर, इंडस्ट्रियल लॉजिस्टिक पार्क, नॉलेज सिटी व मेडीसिटी के

साथ ही 55 एकड़ में उप्र. राज्य विश्वविद्यालय के निर्माण की बात भी कही गई है।

इसके अलावा औद्योगिक आवश्यकताओं के लिए कौशल विकास केंद्र, निर्यातकों व निवेशकों की सुविधा के लिए ऑडिटोरियम और कन्वेंशन सेंटर, 1200 हेक्टेयर में मेगा टाउनशिप शिवालिक और 130 हेक्टेयर में औद्योगि व मिश्रत और 50 हेक्टेयर में आवासीय आत्याधुनिक टाउनशिप का भी प्रस्ताव है।

पूर्व विधायक संतोष पांडेय के मामले मे सुनवाई 29 को

सुलतानपुर, अमृत विचारः लंभुआ विधानसभा सीट से पूर्व सपा विधायक संतोष पांडेय समेत 12 आरोपियों के खिलाफ आदर्श आचार संहिता उल्लंघन के मामले में एमपी/एमएलए मजिस्ट्रेट की विशेष कोर्ट ने सुनवाई वकीलों के प्रस्ताव के कारण टल गई। अदालत ने सुनवाई के लिए 29 जून की तारीख नियत की है। अभियोजन के मुताबिक पूर्व सपा विधायक सन्तोष पांडेय व उनके दर्जन भर साथियों पर फरवरी 2022 में दो मुकदमे बीते विधानसभा चुनाव के दौरान उड़नदस्ता प्रभारी रहे बीडीओ संदीप सिंह ने कोतवाली देहात थाने में दर्ज कराए थे। आरोप है कि विधानसभा चुनाव के दौरान पूर्व विधायक ने समर्थकों के साथ विधानसभा क्षेत्र में कई स्थानों पर बिना प्रशासन की अनुमति के जनसभा की ,आदर्श चुनाव आचार संहिता और कोरोना महामारी के नियमों का उल्लंघन किया।

एक संदिग्ध गवाही के आधार पर पूरे जीवन की सजा कानून व्यवस्था के लिए खतरनाक

विधि संवाददाता, प्रयागराज

- **हाईकोर्ट ने 46 साल पुराने हत्या के मामले में दोषी को किया बरी**

अमृत विचार : इलाहाबाद हाईकोर्ट ने 46 साल पुराने एक हत्या मामले के दोषी को बरी करते हुए ऐसी स्थिति को कानून व्यवस्था के लिए खतरनाक बताया, जहां पूरा मामला केवल एक प्रत्यक्षदर्शी की गवाही पर टिका हो।

कोर्ट ने मजबूत और विश्वसनीय साक्ष्य के महत्व को रेखांकित करते हुए माना कि यह न केवल जांच एजेंसी की बल्कि अदालतों की भी जिम्मेदारी है कि वह जांचों का निष्पक्ष रूप से किया जाना सुनिश्चित करें, जिससे किसी की व्यक्तिगत स्वतंत्रता बाधित न हो। उक्त आदेश न्यायमूर्ति सिद्धार्थ और न्यायमूर्ति विनोद दिवाकर की खंडपीठ ने इंद्रपाल और सोहनवीर की अपील को स्वीकार करते हुए पारित किया।

कोर्ट ने माना कि मुकदमे के दौरान प्रस्तुत साक्ष्य की उत्कृष्ट गुणवत्ता और स्वीकार्यता का आकलन करने के

लिए मौखिक गवाही और दस्तावेजी साक्ष्य दोनों का संचयी प्रभाव सर्वोपरि है। न्यायालय को गवाहों के आचरण, गवाही की स्पष्टता और दस्तावेजी साक्ष्य की सत्यता का मूल्यांकन भी करना चाहिए। गवाहों की जांच वहां और भी आवश्यक हो जाती है, जहां उसे एक गवाही पर किसी का पूरा जीवन टिका हो। घटना वर्ष 1978 में एक गांव में घटित हुई थी, जिसमें सूचनाकर्ता ने प्राथमिकी में आरोप लगाया था कि वह अपने बेटे के साथ जब घर के बाहर सो रहा था, तभी अभियुक्त उसके घर में घुस आए और उसके बेटे की गोली मारकर हत्या कर दी। घटना के पीछे मकसद था कि सह- आरोपी का मृतक की चचेरी बहन से अवैध संबंध था और इस संबंध को रोकने का प्रयास करने के परिणामस्वरूप उसकी (करमवीर) हत्या कर दी गई। हाईकोर्ट में अपील के लंबित रहने के दौरान ही सह-आरोपी की वर्ष 2011 में मौत हो गई। इस पर कोर्ट ने कहा कि वह मौजूदा मामले में रिकॉर्ड पर उपलब्ध साक्ष्य के आधार पर यह सिद्ध नहीं होता है कि आरोपियों ने अपराध को अंजाम दिया है, क्योंकि चश्मदीद गवाह हमलावरों की पहचान नहीं कर सका है। इस आधार पर अपीलकर्ता संदेह का लाभ पाने का हकदार है।

60 साल बाद जागा मुशावरत

आरएसएस की तर्ज पर देशभर में चलाया जाएगा अभियान

जमीर सिद्दीकी, कानपुर

- **1964 में गठित इस संगठन ने कांग्रेस को घुटनों पर ला दिया था**

अमृत विचारः लोकसभा चुनाव परिणाम आने के बाद मुस्लिम संगठनों का एक संयुक्त संगठन आल इंडिया मुस्लिम मजलिस मुशावरत सक्रिय हो गया है। आल इंडिया मुस्लिम मजलिस मुशावरत आरएसएस की तर्ज पर काम करेगा और सियासी पिलर भी तैयार करेगा। इस संगठन का मानना है कि 2024 लोकसभा चुनाव के बाद परिवर्तन आ चुका है। वैसे तो ये संगठन 60 साल पुराना है लेकिन लोकसभा चुनाव के नतीजे आने के बाद फिर मुशावरत सक्रिय हो गया है जिसके माध्यम से मुस्लिमों को जगाने का एक वृहद अभियान छेड़ा गया है। इसकी शुरुआत 9 जून को दिल्ली बैठक से हुई है, दूसरी बैठक लखनऊ में 25 जून को होगी जिसमें आगे की रणनीति तैयार की जाएगी।

1964 में आल इंडिया मुस्लिम मजलिस मुशावरत में जमाअते इस्लामी हिंद, मुस्लिम मजलिस, मुस्लिम लीग, मुस्लिम कांफ्रेंस समेत कई बड़े राष्ट्रीय स्तर के संगठन शामिल हुए थे। अब ये संगठन एक बार फिर मुसलमानों की नुमाइंदगी करने के लिए मैदान में आ गया है। दिल्ली में 9 जून को डॉक्टर जफरुल इस्लाम खां को इसका अध्यक्ष चुना गया है।

मुशावरत क्यों गठित हुआ था : 1964 में जमशेदपुर में 22 युवकों को जिंदा जला दिया गया था, तब नेहरू की टीम में कांग्रेस के प्रमुख नेता सैयद महमूद को इस घटना ने बेचैन कर दिया था। उन्होंने कांग्रेस से इस्तीफा देकर पूरे देशभर के मुस्लिम संगठनों को मिलाकर आल इंडिया मुस्लिम मजलिस मुशावरत तैयार की और राजनिति में कूद गए। उसके बाद 1967 में लोकसभा चुनाव हुआ तो कांग्रेस को हराने के लिए आल इंडिया मुस्लिम मजलिस मुशावरत ने 9 सूत्रीय घोषणापत्र तैयार किया जिसके नतीजे में यूपी, महाराष्ट्र, बिहार समेत अन्य राज्यों में कांग्रेस को भारी नुकसान हुआ। जिससे उसे कुछ पार्टियों को मिलाकर सरकार बनानी पड़ी जिसमें आल इंडिया मुस्लिम मजलिस मुशावरत के लोग शामिल थे।

मुशावरत का एजेंडा

- प्रत्येक राज्य में मुशावरत की टीम का गठन करना प्राथमिकता में है।
- देशभर में छूटे मतदाताओं के नाम का मतदाता सूची में शामिल कराना।
- मुसलमानों को चुनाव के बारे में जागरूक करना।
- चुनाव के फायदे और नुकसान दोनों समझाने के लिए घर-घर जाएगी टीम
- संसद में विपक्ष काफी मजबूती से उभरा है, ऐसे में किसी भी समस्या का समाधान कराने के लिए विपक्षी पार्टियों से भी संपर्क करेंगे।

नई बिजली दरों को लेकर नियामक आयोग जुलाई में करेगा जनसुनवाई

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : प्रदेश में नई बिजली दरों के निर्धारण को लेकर जुलाई में जनसुनवाई होगी। आयोग बैठक कर बिजली उपभोक्ताओं का पक्ष सुनेगा। आयोग ने सुनवाई के लिए कार्यक्रम जारी कर दिया है। आठ जुलाई को कानपुर में पहली सुनवाई होगी।

बिजली कंपनियों की ओर से वार्षिक राजस्व आवश्यकता वर्ष 2024-25 व ट्रू-अप याचिका संबंधी आंकडे. समाचार पत्रों में प्रकाशित कराए जा चुके हैं। घोषित कार्यक्रम के अनुसार अब आयोग वितरण निगमों के साथ अलग-अलग तारीखों में आठ जुलाई से 20 जुलाई के बीच सुनवाई करेगा। आठ जुलाई को केस्को कानपुर, 10 जुलाई को उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन व स्टेट लोड डिस्पैच सेंटर के साथ सुनवाई होगी। 11 जुलाई को मध्यांचल निगम के साथ राजधानी में आयोग सभागार में सुनवाई होगी। 16 जुलाई को पूर्वांचल निगम के साथ वाराणसी में, 18 जुलाई को दक्षिणांचल निगम के साथ, 19 जुलाई को नोएडा पावर कंपनी ग्रेटर नोएडा में व 20 जुलाई को पश्चिमाचल निगम के साथ मेरठ में सुनवाई होगी। मालूम हो कि पिछले दिनों उप्र. पावर कॉरपोरेशन समेत बिजली कंपनियों की ओर से आयोग में जवाब दाखिल किया गया था, जिसमें कंपनियों ने आयोग से स्वतः दरें निर्धारित करने की मांग की थी। आयोग के निर्देश के बाद भी कंपनियों ने उपभोक्ता श्रेणीवार दरों का प्रस्ताव नहीं दिया था।

बिजली दरें कम कराने की तैयारी में उपभोक्ता परिषद

उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद ने बिजली दरों को कम कराने की तैयारी शुरू कर दी है। परिषद के अध्यक्ष अवधेश कुमार वर्मा ने कहा कि बिजली कंपनियों पर उपभोक्ताओं के 33,122 करोड़ सरप्लस निकल रहे हैं। सुनवाई के दौरान उपभोक्ताओं का पक्ष रखा जाएगा। उन्होंने कहा कि बिजली कंपनियां दरें बढ़ाने की कोशिश में हैं, पर ऐसा नहीं होने दिया जाएगा।

वर्ग पहेली-108

बाएं से दाएं

1. 1. पतन या ह्रास का समय 2. बुढ़ापा 3. पतझड़ की ऋतु।
4. अनेक दिशाओं में जाने वाला।
6. जिसे प्राप्त करना कठिन हो, दुष्प्राप्य, दुर्लभ।
8. 1. उत्तर प्रदेश और बिहार राज्य में होली के दिनों में मस्ती और उन्मुक्तता से गाए जाने वाले भदेस गीत और नाच-गान। इन सारे नाच-गानों के बीच-बीच में टेक की तरह 'जोगीड़ा सारा.. रारा.. रारा.. रारा.. रारा... रा रा' आता है 2. वसंत ऋतु में गाया जाने वाला चलता गाना 3. जोगीड़ा गाने वालों का दल या समाज।

ऊपर से नीचे

1. सफ़ेद बालों को काला करने की दवा या रसायन लेप, केशकल्प।
2. अश्लील, फूहड़, फ़ोश।
3. 1. गंगा की प्राप्ति 2. मृत्यु 3. गंगातट पर दाह संस्कार का होना।
5. 1. अंश या हिस्सा पाने वाला 2. साझेदार, (शेयरहोल्डर)।
6. दूना, दोगुना।
7. समधी के पिता।



वर्ग पहेली -107 का हल

	1 घा			2 घो	3 सी	
	टि		4 सं		मं	
5 सी	ता		6 शो	णि	त	
	ई		धि			7 दू
		8 कु	त	9 बा		रं
		ढं		ज़ा		दे
10 आ	वे	गी		र		श

सुडोकू-21

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

	2				8	3		
	1					4	8	
5		4	9			2		7
	6		5			7		
7		5				6		9
		9			3		1	
4		8			2	1		6
	7	6					3	
		2	7				5	

सुडोकू - 20 का हल

3	8	9	6	5	2	7	1	4
5	4	6	8	7	1	3	9	2
7	2	1	9	3	4	8	5	6
6	5	7	2	4	9	1	3	8
8	9	2	5	1	3	4	6	7
4	1	3	7	8	6	5	2	9
9	7	8	1	2	5	6	4	3
1	6	4	3	9	8	2	7	5
2	3	5	4	6	7	9	8	1

आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 22 जून शनिवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-ज्येष्ठ, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-पूर्णिमा-06 .37 तक तत्पश्चात प्रतिपदा 23 जून 05 .12 तक तत्पश्चात द्वितीया।

आज का पंचांग



दिशाशूल-पूर्व। ऋतु-वर्षा।
चन्द्रबल- मिथुन, कर्क, तुला, धनु, कुंभ, मीन।
ताराबल-अश्विनी, भरणी, कृत्तिका, मृगशिरा, पुनर्वसु, आश्लेषा, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, विशाखा, ज्येष्ठा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-मूल 17 .54 तक तत्पश्चात पूर्वाषाढ़ा।

मेष — आज प्रेमी जन पर जरूरत से ज्यादा भरोसा न करें। बाहर का भोजन करने से बचें वरना स्वास्थ्य संबंधी परेशानियां हो सकती है। अपने गुरुजनों से विवाद न करें। किसी आवश्यक काम को लेकर आपको धन उधार लेना पड़ सकता है।

वृष — आज आपको काफी विचारवान होने की आवश्यकता है। घर के सभी सदस्यों से मिलजुल कर रहें। व्यवसाय को लेकर आपके मन में चिंता हो सकती है। खर्च बढ़ने के कारण आप आवश्यक कार्यों पर कम ध्यान दे सकते हैं।

मिथुन — आज आपका मनोबल बढ़ेगा। जीवनसाथी की परेशानियों को दूर करने का प्रयास करेंगे। घर के रखरखाव आदि में आप काफी ध्यान देंगे। पुराने लोन को चुकता कर सकते हैं। नया व्यवसाय शुरू करने के लिए समय काफी अच्छा है।

कर्क — आज ऑनलाइन कारोबार करने वाले लोगों के लिए दिन बहुत ही अच्छा रहने वाला है। दांपत्य संबंधों में प्रेम और समर्पण भाव की भावना रहेगी। घर के जरूरी कार्यों में मित्रों का सहयोग मिलेगा। आपकी क्षमताओं की लोग प्रशंसा करेंगे।

सिंह — आज किसी प्रिय मित्र से वैचारिक मनमुटाव हो सकता है। व्यर्थ के लड़ाई-झगड़ों में आपको पड़ने से बचना चाहिए। लोग आपकी भावनाओं का अनादर कर सकते हैं। नई योजनाओं का क्रियान्वयन कर सकते हैं।

कन्या — आज विरोधियों से आपकी सीधी टक्कर हो सकती है। भविष्य के प्रति निश्चिंत हो सकते हैं। आपको शांत होकर विचार करना चाहिए। व्यापार में आपको कठिन परिश्रम के बाद ही धन लाभ होगा। कारोबार में आपके संबंधों में सुधार आएगा।

तुला — आज आप किसी कठिन डील को अपने पक्ष में ला सकते हैं। शत्रुओं से आपको सावधान रहना चाहिए। नई संपत्ति लेने का सोच सकते हैं। आपको शुभ समाचार मिलने के योग बन रहे हैं। जीवनसाथी के साथ अपने संबंध मधुर बनाकर रखें।

वृश्चिक — आज अति उत्साह में आपके काम बिगड़ सकते हैं। घर में लोगों के साथ अनबन हो सकती है। आपको शांत होकर अपना काम करना चाहिए। थोक व्यापार से जुड़े लोगों को लाभ होगा। सामाजिक कार्यों में आपको धन खर्च करना पड़ेगा।

धनु — आज सहकर्मियों से आपको प्रोत्साहन मिलेगा। आप व्यापार में लाभ बढ़ाने के तरीकों पर काम करेंगे। व्यापार में धन लाभ होने से आपके ऊपर से आर्थिक दबाव कम होगा। वैवाहिक संबंध मधुर व मजबूत रहेंगे। उच्च शिक्षा में आपको उत्तम सफलता मिल सकती है।

मकर — आज कारोबार में तकनीकी मामलों के कारण कुछ अड़चनें आ सकती हैं। यात्राओं को टालना फिलहाल आपके लिए हितकर होगा। वैवाहिक जीवन थोड़ा कमजोर रहेगा। क्रोध और तनाव से आपको बचना चाहिए। किसी से भी अपनी गुप्त बातें शेयर न करें।

कुंभ — आज टेक्सटाइल के कारोबार से जुड़े लोगों का व्यापार बढ़ेगा। बौद्धिक लोगों की संगत में रहना उत्तम होगा। उधार में दिया हुआ धन वापस मिल सकता है। आपके घर कुछ रिश्तेदार आ सकते हैं। आप उनसे काफी प्रसन्न रहेंगे। उच्च शिक्षा के मार्ग में आ रही बाधा दूर होगी।

मीन — आज शाम के समय किसी उत्सव में सम्मिलित हो सकते हैं। संपत्ति से जुड़े मामले सुलझने की संभावना बन रही है। आप लोगों को अपने पक्ष में ला सकते हैं। कार्यक्षेत्र में लोग आपकी प्रशंसा करेंगे। वैवाहिक जीवन में प्रेम भावना का विकास होगा।

आज की फिल्में

B4U MOVIES
- तकदीर का तमाशा — सुबह : 09 .32
- परदेसी बाबू — रात : 07 .00

&pictures
- राधे — सुबह : 11 .03
- जिंदगी न मिलेगी दोबारा — रात : 08 .00

SONY PIX
- ग्रैन टूरिस्मो — सुबह : 09 .42
- जॉन विक 3 — रात : 08 .58

ZEE CINEMA
- हम साथ साथ हैं — दोपहर : 01 .48
- सूर्यवंशी — रात : 08 .00

colors CINEPLEX
- दिल — सुबह : 10 .24
- अंधाधुन — रात : 09 .00

आज की सुपरहिट फिल्म

जी सिनेमा पर रात : 08 .00 बजे

जोक्स ऑफ द डे

पति- अगर मैं मर गया तो तुम दूसरी शादी करोगी?
पत्नी- नहीं मैं अपनी बहन के साथ पूरी जिंदगी रह लूंगी।
पत्नी- अगर मैं मर गई तो तुम दूसरी शादी करोगे?
पति- मैं भी तुम्हारी बहन के साथ पूरी जिंदगी रह लूंगा।
पति की बात सुनकर पत्नी गुस्से लाल हो गई और बीवी का चेहरा देखकर पति डर के मारे पीला पड़ गया।

लेडी टीचर- लोफर और ऑफर में क्या फर्क है।
स्टूडेंट-बहुत आसान है मैम
आई लव यू अगर लड़का कहे तो लोफर लड़की कहे तो ऑफर
स्टूडेंट की बात सुन टीचर हैरान...

बाजार	सेंसेक्स ↓	निफ्टी ↓
बंद हुआ	77,209.90	23,501.10
गिरावट	269.03	65.90
प्रतिशत में	0.35	0.28

अमृत विचार
www.amritvichar.com
बरेली, शनिवार, 22 जून 2024

अरहर, उड़द और मसूर की होगी शत-प्रतिशत खरीद

नई दिल्ली, एजेंसी

● दलहन उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री ने दिया आश्वासन

दलहन उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने किसानों को अरहर, उड़द और मसूर की शत-प्रतिशत खरीद का आश्वासन दिया है।

चौहान ने कहा कि केंद्र सरकार फसल विविधीकरण सुनिश्चित करने तथा दलहन उत्पादन में आत्मनिर्भरता के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर अरहर, उड़द और मसूर की खरीद के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने विभिन्न राज्यों के कृषि मंत्रियों के साथ हुई बैठक में कहा कि किसानों के पंजीकरण के लिए भारतीय राष्ट्रीय कृषि सहकारी विपणन संघ लिमिटेड (नेफेड) तथा भारतीय राष्ट्रीय सहकारी उपभोक्ता संघ लिमिटेड (एनसीसीएफ) ने ई-समृद्धि पोर्टल शुरू किया है तथा सरकार पोर्टल पर पंजीकृत किसानों से एमएसपी पर इन दालों की खरीद करने के लिए प्रतिबद्ध है। दालों के उत्पादन को बढ़ाने के लिए यह बैठक बुलाई गई थी, ताकि आयात कम हो सके।

बैठक में मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, राजस्थान, उत्तर प्रदेश, गुजरात, कर्नाटक, बिहार, तेलंगाना जैसे प्रमुख दाल उत्पादक राज्यों के कृषि मंत्री मौजूद थे।

गेहूं का सफर: खरीद से निर्यात तक

भारत में गेहूं की खरीद, भंडारण, निर्यात और आयात कृषि और खाद्य सुरक्षा के महत्वपूर्ण पहलू हैं। सरकार भारतीय खाद्य निगम और राज्य एजेंसियों के माध्यम से न्यूनतम समर्थन मूल्य पर गेहूं की खरीद करती है। भंडारण के लिए साइलो और गोदामों का उपयोग किया जाता है, जिससे अनाज की गुणवत्ता बनी रहती है। भारत प्रमुख रूप से बांग्लादेश, नेपाल, और श्रीलंका जैसे देशों में गेहूं का निर्यात करता है। घरेलू मांग को पूरा करने के लिए कभी-कभी आयात भी किया जाता है। यह प्रक्रिया कृषि अर्थव्यवस्था को स्थिरता और किसानों को आर्थिक सुरक्षा प्रदान करती है। आईये इसके बारे में जानते हैं.....

खरीद

- **खरीफ और रबी :** गेहूं की खरीद रबी के सीजन में होती है। ये नवंबर-अप्रैल में होती है।
- **एजेंसियां :** मुख्य रूप से भारतीय खाद्य निगम (एफसीआई) और राज्य एजेंसियां खरीद करती हैं।
- **मूल्य :** सरकार ने 2024 में गेहूं का न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) 2,275 रुपये प्रति क्विंटल तय किया था।
- **मात्रा :** 2023-24 (अप्रैल-मार्च) में 261.97 लाख टन गेहूं की खरीद हुई।

निर्यात

- **देश :** भारत गेहूं का निर्यात मुख्यत : बांग्लादेश, नेपाल, श्रीलंका और संयुक्त अरब अमीरात (यूई) जैसे देशों में करता है।
- **मात्रा :** 2021-22 में भारत ने लगभग 7.85 मिलियन टन गेहूं का निर्यात किया।
- **मूल्य :** 2023 में गेहूं का निर्यात मूल्य 1.52 बिलियन अमेरिकी डॉलर था।
- **नीतियां :** निर्यात को बढ़ावा देने के लिए सरकार ने विभिन्न प्रोत्साहनों की घोषणा की है।

आयात

- **आवश्यकता :** कभी-कभी घरेलू मांग को पूरा करने के लिए और भंडारण में कमी होने पर भारत गेहूं का आयात करता है।
- **मात्रा :** 2023-24 में भारत ने 1,20,000 टन गेहूं आयात किया।
- **देश :** मुख्यत : रूस, यूक्रेन, ऑस्ट्रेलिया और कनाडा से गेहूं का आयात होता है।
- **शुल्क :** आयात पर लागू होने वाले शुल्क और टैक्स का प्रभाव भी देखा जाता है।

भंडारण

- **क्षमता :** एफसीआई और राज्य एजेंसियों के पास लगभग 81.30 एमटी भंडारण की क्षमता है।
- **गोदाम :** भंडारण के लिए साइलो, गोदाम और खुले में भंडारण का उपयोग किया जाता है।
- **स्थिति :** 2022-23 में एफसीआई के पास 31 मिलियन टन गेहूं का स्टॉक था।

खरीद

वर्ष	खरीद
2020-21	389.92
2021-22	433.44
2022-23	187.92
2023-24 (अप्रैल-मार्च)	261.97

(आंकड़ें लाख टन)

आयात

वर्ष	आयात
2020-21	0.8
2021-22	0.5
2022-23	0.4
2023-24	0.12

(आंकड़ें मिलियन टन)

भंडारण

वर्ष	क्षमता	भंडारण
2020-21	81.30	27.50
2021-22	81.30	29.70
2022-23	81.30	31.00

(आंकड़ें मिलियन टन)

निर्यात

वर्ष	निर्यात	मूल्य
2020-21	2.2	0.62
2021-22	7.85	2.12
2022-23	3.52	0.98
2023-24	1	1.5

(निर्यात मिलियन टन में, वहीं मूल्य बिलियन अमेरिकी डालर में)

● नोट :- यह डेटा विभिन्न स्रोतों से संकलित किया गया है और वर्ष के आधार पर बदल सकता है। यह जानकारी सरकारी रिपोर्टों, कृषि विभाग, और अन्य संबंधित एजेंसियों से प्राप्त की गई है।

मैंथा बाजार भाव

चन्दौसी : शिवालिक- 910 फ्लैग-1055 बोल्ड- 1100 डीएमओ- 860
रामपुर : शिवालिक-925 फ्लैग-1035 डीएमओ-825 बोल्ड-1100

बरेली मंडी

वनस्पति तेल तिलहन -तुलसी 2060, राज श्री 1385, फ़ॉर्चून कि. 1760, रविन्द्रा 1960, फॉर्चुन ली. 1610, जय जवान 1510, सचिन 1520, सूरज 1535, अवसर 1640, राग गोल्ड 1620, गृहणी 1495, क्लासिक (किलो) 1700, मोर 1655, चक्र टिन 1875, ब्लू 1615, आशीर्वाद मस्टर्ड 1900, स्वास्तिक 2030। किराना- (प्रतिकु.) हल्दी निजामाबाद 20200, जीरा 35500, लाल मिर्च 20000-28500, धनिया 9000-11000, अजवायान 16000-24000, मेथी 7400, सौंफ 9000-13000, सोंठ 41000, (प्रतिकि0) लौंग 920-1000, बादाम 580-680, काजू 2 पीस 600, किसमिस पीली 140-180, मखाना 650-950 । चावल - (प्रति कु0) डबल चाबी सेला 10100, स्पाइस 7700, शरबती कच्ची 5200, शर्बती स्टीम 5600, डायमंड मंसूरी 4600, महबूब सेला 4550, गौरी रॉयल 9300, राजभोग 7350, हरी पत्ती (1किलो,5किलो) 10600, हरी पत्ति नेचुरल नया 10500, जेनिथ 10700, गलैक्सी 7400, सूमो 3900, पतंजलि गोल्डन सेला 7900, मंसूरी पनघट 4600, खजाना 4600 । दाल दलहन-मूंग दाल इंदौर 11500, मूंग धोवा काला क्राउन 11000, राजमा चित्रा 13300-14600, राजमा भूटान नया 12200, मलका काली 6850-7300 मलका दाल 7575-7900, मलका छाँटी 7500, दाल उड़द बिलासपुर 10300-11200, मसूर दाल छोटी 9000-9600, दाल उड़द दिल्ली 12200, उड़द साबुत दिल्ली 11900, उड़द धोवा इंदौर 13900, उड़द धोवा 11900-12900, दाल चना 8500, लाल हिंदुस्तान 8600, मलका विदेशी 7300, रूपकिशोर बेसन 9200, चना अकोला 8200, डबरा 9000-11500, सच्चा हीरा 10600, मोटा हीरा 11900, अरहर गोला मोटा 15500, अरहर पटका मोटा 16200, अरहर कोरा मोटा 16500, अरहर पटका छोटा 16000-16400, अरहर कोरी छोटी 17400 । चीनी - डालमियां 4100, पीलीभीत 4080, नवाबगंज 4070 (नयी), बहेड़ी 4080 (नयी)।

सर्राफा

बरेली	
गोल्ड (पक्के जेवर)	72800
गोल्ड (गिन्नी जेवर)	71800
सिल्वर (पक्की)	900 (अनुमानित)

मुरादाबाद	
सोना 24 कैरेट	73,250
चांदी आभूषण	91,000

इरेडा ने बॉण्ड के जरिये 1,500 करोड़ रुपये जुटाए

नई दिल्ली। भारतीय नवीकरणीय ऊर्जा विकास एजेंसी (इरेडा) ने बॉण्ड के जरिये 1,500 करोड़ रुपये जुटाए हैं। इस बॉण्ड को 2.65 गुना अभिदान मिला। कंपनी ने शुक्रवार को कहा कि बॉण्ड को निवेशकों से अच्छी प्रतिक्रिया मिली। बॉण्ड का आकार 500 करोड़ रुपये का था जबकि अधिक अभिदान आने पर 1,000 करोड़ रुपये की अतिरिक्त बोली रखने का विकल्प रखा गया था।

जीएसटी परिषद की बैठक में ऑनलाइन गेमिंग और उर्वरक कर पर चर्चा संभव

केंद्रीय वित्त मंत्री की अध्यक्षता में आज होगी बैठक, राज्यों के वित्त मंत्री होंगे शामिल

नई दिल्ली, एजेंसी

● 7 अक्टूबर, 2023 को हुई थी पिछली बैठक

शीर्ष संस्था जीएसटी परिषद की आज शनिवार को होने वाली बैठक में ऑनलाइन गेमिंग पर कराधान व उर्वरक पर कर कम करने संबंधी संसदीय समिति की सिफारिश समेत कई मुद्दों पर चर्चा होने की उम्मीद है।

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की अध्यक्षता में होने वाली बैठक में राज्यों एवं केंद्रशासित प्रदेशों के वित्त मंत्री भी शामिल होंगे। यह बैठक आठ महीने के बाद हो रही है। पिछली बैठक 7 अक्टूबर, 2023 को हुई थी। बैठक में पिछले निर्णयों के आधार पर जीएसटी को युक्तिसंगत बनाने और कानूनों में संशोधन पर रिपोर्ट को अंतिम रूप देने के लिए गठित मंत्रियों के समूह (जीओएम) की प्रगति पर भी चर्चा होने की संभावना है। परिषद उर्वरक बनाने वाली कंपनियों और किसानों के हित में पोषकतत्वों और कच्चे माल पर जीएसटी घटाने के लिए फरवरी में रसायन और उर्वरक पर संसद समिति की सिफारिशों पर भी चर्चा कर सकती है। उर्वरकों पर 5% जीएसटी, जबकि सल्फ्यूरिक एसिड और अमोनिया जैसे कच्चे माल पर 18% है।

28% जीएसटी के निर्णय की हो सकती है समीक्षा

परिषद ऑनलाइन गेमिंग कंपनियों के लिए दांव के पूरे मूल्य पर 28 प्रतिशत जीएसटी लगाने के निर्णय की समीक्षा कर सकती है। यह निर्णय 1 अक्टूबर, 2023 को लागू हुआ था। जुलाई और अगस्त की बैठकों में परिषद ने ऑनलाइन गेमिंग, कसीनो और घुड़दौड़ को कर-योग्य दावों के रूप में शामिल करने के लिए कानून में संशोधन को मंजूरी दी थी। इसके बाद 2022-23 और 2023-24 के दौरान 1.12 लाख करोड़ से अधिक की जीएसटी चोरी के आरोप में गेमिंग कंपनियों को 70 से अधिक नोटिस जारी हुए हैं। उनमें से कई कंपनियां अदालत चली गई हैं। कॉरपोरेट गारंटी के संबंध में परिषद कंपनियों द्वारा अपनी अनुषंगियों को दी गई गारंटी पर 18% जीएसटी लगाने के फैसले की भी समीक्षा कर सकती है। परिषद दरों को तर्कसंगत बनाने पर जीओएम को रिपोर्ट प्रस्तुत करने के लिए समय तय कर सकती है। पिछले एक साल जीओएम का दो बार पुनर्गठन हुआ और अब इसके प्रमुख बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी हैं।

1.5 करोड़ के कारोबार वाली कंपनियों के लिए छूट बढ़ाएं : जीटीआरआई

नई दिल्ली। जीटीआरआई ने शुक्रवार को 1.5 करोड़ तक कारोबार वाली कंपनियों के लिए जीएसटी छूट सीमा बढ़ाने, स्लैब की संख्या घटाने और राज्यवार पंजीकरण खत्म करने जैसे कई सुधारों का सुझाव दिया।

जीटीआरआई ने कहा कि ऐसा करके जीएसटी को अधिक कुशल और व्यापार के अनुकूल बनाया जा सकेगा। वैश्विक व्यापार अनुसंधान पहल (जीटीआरआई) ने कहा कि जीएसटी लागू होने की 7वीं वर्षगांठ पर यह 1.46 करोड़ से अधिक पंजीकरणों के साथ अप्रत्यक्ष करों के लिए दुनिया का सबसे बड़ा मंच बन गया है। जीएसटी की शुरुआत एक जुलाई, 2017 को हुई थी। 2023-24 में जीएसटी संग्रह 20.18 लाख करोड़ तक पहुंच गया।

चुनाव के बाद 39.67 लाख करोड़ बढ़ा बाजार पूंजीकरण

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार: लोकसभा चुनाव के बाद 5 जून से 21 जून के बीच देश में 39.67 लाख करोड़ रुपये का बाजार पूंजीकरण बढ़ा है। इसे शेयर बाजार में मोदी सरकार 3.0 को सलामी के बाद बजट पूर्व रैली का संकेत माना जा रहा है। चुनाव होने के कारण केंद्र सरकार ने फरवरी माह में अंतरिम बजट पेश किया था। अब चुनावी परिणाम के बाद नई सरकार वित्त वर्ष के शेष बचे महीनों के लिए जुलाई में बजट पेश करेगी। मोदी सरकार में निर्मला सीतारमण पहली वित्त मंत्री होंगी जो अंतरिम के बाद पूर्ण बजट भी पेश करेंगी। आंकड़े इशारा कर रहे हैं कि बाजार में बजट पूर्व रैली की शुरुआत हो चुकी है। 12 से 21 जून के बीच सात कारोबारी सत्रों में निफ्टी ने 6 दिन नया हाई रिकॉर्ड बनाया है।

2014 में तत्कालीन वित्तमंत्री पी चिदंबरम ने अंतरिम बजट पेश किया था लेकिन चुनाव के बाद सरकार बदलने से जुलाई में वित्त मंत्री अरुण जेटली ने मोदी सरकार का पहला पूर्ण बजट पेश किया था। साल 2019 में अंतरिम बजट वित्त मंत्री पीयूष गोयल ने पेश किया था। अरुण जेटली के निधन के बाद पीयूष गोयल को वित्त मंत्रालय का प्रभार मिला था। लेकिन नई सरकार में निर्मला सीतारमण ने वित्त मंत्री बनने पर पूर्ण बजट देश के सामने रखा था। 10 वर्षों में यह पहली बार होगा कि अंतरिम बजट पेश करने वाले वित्त मंत्री ही पूर्ण बजट भी पेश करेंगे। इससे सरकार की पुरानी नीतियां जारी रहने की उम्मीद हैं, जो शेयर बाजार को भी पसंद हैं।

गिरावट के इतिहास पर डरने की नहीं बात

आर्थिक सलाहकार राजीव सिंह के अनुसार अंतरिम बजट वाले दिन 1 फरवरी 2024 को शेयर बाजार में मामूली गिरावट हुई थी। सेंसेक्स 106.81 अंक यानि 0.15 फीसदी की गिरावट के साथ 71,645.30 और निफ़्टी 28.25 अंक यानि 0.13 फीसदी की गिरावट के साथ 21,697.45 पर बंद हुआ था। वर्ष 2014 और 2019 में नई सरकार के गठन के बाद पेश होने वाले बजट के दिन बाजार नेगेटिव में बंद हुआ था। लेकिन इसका मतलब यह बिलकुल नहीं निकाला जा सकता है कि जुलाई में पेश होने बजट के दिन भी बाजार गिरावट के साथ बंद होगा।

7 बार बजट वाले दिन बाजार गिरा, 5 मौकों पर चढ़ा

प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व वाली सरकार में 2 अंतरिम बजट सहित कुल 12 बार बजट पेश हुए हैं। इन 12 में 7 मौकों पर शेयर बाजार बजट के दिन गिरा है, जबकि 5 बार चढ़ा है।

कैपिटल एक्सपेंडिचर पर जारी रहेगा फोकस

शेयर बाजार से संबंधित टैक्स दरों में अंतरिम बजट में कोई बदलाव नहीं हुआ था। साथ ही अब तक के उच्चतम कैपिटल एक्सपेंडिचर 11.11 लाख करोड़ का ऐलान हुआ था। इसका मतलब यह है कि सरकार अगर 1 रुपये का कैपिटल एक्सपेंडिचर करती है तो जीडीपी 6 से 8 रुपये तक बढ़ता है। इसके बाद सरकारी कंपनियों के शेयरों में तेजी देखी गयी थी। सरकार कैपिटल एक्सपेंडिचर का बजट और बढ़ा सकती है।

विदेशी मुद्रा भंडार 2.92 अरब डॉलर घटकर 652.89 अरब डॉलर पर

मुंबई। देश का विदेशी मुद्रा भंडार 14 जून को समाप्त सप्ताह में 2.92 अरब डॉलर घटकर 652.89 अरब डॉलर रहा। भारतीय रिजर्व बैंक ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। इससे पूर्व के सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार 4.30 अरब डॉलर के उछाल के साथ 655.82 अरब डॉलर के नये रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया था। रिजर्व बैंक के मुताबिक 14 जून को समाप्त सप्ताह में मुद्रा भंडार का हिस्सा विदेशी मुद्रा आस्तियां 2.09 अरब डॉलर घटकर 574.24 अरब डॉलर रही। भंडार में रखे गए यूरो, पाउंड और येन जैसी गैर-अमेरिकी मुद्राओं की घट-बढ़ का प्रभाव शामिल होता है।

खाद्य महंगाई से खुदरा मुद्रास्फीति में कमी की रफ्तार सुस्त

मुंबई, एजेंसी

● नीतिगत दर पर फैसले के समय रिजर्व बैंक के गवर्नर ने कही थी ये बात

भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्तिकान्त दास ने नीतिगत दर पर फैसले के समय कहा था कि समग्र खुदरा मुद्रास्फीति में धीमी रफ्तार से गिरावट के लिए खाद्य पदार्थों की बढ़ती कीमतें जिम्मेदार हैं। शुक्रवार को जारी बैठक के विवरण से यह तथ्य सामने आया।

आरबीआई की मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की जून की शुरुआत में हुई बैठक में लगातार आठवीं बार मानक ब्याज दर रेपो को 6.25% पर बनाए रखने के पक्ष में बहुमत से फैसला किया था। समिति के चार सदस्य यथास्थिति के पक्ष में थे जबकि दो कटौती करना चाहते थे। एमपीसी बैठक के विवरण के मुताबिक, बैठक में दास ने कहा था कि मुख्य खुदरा मुद्रास्फीति कम हो रही है, लेकिन इसकी गति धीमी है और मुद्रास्फीति में गिरावट का अंतिम चरण धीरे-धीरे और लंबा खिंचता जा रहा है। मुद्रास्फीति की धीमी रफ्तार के पीछे मुख्य कारक खाद्य मुद्रास्फीति है। आपूर्ति पक्ष से बार-बार आने वाले और एक-दूसरे पर हावी होने वाले झटके खाद्य मुद्रास्फीति में एक बड़ी भूमिका निभाते हैं। उन्होंने कहा कि सामान्य मानसून ही प्रमुख खाद्य वस्तुओं में मूल्य दबाव को कम कर सकता है। अप्रैल-जून तिमाही में खुदरा मुद्रास्फीति अस्थायी और एक बार के लिए आरबीआई की लक्षित दर से नीचे जा सकती है।

कृषि एवं ग्रामीण कामगारों के लिए खुदरा मुद्रास्फीति स्थिर

नई दिल्ली। कृषि श्रमिकों एवं ग्रामीण कामगारों के लिए खुदरा मुद्रास्फीति मई में क्रमश : 7% एवं 7.02% पर स्थिर रही। अप्रैल में ये दोनों 7.03% और 6.96% रही थीं। श्रम मंत्रालय ने कहा कि मई 2023 में ये आंकड़े सीपीआई-एएल (उपभोक्ता मूल्य सूचकांक-कृषि श्रमिक) के लिए 5.99% और सीपीआई-आरएल (उपभोक्ता मूल्य सूचकांक-ग्रामीण कामगार) के लिए 5.84% थे। कृषि श्रमिकों के लिए सीपीआई आधारित मुद्रास्फीति मई, 2024 में कम होकर 7% रही। वहीं, ग्रामीण कामगारों के मामले में सीपीआई आधारित मुद्रास्फीति मई, 2024 में 7.02% रही। कृषि श्रमिकों और ग्रामीण कामगारों के लिए अखिल भारतीय उपभोक्ता मूल्य सूचकांक मई में छह-छह अंक बढ़कर क्रमश : 1,269 1,281 के स्तर पर रहा। श्रम मंत्रालय ने कहा कि सूचकांक बढ़ाने वाले मुख्य वस्तुओं में सब्जियां, दाल, गेहूं (आटा), प्याज, दूध, हल्दी, अदरक, ताजा मछली, ज्वार, पान का पत्ता, दवाएं, साड़ी, चमड़े की चप्पल आदि हैं।

40 साल में पहली बार ब्रिटेन में टाटा के कर्मचारी करेंगे हड़ताल

लंदन। ब्रिटेन में टाटा स्टील के लगभग 1,500 कर्मचारी आठ जुलाई से अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू करेंगे। ये हड़ताल वेल्स के पोर्ट टैलबोट और लैनवर्न में स्थित संयंत्रों में कंपनी की 2,800 कर्मचारियों की छंटनी और ब्लास्ट फर्नेस को बंद करने के विरोध में हो रही है। यूनाइट द यूनियन ने कहा कि यह 40 वर्षों में पहली बार है कि ब्रिटेन में टाटा स्टील यूके के संचालन को प्रभावित करने के उद्देश्य से हड़ताल की है। यूनियन ने नियमानुसार काम करना और ओवरटाइम प्रतिबंध लगाना शुरू किया था। यूनियन ने कहा कि टाटा के पोर्ट टैलबोट और लानवर्न में स्थित 1,500 कर्मचारी कंपनी की 2,800 नौकरियों में कटौती और ब्लास्ट फर्नेस को बंद करने की योजना के विरोध में अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू करेंगे।

जमाखोरी रोकने को तुअर, चना दालों की भंडार सीमा तय

नई दिल्ली, एजेंसी



● थोक विक्रेताओं खुदरा विक्रेताओं बड़ी शृंखला के खुदरा विक्रेताओं मिल मालिकों और आयातकों पर लागू होगा आदेश

सरकार ने शुक्रवार को जमाखोरी रोकने और कीमतों पर नियंत्रण के लिए इस साल सितंबर तक तुअर और चना दालों पर भंडार सीमा लगा दी।

एक आधिकारिक बयान में कहा गया कि केंद्र ने भंडार सीमा लगाने का आदेश जारी किया है। यह आदेश थोक विक्रेताओं, खुदरा विक्रेताओं, बड़ी शृंखला के खुदरा विक्रेताओं, मिल मालिकों और आयातकों पर लागू होगी। इस कदम का मकसद जमाखोरी और सट्टेबाजी को रोकना तथा तुअर और चना को उपभोक्ताओं की पहुंच में लाना है। निर्दिष्ट खाद्य पदार्थ (संशोधन) आदेश 2024 पर लाइसेंस आवश्यकताओं, भंडार सीमाओं और आवागमन प्रतिबंधों को हटाने का आदेश 21 जून, 2024 से तत्काल प्रभाव से लागू किया गया है। इस आदेश के तहत, सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के लिए 30 सितंबर 2024 तक अरहर और काबुली चना सहित चना के लिए भंडार सीमा तय की गई है। प्रत्येक दाल पर व्यक्तिगत रूप से लागू भंडार सीमा थोक विक्रेताओं के लिए 200 टन, खुदरा विक्रेताओं के लिए पांच टन और बड़ी शृंखला वाले खुदरा विक्रेताओं के लिए डिपो पर 200 टन होगी। मिल मालिकों के लिए यह सीमा उत्पादन के अंतिम 3 महीने या वार्षिक क्षमता का 25%, जो भी अधिक हो होगी। आयातकों को सीमा शुल्क निकासी की तारीख से 45 दिनों से अधिक का आयातित भंडार नहीं रखना है।

मांग-आपूर्ति में अंतर से अफ्रीकी एशियाई चाय उत्पादक चिंतित

कोलकाता। एशिया और अफ्रीका के चाय उत्पादक संघों ने मांग और आपूर्ति के वैश्विक अंतर होने पर चिंता जताई है और संतुलन की बहाली का आह्वान किया है। शुक्रवार को बागान मालिक संगठन के बयान में यह कहा गया। दुबई में हुई वैश्विक चाय उद्योग के अंशधारकों की बैठक में संघों ने गुणवत्ता और दीर्घकालिक स्थिरता के मुद्दे को भी संबोधित किया। भारतीय चाय संघ (आईटीए) के अध्यक्ष हेमंत बांगुर ने कहा कि वैश्विक चाय उद्योग, मांग-आपूर्ति में अंतर का सामना कर रहा है क्योंकि उत्पादन मांग से आगे निकल रहा है। आईटीए, पूर्वी अफ्रीकी व्यापार संघ, केन्या के चाय उत्पादकों और मलावी, बांग्लादेश और युगांडा के प्रतिनिधियों ने बैठक में भाग लिया।

हम उत्पादों के लिए मोदी जैसी गारंटी देते हैं : कश्मीरी उद्यमी

श्रीनगर, एजेंसी

● जम्मू-कश्मीर में स्टार्टअप में अच्छा काम करने वाले युवाओं ने प्रधानमंत्री मोदी ने की बातचीत

जम्मू-कश्मीर के उद्यमियों ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से कहा कि वे भी अपने उत्पादों के लिए 'मोदी की गारंटी' जैसी गारंटी देते हैं। प्रधानमंत्री की जम्मू-कश्मीर की दो दिवसीय यात्रा के दौरान स्टार्टअप में अच्छा काम करने वाले युवाओं ने उनसे बातचीत की। उनकी यात्रा शुक्रवार को यहां समाप्त हुई।

प्रधानमंत्री ने मोदी ने एक्स पर बातचीत का वीडियो पोस्ट किया। उन्होंने लिखा है, कल श्रीनगर में मुझे जम्मू-कश्मीर के प्रतिभाशाली युवाओं से मिलने का अवसर मिला, जो स्टार्टअप में अच्छा काम कर रहे हैं। बातचीत के मुख्य अंश यहां हैं। इस बातचीत में कई महिला उद्यमी भी शामिल थीं। एक महिला उद्यमी, जिनका स्टार्टअप पशुओं के लिए चारा और पोषक आहार तैयार करता है, ने प्रधानमंत्री को बताया कि उसके उत्पादों की संख्या 22 है। महिला उद्यमी ने मोदी से कहा कि उनके एक साल पुराने स्टार्टअप ने अब तक 500 टन चारा तैयार किया है और एक करोड़ रुपये कमाए हैं। जब मोदी ने उद्यमी से पूछा कि क्या वह अपनी पीएचडी को प्राथमिकता देगी या स्टार्टअप को, तो उन्होंने जवाब दिया कि वह उनसे प्रेरित है और दोनों पर ध्यान केंद्रित करेगी।

दक्षिण कश्मीर के पुलवामा के कचकूट गांव की माइक्रोबायोलॉजिस्ट शीला इमरान ने प्रधानमंत्री को बताया कि उनके गांव की महिलाएं बहुत कुशल हैं और वह हस्तशिल्प उत्पादों को बनाने के लिए उनके कौशल का उपयोग करती हैं। जब मोदी ने उनसे उत्पादों के विपणन के बारे में पूछा तो शीला ने कहा कि उनकी एक ई-कॉमर्स वेबसाइट है। एक अन्य उद्यमी ने कहा कि उन्होंने मोदी के डिजिटल इंडिया के सपने से प्रेरणा लेकर ऑनलाइन शुरुआत की। जैम और शहद जैसे खाद्य उत्पाद बनाने वाले स्टार्टअप 'जस्ट ऑर्डर' के मालिक ने मोदी को बताया कि वे स्थानीय स्तर पर सामग्री खरीदते हैं। उद्यमी ने प्रधानमंत्री से कहा कि हम अपने उत्पादों के लिए मोदी की गारंटी जैसी गारंटी भी देते हैं। हम पैसे वापस करने की गारंटी देते हैं। लैवेंडर उत्पादों से जुड़े एक स्टार्टअप ने मोदी से कहा कि उनके साथ 2,500 किसान जुड़े हुए हैं और जब प्रधानमंत्री के मासिक मन की बात रेडियो कार्यक्रम में लैवेंडर की खेती की संभावनाओं के बारे में बताया गया, तो उन्हें प्रोत्साहन मिला।

कृषि संगठनों के साथ बजट पर चर्चा

निर्मला सीतारमण ने आम बजट 2024-25 की तैयारियों को लेकर की बैठक

नई दिल्ली, एजेंसी

● वित्तीय सेवाओं और कंपनी मामलों के मंत्रालय के अधिकारी बैठक में शामिल

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शुक्रवार को यहां आम बजट 2024-25 की तैयारियों के मद्देनजर कृषि संगठनों और कृषि अर्थशास्त्रियों के साथ ही सुक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम (एमएसएमई) के साथ भी बजट-पूर्व चर्चा की।

वित्त मंत्रालय ने एक्स पर कहा कि अलग अलग हुई बैठकों की अध्यक्षता वित्त मंत्री ने की। इनमें कृषि संगठनों और इस क्षेत्र के अर्थशास्त्रियों ने और एमएसएमई के प्रतिनिधियों ने भी अपने विचार रखे। यह बजट पूर्व चौथी और पांचवी बैठक थी। बैठक में केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी, वित्त सचिव, आर्थिक मामलों, राजस्व, वित्तीय सेवाओं और कंपनी मामलों के मंत्रालय के अधिकारियों के साथ ही कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। भारत सरकार के मुख्य आर्थिक सलाहकार भी इसमें शामिल हुए। एमएसएमई प्रतिनिधियों के साथ बैठक में इनके साथ ही एमएसएमई मंत्रालय और डीपीआईआईटी के अधिकारियों ने भी भाग लिया। आम चुनाव में मद्देनजर इस बार फरवरी में अंतरिम बजट पेश किया गया था। आम चुनाव के बाद फिर से सीतारमण को वित्त मंत्रालय मिला है और वे अब पूर्ण बजट की तैयारियां शुरू कर दी। 18वीं लोकसभा का पहला सत्र 24 जून से शुरू होने जा रहा है। यह सत्र तीन जुलाई तक चलेगा जिसमें निर्वाचित सदस्यों को शपथ दिलायी जाएगी और उसके बाद लोकसभा अध्यक्ष का चुनाव किया जाएगा।



डकवर्थ लुईस नियम से ऑस्ट्रेलिया ने बांग्लादेश को दी शिकस्त

नॉर्थ साउंड (एंटीगा), एजेंसी

टी-20 वर्ल्डकप

- **कमिंस और जम्पा की शानदार गेंदबाजी से बांग्लादेश 28 रन से हारा**

स्टा र तेज गेंदबाज पैट कमिंस की टूर्नामेंट की पहली हैट्रिक और एडम जम्पा की शानदार स्पिन गेंदबाजी के दम पर आस्ट्रेलिया ने टी-20 विश्व कप के वर्षाबाधित सुपर आठ चरण के मैच में बांग्लादेश को डकवर्थ लुईस प्रणाली के आधार पर 28 रन से हराया। जम्पा ने बीच के ओवरों में किफायती गेंदबाजी करते हुए 24 रन देकर दो विकेट लिये। वहीं कमिंस ने 29 रन देकर तीन विकेट चटकाये।

आस्ट्रेलिया ने बांग्लादेश को पहले बल्लेबाजी के लिये भेजते हुए आठ विकेट पर 140 रन पर रोक दिया। इसके बाद सलामी बल्लेबाज डेविड वॉर्नर ने 35 गेंद में नाबाद 53 रन बनाये जिसमें पांच चौके और तीन छक्के शामिल थे। ट्रेविस हेड (31) और वॉर्नर ने पहली ही गेंद से आक्रामक खेल दिखाया।

दोनों ने बिना किसी नुकसान के 60 रन बना लिये थे जब बारिश के कारण खेल रोकना पड़ा। खेल बहाल होने पर बांग्लादेश के रिशाद हुसैन ने तीन ओवर में 23 रन देकर दो विकेट चटकाये। उन्होंने हेड और मिचेल मार्श (एक) को जल्दी आउट किया। दोहरे झटकों के बावजूद मैच पूरी तरह से आस्ट्रेलिया की गिरफ्त में था। अपना आखिरी टी-20 विश्व कप खेल रहे वॉर्नर ने छक्का लगाकर अर्धशतक पूरा किया।

बारिश के कारण दूसरी बार खेल रोके जाने के समय आस्ट्रेलिया ने 11.2 ओवर में दो विकेट पर 100 रन बना लिये थे। उस समय डकवर्थ लुईस प्रणाली के आधार पर उसे जीत के लिये 72 रन ही चाहिये थे।

इससे पहले मिचेल ने आस्ट्रेलिया को शुरुआती सफलता दिलाते हुए पहले ही ओवर में तंजीद हसन को आउट किया। इसके साथ ही टी20 विश्व कप में उनके सर्वाधिक 95 विकेट हो गए। उन्होंने श्रीलंका के लसिथ मलिंगा को पीछे छोड़ा।

पैट कमिंस ने टी-20 विश्व कप में पहली हैट्रिक बनाई

नॉर्थ साउंड (एंटीगा)। आस्ट्रेलिया के पैट कमिंस ने बांग्लादेश के खिलाफ सुपर आठ चरण के मैच में इस टी-20 विश्व कप की पहली हैट्रिक बनाई। 31 बरस के कमिंस ने 18वें ओवर की आखिरी दो गेंदों पर महमूदुल्लाह और मेहदी हसन को आउट किया। इसके बाद आखिरी ओवर की पहली गेंद पर तौहीद हृदय को पवेलियन भेजा। यह टी20 विश्व कप में सातवीं हैट्रिक थी। कमिंस ने 29 रन देकर तीन विकेट लिये। आस्ट्रेलिया के लिये उनसे पहले ब्रेट ली यह कारनामा कर चुके हैं और उस समय भी विरोधी टीम बांग्लादेश ही थी। ली ने 2007 में हैट्रिक बनाई थी। उनके अलावा आयरलैंड के तेज गेंदबाज कुर्टिस कैंफर (2021), श्रीलंका के स्पिनर वानिंदु हसरंगा (2021) और दक्षिण अफ्रीका के कैगिसो रबाडा भी यह कमाल कर चुके हैं।

पेरिस ओलंपिक के दौरान मेजबानी का दावा मजबूत करने उतरेगा भारत

नयी दिल्ली, एजेंसी। भारतीय खेल प्रशासक 2036 में होने वाले ओलंपिक खेलों की मेजबानी का दावा मजबूत करने के लिए आगामी पेरिस ओलंपिक के दौरान कड़ी 'लॉबिंग' करेंगे। भारत अगर मेजबानी हासिल करने में सफल रहता है तो वह योग, खो-खो और कबड्डी जैसे स्वदेशी खेलों को भी इसमें शामिल करने का प्रयास करेगा। भारतीय खेल प्राधिकरण की मिशन ओलंपिक इकाई ने गुरुवार को ओलंपिक मेजबानी का दावा करने से जुड़ी विस्तृत रिपोर्ट नए खेल मंत्री मनसुख मांडविया के सामने पेश की। एमओसी ने अपनी इस रिपोर्ट में उन छह खेलों का जिक्र किया है जिन्हें भारत को मेजबानी मिलने पर ओलंपिक में शामिल किया जा सकता है।

भारत के शीर्ष क्रम पर अच्छे प्रदर्शन का दबाव

बांग्लादेश से मिल सकती है कड़ी टक्कर, भारतीय कोच को रोहित और कोहली से विराट पारी की उम्मीद

नॉर्थ साउंड (एंटीगा), एजेंसी

जीत के अश्वमेधी रथ पर सवार भारतीय टीम टी-20 विश्व कप के सुपर आठ चरण के मैच में शनिवार को अपने स्टार बल्लेबाजों के फॉर्म में लौटने की उम्मीद के साथ बांग्लादेश के खिलाफ उतरेगी चूंकि प्रतिद्वंद्वी के पिछले रिकॉर्ड को देखते हुए उसे हलके में कतई नहीं लिया जा सकता। दोनों टीमों के एक दूसरे के खिलाफ रिकॉर्ड में भारत का पलड़ा भारी है लेकिन बांग्लादेश उलटफेर करने में माहिर है और टीम इंडिया को इसका बखूबी इल्म है। खिताब की प्रबल दावेदार भारतीय टीम ने अफगानिस्तान के खिलाफ सुपर आठ चरण के पहले मैच में बेहतरीन प्रदर्शन किया।

बाकी दोनों मैचों के बीच ज्यादा अंतराल नहीं है लिहाजा कप्तान रोहित शर्मा उम्मीद कर रहे होंगे कि उनके स्टार खिलाड़ी रंगत में लौटें। विराट कोहली और रोहित ने अच्छी शुरुआत की, लेकिन बड़ी पारी अभी तक नहीं खेल सके हैं। बायें हाथ के बल्लेबाज शिवम दुबे को बीच के और डैथ ओवरों में छक्के लगाने के लिये टीम में रखा गया था, लेकिन अभी तक वह अपेक्षाओं पर खरे नहीं उतरे हैं। आईपीएल में जिस फॉर्म के कारण उन्हें भारतीय टीम में जगह दी गई थी, वह अभी तक नजर नहीं आया है। उन्होंने अमेरिका के खिलाफ ग्रुप मैच में नाबाद 31 रन बनाये लेकिन सूर्यकुमार यादव के प्रयासों से भारत को जीत मिली।

एक और बार उनके नाकाम रहने पर टीम प्रबंधन संजू सैमसन को उतारने का फैसला ले सकता है।

अफगानिस्तान के खिलाफ मैच में हार्दिक पंड्या का बल्लेबाजी फॉर्म में लौटना सुखद रहा। गेंदबाजी में भारत उसी संयोजन को उतार सकता है। बायें हाथ के स्पिनर कुलदीप यादव को पहली बार अफगानिस्तान के खिलाफ ही मौका मिला और वह प्रभावी साबित हुए। मैच के बाद अक्षर पटेल ने कहा था कि बायें हाथ के तीन स्पिनरों को उतारने से फायदा मिला है। इनमें से एक कलाई का स्पिनर और दो ऊंगली के स्पिनर हैं। इन तीनों का संयोजन जबर्दस्त रहा है।

हमारे पास अच्छी टीम है और हमारा तालमेल बेहतरीन है। हम आपस में बात करते हैं कि क्या कारगर साबित हो रहा है और क्या नहीं। एक ईकाई के रूप में गेंदबाजी करने पर यह बहुत जरूरी है। वेस्टइंडीज में भारत का एकमात्र लक्ष्य खिताब जीतना है और बांग्लादेश के खिलाफ अच्छा प्रदर्शन उसी सिलसिले में अगला कदम होगा चूंकि 24 जून को सामना आस्ट्रेलिया से है। बांग्लादेश के बल्लेबाजों ने अभी तक निराश किया है और उसे उम्मीदें बनाये रखने के लिये हर हालत में जीत दर्ज करनी होगी।

टीमें : भारत : रोहित शर्मा (कप्तान), हार्दिक पांड्या, यशस्वी जायसवाल, विराट कोहली, सूर्यकुमार यादव, ऋषभ पंत, संजू सैमसन, शिवम दुबे, रवींद्र जडेजा, अक्षर पटेल, कुलदीप यादव, युजवेंद्र चहल, अर्शदीप सिंह, जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज।

बांग्लादेश : नजमुल हुसैन शांतो (कप्तान), तस्कीन अहमद, लिटन दास, सौम्या सरकार, तंजीद हसन तमीम, शाकिब अल हसन, तौहीद हृदोय, महमूद उल्लाह रियाद, जैकर अली अनिक, तनवीर इस्लाम, शाक महेदी हसन, रिशाद हुसैन, मुस्तफिजुर रहमान, शोरीफुल इस्लाम, तंजीम हसन साकिब।

मैच का समय : रात आठ बजे से।

बल्लेबाजों से शांतो को जीत का यकीन

नॉर्थ साउंड। बांग्लादेश के कप्तान नजमुल हुसैन शांतो ने स्वीकार किया कि उनके बल्लेबाज टी-20 विश्व कप में अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पा रहे, लेकिन उन्होंने सुपर आठ चरण में भारत के खिलाफ अगले मैच समेत बाकी मैचों में बेहतर प्रदर्शन का वादा किया। बांग्लादेश ने ग्रुप चरण में तीन मैच जीतकर सुपर आठ के लिये क्वालीफाई किया था, लेकिन सुपर आठ चरण के पहले मैच में आस्ट्रेलिया ने उसे डकवर्थ लुईस प्रणाली के आधार पर 28 रन से हराया। अब उसका सामना भारत से है। शांतो ने कहा कि अगले दो मैच महत्वपूर्ण हैं। इन्हें जीतकर हम बेहतर स्थिति में होंगे और हम दोनों मैच जीतने की कोशिश करेंगे। यह पूछने पर कि क्या टीम बल्लेबाजी में फॉर्म के लिये जूझ रही है, शांतो ने कहा कि यह कहना मुश्किल है कि हम अच्छा क्यों नहीं खेल पा रहे। हर खिलाड़ी सक्षम है और अतीत में अलग-अलग जगहों पर अच्छा खेला है। उन्होंने कहा कि लेकिन मेरे पास इसका कोई जवाब नहीं है कि यहां अच्छा क्यों नहीं खेल पाये। हर किसी को अपना स्वाभाविक खेल दिखाने की आजादी है लेकिन वे खेल नहीं पा रहे।

खेल डायरी

अल्काराज क्वींस क्लब के दूसरे दौर में हारे

लंदन। विम्बलडन चैम्पियन कार्लोस अल्काराज की विम्बलडन की तैयारियों को करारा झटका लगा जब वह क्वींस क्लब टेनिस के दूसरे दौर में जैक ड्रेपर से 6.7, 3.6 से हार गए। ब्रिटेन के नंबर एक खिलाड़ी ड्रेपर की यह कैरियर की सबसे बड़ी जीत थी। अब उनका सामना पांचवीं वरीयता प्राप्त टॉमी पॉल से होगा। विम्बलडन से पहले क्वींस फ्रेंच ओपन चैम्पियन अल्काराज का एकमात्र ग्रासकोर्ट टूर्नामेंट था। अन्य मैचों में इटली के लोरेंजो मुसेत्ती ने ब्रेंडन नकाशिमा को 6.4, 4.6, 6.4 से मात दी। अब उनका सामना ब्रिटेन के वाइल्ड कार्डधारी बिली हैरिस से होगा।

वाणी कपूर की चेक लेडीज ओपन में मजबूत शुरुआत

बेरॉन (चेक गणराज्य)। भारतीय महिला गोल्फर वाणी कपूर ने चेक लेडीज ओपन के शुरुआती दिन चार अंडर 68 का अच्छा कार्ड खेला। पहला राउंड अभी जारी है जिसमें वाणी संयुक्त सातवें स्थान पर चल रही हैं जिन्होंने छह बर्डी और दो बोगी लगायी। पहले दौर का प्रदर्शन देखा जाये तो यह भारतीयों में सर्वश्रेष्ठ रहा जिसमें प्रणवी उर्स और दीक्षा डागर ने नौ होल में इवन पार का स्कोर बना लिया है। अवनि प्रशांत तीन अंडर बनाकर संयुक्त 18वें स्थान पर हैं। पहला दौर खत्म करने वाली रिद्धिमा संयुक्त 30वें और त्वेसा मलिक संयुक्त 44वें स्थान पर बनी हुई हैं।

चौबे के अध्यक्ष पद छोड़ने से भारतीय फुटबॉल को फायदा

नयी दिल्ली। भारत के बर्खास्त फुटबॉल कोच इगोर स्टिमक ने शुक्रवार को अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) अध्यक्ष कल्याण चौबे पर कड़ा प्रहार करते हुए कहा कि वह जितनी जल्दी पद छोड़ेंगे, देश में फुटबॉल के भविष्य के लिए उतना ही बेहतर होगा। उन्होंने कहा कि दुनिया का सबसे लोकप्रिय खेल उनकी देख-रेख में इस देश में बिल्कुल नहीं बढ़ रहा है। फीफा विश्व कप क्वालीफायर के तीसरे दौर में टीम के पहुंचने में विफलता के बाद स्टिमक को सोमवार को मुख्य कोच के पद से बर्खास्त कर दिया गया था।

श्रेयसी सिंह भारतीय निशानेबाजी टीम में शामिल

नयी दिल्ली। अंतरराष्ट्रीय निशानेबाजी खेल महासंघ (आईएफएसएफ) से मंजूरी मिलने के बाद अनुभवी ट्रैप निशानेबाज श्रेयसी सिंह को शुक्रवार को पेरिस ओलंपिक के लिए 21 सदस्यीय भारतीय निशानेबाजी टीम में शामिल किया गया। भारतीय राष्ट्रीय राइफल संघ ने आईएसएसएफ से मंजूरी मिलने के बाद यह घोषणा की। भारतीय संघ ने निशानेबाजी की विश्व संस्था से कोटा बदलने का आग्रह किया था। श्रेयसी सक्रिय राजनीति में भी शामिल हैं और बिहार के जमुई विधानसभा क्षेत्र से विधायक हैं। यह 32 वर्षीय निशानेबाज राजेश्वरी कुमारी के साथ महिला ट्रैप स्पर्धा में भाग लेंगी।

गंभीर का जवाब, आगे की नहीं सोचता

कोलकाता, एजेंसी

पूर्व सलामी बल्लेबाज गौतम गंभीर ने भारतीय क्रिकेट टीम के अगले मुख्य कोच बनने के सवाल पर शुक्रवार को कहा कि वह इतना आगे नहीं देखते। गंभीर यहां 'इंडियन चैंबर्स ऑफ कॉमर्स' के कार्यक्रम में पहुंचे थे। गंभीर ने इस हफ्ते के शुरू में भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) की क्रिकेट सलाहकार समिति को वर्चुअल साक्षात्कार दिया था और उन्हें भारत के अगले मुख्य कोच के तौर पर प्रबल दावेदार माना जा रहा है।

मौजूदा मुख्य कोच राहुल द्रविड़ का कार्यकाल टी20 विश्व कप के बाद खत्म हो जायेगा। गंभीर (42 वर्ष) ने कोलकाता नाइट राइडर्स को हाल में टीम मेंटोर के तौर पर इंडियन प्रीमियर लीग का तीसरा खिताब दिलाने में मदद की।

जब उनसे मुख्य कोच बनने की संभावना के बारे में पूछा गया तो वह चुप रहे। उन्होंने बस इतना कहा कि मैं इतना आगे नहीं देखता हूं। आप मुझसे सभी मुश्किल सवाल पूछ रहे हैं। गंभीर ने यहां 'राइज टू लीडरशिप' सेमीनार में कहा कि अभी जवाब देना मुश्किल है।



दो नई गेंद के नियम पर हो विचार : गौतम

कोलकाता। पूर्व बल्लेबाज गैतम गंभीर ने आईसीसी से सीमित प्रारूपों में दो नई गेंद के नियम पर फिर से विचार करने का आग्रह करते हुए कहा कि यह अंगुली के स्पिनरों के लिए 'अनुचित' है। आईसीसी ने अक्टूबर 2011 में एकदिवसीय मैचों में यह विशेष नियम लागू किया था। गंभीर ने यहां 'इंडियन चैंबर ऑफ कॉमर्स' के 'राइज टू लीडरशिप' 'टॉक शो' के दौरान कहा कि एक चीज जो मैं निश्चित रूप से बदलना चाहूंगा वह है सफेद गेंद वाले प्रारूप में दो नई गेंदों का उपयोग। कई विशेषज्ञों का मानना है कि दो नई गेंदों के उपयोग से अंगुली के स्पिनरों को नुकसान होता है और तेज गेंदबाजों के लिए रिवर्स स्विंग की संभावना कम हो जाती।

जब मैं टीम में नया था तो गंभीर ने किया मेरा मार्गदर्शन : अश्विन

चेन्नई, एजेंसी। अनुभवी स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने शुक्रवार को गौतम गंभीर की सराहना करते हुए उन्हें एक उत्कृष्ट 'फाइटर (हार ना मानने वाला)' और प्रेरणास्रोत बताते हुए कहा कि टेस्ट करियर के शुरुआती दिनों में इस सलामी बल्लेबाज ने उनका हौसला बढ़ाया था। गंभीर भारत के मुख्य कोच के रूप में राहुल द्रविड़ की जगह लेने की दौड़ में सबसे आगे चल रहे हैं। अश्विन ने 2012 में न्यूजीलैंड के खिलाफ भारत के लिए अपनी पहली पूर्ण श्रृंखला के दौरान गंभीर के साथ अपनी बातचीत को याद किया। उन्होंने अपनी किताब 'आई हैव द स्ट्रीट्स - ए कुट्टी क्रिकेट स्टोरी' के लॉन्च के मौके पर कहा, ''मैं अपनी पहली पूर्ण श्रृंखला खेल रहा था।

ब्रुक की तूफानी पारी पर लगा ब्रेक, अफ्रीका जीता

सेंट लूसिया, एजेंसी

टी-20 वर्ल्डकप

- **आखिरी गेंद तक चला मैच सात रन से हारा इंग्लैंड**
- **डिकॉक ने तूफानी पारी खेलते हुए जड़ा अर्धशतक**

सलामी बल्लेबाज क्विंटन डिकॉक की 65 रन की आक्रामक पारी के बाद केशव महाराज की अगुवाई में गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन के दम पर दक्षिण अफ्रीका ने आईसीसी टी20 विश्व कप के सुपर आठ चरण में ग्रुप बी के मैच में गत चैम्पियन इंग्लैंड को सात रन से हराया। डिकॉक ने अपनी 38 गेंद की पारी में चार चौके और इतने ही छक्के जड़े। उनके अलावा सिर्फ डेविड मिलर ही अफ्रीका के लिए तेजी से रन बना पाये। उन्होंने 28 गेंदों में 43 रन की परी में चार चौके और दो छक्के लगाये।

दक्षिण अफ्रीका ने छह विकेट पर 163 रन बनाने के बाद इंग्लैंड को छह विकेट पर 156 रन पर रोक दिया। इंग्लैंड के लिए हैरी ब्रुक (53) और लियाम लिविंगस्टोन (33) ने पांचवें विकेट के लिए 42 गेंद में 78 रन की साझेदारी की लेकिन इस साझेदारी के टूटने के बाद दक्षिण अफ्रीका ने वापसी कर मैच को जीत लिया।

ब्रुक ने 37 गेंद की पारी में सात चौके लगाये तो वहीं लिविंगस्टोन ने 17 गेंद की पारी में तीन चौके और दो छक्के जड़ें। अफ्रीका के लिए केशव और कागिसो रबाडा ने दो-दो विकेट लिये।

अमेरिका से विंडीज को मिल सकती है चुनौती

ब्रिजटाउन, एजेंसी

टी-20 विश्व कप सुपर आठ चरण के पहले मुकाबले में मिली हार के बाद वेस्टइंडीज को सेमीफाइनल की उम्मीदें बरकरार रखने के लिये 'छिपे रूस्तम' अमेरिका के सामने शनिवार को दूसरे मैच में हर हालत में बड़े अंतर से जीत दर्ज करनी होगी। ग्रुप चरण में अपराजेय रहने के बाद वेस्टइंडीज को सुपर आठ चरण के पहले मैच में गत चैम्पियन इंग्लैंड ने आठ विकेट से हराया।

वेस्टइंडीज के बल्लेबाज स्ट्राइक रोटेट करने में नाकाम रहे और पारी में 51 डॉट गेंदें रही। उसे तीसरा खिताब जीतने की उम्मीदें बनाये रखने के लिये बड़े अंतर से जीत दर्ज करनी होगी।

टीमें : अमेरिका : मोनांक पटेल (कप्तान), आरोन जोन्स, एंड्रीज़ गौस, कोरी एंडरसन, अली खान, हरमीत सिंह, जेसी सिंह, मिलिंद कुमार, निसर्ग पटेल, नितीश कुमार, नोशतुश केंजीगे, सौरभ नेत्रलवकर, शैडली वैन शल्कविक, स्टीवन टेलर, शायन जहाँगीर।

वेस्टइंडीज : रोवमैन पॉवेल (कप्तान), अल्जारी जोसेफ, जॉनसन चार्ल्स, रोस्टन चेज, शिमरोन हेटमायर, जेसन होल्डर, शाई होप, अकील होसेन, शमर जोसेफ, ब्रैंडन किंग, गुडाकेश मोटी, निकोलस पूरन, आंद्रे रसेल, शेरफेन रदरफोर्ड, रोमारियो शेफर्ड।

यूरो कप 2024 | यूक्रेन ने 2-1 से जीता मुकाबला, टूर्नामेंट में बने रहे की उम्मीद कायम

रोमन के गोल से स्लोवाकिया को मिली शिकस्त

डुसेलडोर्फ (जर्मनी), एजेंसी

यूक्रेन ने शुक्रवार को यहां यूरोपीय चैम्पियनशिप 2024 फुटबॉल मुकाबले में एक गोल से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए रोमन यारेमचुक के गोल की बदौलत स्लोवाकिया पर 2-1 से जीत हासिल कर खुद को अगले दौर की दावेदारी में बनाये रखा।

यूक्रेन की यह 2024 में चार प्रतिस्पर्धी मैचों में वापसी करते हुए तीसरी जीत है। सोमवार को रोमानिया से मिली 0-3 की हार के कारण खराब गोल अंतर से यूक्रेन नाजुक स्थिति में था और एक और हार उसे बाहर होने की कगार पर भेज सकती थी।

स्लोवाकिया पर जीत के बाद जश्न मनाते यूक्रेन के खिलाड़ी।

इटली को हराकर स्पेन नॉकआउट चरण में

गेलसेनकिरचेन (जर्मनी)। तीन बार की यूरोपीय चैम्पियन स्पेन ने मौजूदा चैम्पियन इटली को 1.0 से हराकर यूरो फुटबॉल चैम्पियनशिप 2024 के नॉकआउट चरण में प्रवेश कर लिया। रिकार्डो कालाफियोरी के 55वें मिनट में किये गए आत्मघाती गोल से स्पेन को जीत तोहफे में मिली। स्पेन ने हालांकि पूरे मैच में शानदार प्रदर्शन किया। इटली के कोच लूसियानो स्पालेत्ती ने हार के बाद कहा कि वे जीत के हकदार थे। हम मैच में कभी थे ही नहीं। प्रदर्शन में काफी अंतर था। स्पेन पिछले तीन विश्व कप से जल्दी बाहर होता आया है।

भारत टी-20 श्रृंखला के लिए दक्षिण अफ्रीका का दौरा करेगा

जोहानिसबर्ग, एजेंसी

भारत इस साल नवंबर में चार मैच की संक्षिप्त टी-20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला के लिए दक्षिण अफ्रीका का दौरा करेगा। दक्षिण अफ्रीका क्रिकेट (सीएसए) और भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने शुक्रवार को संयुक्त बयान में इसकी घोषणा की।

सीएसए द्वारा जारी कार्यक्रम के अनुसार श्रृंखला आठ नवंबर को डरबन में किंग्समीड स्टेडियम में शुरू होगी। इसके बाद 10 नवंबर को गक्बेरहा, 13 नवंबर को सेंचुरियन और 15 नवंबर को जोहानिसबर्ग में मैच खेले जायेंगे। दक्षिण अफ्रीका क्रिकेट के लगातार समर्थन के लिए बीसीसीआई और विश्व क्रिकेट को धन्यवाद करना चाहूंगा। भारतीय क्रिकेट टीम का हमारी सरजमीं पर दौरा हमेशा रोमांचक होता है।

मैं जानता हूं कि हमारे प्रशंसक इस श्रृंखला का बेसब्री से इंतजार कर रहे होंगे जिसमें दोनों टीमों की प्रतिभा दिखेगी। बीसीसीआई सचिव जय शाह ने कहा कि भारत और दक्षिण अफ्रीका में हमेशा ही मजबूत रिश्ता रहा है जिस पर दोनों देशों को गर्व है।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने,बरेली,पिन कोड-243006 से मुद्रित एवं 932 कटरा चांद खां, भारत पेट्रोल पंप के सामने पीलीभीत बाईपास रोड बरेली (उ.प्र.) पिन कोड-243005 से प्रकाशित। **संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, कार्यकारी संपादक- नवीन गुप्ता*** 0581-4000222 (कार्यालय), ईमेल-amritvichar120@gmail.com, info@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2019/78502, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र बरेली होगा)।

टोक्यो

तेल अवीव

जिबूती

दुनिया के विभिन्न हिस्सों में योगप्रेमियों ने मनाया योग दिवस

आर्ट ऑफ लिविंग फाउंडेशन की संकाय सदस्य रहीं योग प्रशिक्षक ऋषा ढेकने ने टाइम्स स्क्वायर पर ध्यान सत्र का नेतृत्व किया

न्यूयॉर्क/तेल अवीव, एजेंसी

दुनियाभर के लाखों योग प्रेमियों ने 10वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर शुक्रवार को दिनभर चलने वाले विभिन्न सत्रों में हिस्सा लिया। संयुक्त राष्ट्र ने दिसंबर 2014 में योग की सार्वभौमिक अपील को मान्यता देते हुए 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस घोषित किया था। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस को मान्यता देने के लिए संयुक्त राष्ट्र महासभा के मसौदा प्रस्ताव को भारत ने प्रस्तावित किया था और रिकॉर्ड 175 सदस्य देशों ने इसका समर्थन किया था।

न्यूयॉर्क में भारत के महावाणिज्य दूतावास ने टाइम्स स्क्वायर एलायंस के संयुक्त तत्वावधान में प्रतिष्ठित टाइम्स स्क्वायर पर विशेष योग सत्र आयोजित किए। न्यूयॉर्क क्षेत्र में गर्मी को लेकर चेतावनी जारी किये जाने के बाद भी अलग-अलग उम्र और विभिन्न देशों के लोग सुबह-सुबह यहां न्यूयॉर्क शहर के लोकप्रिय स्थल पहुंचे और योगासन किये। न्यूयॉर्क में दिन का तापमान 33.8 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया। करीब दो दशक से ज्यादा समय तक स्वंयसेवक और आर्ट ऑफ लिविंग फाउंडेशन की संकाय सदस्य रहीं योग प्रशिक्षक ऋषा ढेकने ने न्यूयॉर्क में महावाणिज्य दूतावास द्वारा आयोजित योग और ध्यान सत्र का नेतृत्व किया।

वाशिंगटन में भी सैकड़ों की संख्या में योगप्रेमी इस कार्यक्रम में हिस्सा लिये। इस कार्यक्रम को अमेरिका में भारत की उपराजदूत श्रीप्रिया रंगनाथन ने संबोधित किया। पोटोमैक नदी के किनारे सुरम्य घाट पर अंतरराष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम की शुरुआत प्रार्थना और भारतीय शास्त्रीय नृत्य प्रदर्शन के साथ हुई। योग सत्र ने भारत के प्राचीन अभ्यास 'योग' द्वारा प्रेरित एकता और सद्भाव की भावना को उजागर किया।

न्यूयार्क के टाइम्स स्क्वायर पर योग करते लोग।

उधर इजराइल के तेल अवीव में से तीन सौ से अधिक लोगों ने पेरेस सेंटर फॉर पीस एंड इनोवेशन में इस समारोह में हिस्सा लिया और योगासन किये। मुख्य अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम में प्रथम महिला मिशल हर्जोग मुख्य अतिथि थीं। देश भर में कई कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस कार्यक्रम का आयोजन इजराइल में भारतीय दूतावास द्वारा तेल अवीव-याफो नगर पालिका और इजराइल के संस्कृति एवं खेल मंत्रालय के सहयोग से किया गया। कार्यक्रम में, हर्जोग ने भारत और इजराइल के बीच गहरी दोस्ती का उल्लेख किया।

सिंगापुर के स्वास्थ्य राज्य मंत्री राहायु महजम ने 200 से अधिक योगप्रेमियों और भारतीय उच्चायुक्त डॉ. शिल्पक अंबुले के साथ सुबह अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस में हिस्सा लिया। सुबह बारिश हो जाने के कारण मौसम ठंडा हो चुका था। मंत्री ने अपने मुख्य भाषण में स्वस्थ और संतुलित जीवनशैली को बढ़ावा देने में योग के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने कहा, भारत ने निश्चित रूप से दुनिया को योग के लाभों को बढ़ावा देने में अग्रणी भूमिका निभाई है। योग की लचीली और अनुकूलनीय प्रकृति इसे विभिन्न आयु, लिंग और शारीरिक क्षमताओं के लोगों के लिए समावेशी बनाती है। मुझे आज के कार्यक्रम में सभी क्षेत्रों के प्रतिभागियों को देखकर खुशी हुई।

नेपाल में भारतीय दूतावास ने गुरुवार को देश की पर्यटन राजधानी पोखरा के तीन प्रतिष्ठित स्थलों पर योग कार्यक्रम आयोजित किए। मिशन ने लुंबिनी में भी योग दिवस कार्यक्रम आयोजित किया। मिशन ने कहा, लुंबिनी के मुख्यमंत्री, विभिन्न प्रांतीय नेताओं और 900 से अधिक लोगों ने योग कार्यक्रम में हिस्सा लिया। नेपाल में भारत के राजदूत नवीन श्रीवास्तव ने इस बात पर जोर दिया कि भगवान बुद्ध की जन्मस्थली लुंबिनी स्वास्थ्य और लंबी आयु के लिए योग के शाश्वत अभ्यास के वास्ते एक आदर्श स्थान है।

श्रीलंका में भी भारतीय दूतावास ने जाफना और कैंडी सहित कई स्थानों पर योग सत्र आयोजित किए। बीजिंग स्थित भारतीय दूतावास ने गुरुवार को बीजिंग मॉर्निंग स्टार स्कूल में योग सत्र का आयोजन किया, जिसका नेतृत्व दूतावास के सांस्कृतिक शिक्षक (योग) लोकेश शर्मा ने किया। रोम में भारतीय राजदूत वाणी राव ने इतालवी हिंदू संघ द्वारा आयोजित कार्यक्रम में स्वयं और समाज के लिए योग विषय पर चर्चा की। मालदीव में भारतीय उच्चायोग ने एक कार्यक्रम आयोजित किया, जिसमें मालदीव और भारत के योग प्रेमियों ने भाग लिया। सऊदी अरब में भारतीय दूतावास ने प्रिंस फैसल बिन फा के घर पर योग दिवस मनाया।

एक नजर

आर्मेनिया ने फिलिस्तीन को मान्यता दी

येरेवान। आर्मेनिया ने शुक्रवार को आधिकारिक रूप से फिलिस्तीन को मान्यता प्रदान की। पूर्व सोवियत गणराज्य के विदेश मंत्रालय ने एक बयान में यह जानकारी दी। मंत्रालय ने कहा कि विभिन्न अंतरराष्ट्रीय प्लेटफार्मों पर, हमने हमेशा फिलिस्तीनी समस्या का शांतिपूर्ण और व्यापक समाधान की वकालत की है और इजरायल-फिलिस्तीनी संघर्ष का समाधान करने के दो-राज्य सिद्धांत का समर्थन किया है। हम आश्वस्त हैं कि यह सुनिश्चित करने का एकमात्र तरीका है कि फिलिस्तीनी और इजरायल को अपनी वैध आकांक्षाएं महसूस हो।

इटली में भारतीय मजदूर की हाथ कटने से मौत

लंदन/रोम। इटली में 31 वर्षीय एक भारतीय मजदूर का हाथ एक भारी मशीन की चपेट में आकर कट जाने के बाद उसके नियोक्ता ने उपचार कराने के बजाये उसे सड़क के किनारे फेंक दिया, जिससे उसकी दुखद मौत हो गयी। रोम के निकट लाजियो में सब्जी के एक खेत में काम करते हुए सतनाम सिंह का हाथ भारी मशीन में आकर कट गया था। रोम में भारतीय दूतावास ने बुधवार को एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि इटली के लैटिना में भारतीय नागरिक की दुर्भाग्यपूर्ण मृत्यु की खबर से वह वाकिफ हैं। दूतावास ने बिना ज्यादा जानकारी दिये हुए कहा, हम स्थानीय अधिकारियों के साथ संपर्क में हैं।

दक्षिण कोरिया ने रूसी राजदूत को तलब किया

सियोल। दक्षिण कोरिया के उप विदेश मंत्री किम होंग क्यून ने रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और किम जोंग उन के बीच समझौते का विरोध करने के लिए रूसी राजदूत जॉर्जी जिनोविएव को तलब किया और मास्को से प्योंगयांग के साथ अपने कथित सैन्य सहयोग को तुरंत रोकने का आह्वान किया। दक्षिण कोरियाई राजनयिक क्यून ने कहा कि कोई भी सहयोग जो प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से उत्तर कोरिया को सैन्य क्षमताओं के निर्माण में मदद करता है, वह संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के प्रस्तावों का उल्लंघन के साथ ही दक्षिण कोरिया की सुरक्षा के लिए खतरा पैदा करेगा।

लॉकहीड मार्टिन इकाइयों पर चीन का प्रतिबंध

बीजिंग। चीन ने शुक्रवार को कहा कि अमेरिकी विमानन निर्माता कंपनी लॉकहीड मार्टिन कॉर्प के ताइवान के साथ हथियार सौदों पर हस्ताक्षर करने को लेकर उसने कंपनी, उसके कई व्यावसायिक इकाइयों और उसके तीन अधिकारियों पर प्रतिबंध लगा दिया है। ताइवान एक स्वशासित द्वीप है, जिसे चीन अपना क्षेत्र होने का दावा करता है। चीन के विदेश मंत्रालय के बयान में कहा गया है कि कंपनी के ताइवान के साथ सहयोग ने देश की संप्रभुता का उल्लंघन किया है।

हिंदुजा परिवार के 4 सदस्यों को सजा

जिनेवा। स्विट्जरलैंड की एक आपराधिक अदालत ने शुक्रवार को हिंदुजा परिवार के चार सदस्यों को घरेलू सहायकों का शोषण करने के मामले में चार से साढ़े चार साल तक की जेल की सजा सुनाई। अदालत ने साथ ही मानव तस्करी के गंभीर आरोपों को खारिज कर दिया। भारतीय मूल के उद्योगपति प्रकाश हिंदुजा और उनकी पत्नी, बेटे व पुत्रवधू पर अपने नौकरों की तस्करी का आरोप लगाया गया था, जिनमें से अधिकतर अशिक्षित भारतीय थे।

कुवैत में 17 भारतीय भर्ती दूतावास परिजनों के संपर्क में

नई दिल्ली, एजेंसी

कुवैत में भीषण आग लगने की घटना में 50 लोगों की मौत होने के एक सप्ताह बाद शुक्रवार को विदेश मंत्रालय ने कहा कि 17 घायल भारतीय अब भी वहां के अस्पतालों में भर्ती हैं और सभी की हालत स्थिर है।

मंत्रालय ने कहा कि भारतीय दूतावास उनकी बेहतरी सुनिश्चित करने के लिए स्थानीय अधिकारियों, मरीजों और उनके परिजनों के संपर्क में है। कुवैत के दक्षिणी अहमदी प्रांत के मंगाफ शहर में 12 जून को सात मंजिला एक इमारत में भीषण आग लग गई थी और इस त्रासदी में कम से कम 45 भारतीयों की मौत हो गई थी। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा, अब भी 17 भारतीय घायल हैं, वे अस्पतालों में हैं। सभी की हालत स्थिर है। दूतावास स्थानीय अधिकारियों, अस्पताल अधिकारियों और यहां तक कि मरीजों व परिवार के सदस्यों के संपर्क में है।

भारत पहुंचीं बांग्लादेश की प्रधानमंत्री हसीना

नई दिल्ली, एजेंसी

बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना भारत की दो दिवसीय राजकीय यात्रा पर शुक्रवार शाम नई दिल्ली पहुंचीं। हसीना की यह एक माह में नई दिल्ली की दूसरी यात्रा है। वह शनिवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु और उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ से भी मुलाकात करेंगी। प्रधानमंत्री शनिवार को द्विपक्षीय वार्ता के बाद उनके सम्मान में दोपहर का भोज देंगे।

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने डिजिटल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि विदेश राज्य मंत्री कीर्ति वर्धन सिंह ने बांग्लादेश की प्रधानमंत्री का नई दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर उनके आगमन पर स्वागत किया। भारत में बांग्लादेश के उच्चायुक्त मोहम्मद मुस्तफिजुर रहमान भी प्रधानमंत्री हसीना का हवाई अड्डे पर स्वागत करने के लिए उपस्थित थे।

मंत्रालय ने कहा, बांग्लादेश भारत का एक प्रमुख साझेदार और भरोसेमंद पड़ोसी है। केंद्र में नयी सरकार के गठन के बाद यह किसी विदेशी शासनाध्यक्ष की भारत की पहली द्विपक्षीय यात्रा है। इस दौरान दोनों पक्ष व्यापार के संबंध में एक नए समझौते पर चर्चा करने के लिए तैयार बताए जा रहे हैं। हसीना की यात्रा के पहले दिन विदेश मंत्री एस. जयशंकर से उनकी मुलाकात हुई।

रूसी सेना में भारतीयों का काम करना चिंता का विषय

नई दिल्ली, एजेंसी

- रूस-यूक्रेन संघर्ष में अब तक चार भारतीयों की मौत हो चुकी है

भारत ने शुक्रवार को कहा कि रूसी सेना में काम करने वाले भारतीय नागरिकों का मुद्दा अत्यधिक चिंता का विषय बना हुआ है। नई दिल्ली ने इस पर मॉस्को से कार्रवाई की मांग की।

पिछले हफ्ते, विदेश मंत्रालय ने कहा था कि रूस-यूक्रेन संघर्ष में रूसी सेना में कार्यरत दो और भारतीय नागरिक मारे गए हैं, जिससे ऐसी मौतों की संख्या चार हो गई है। दो भारतीयों की मौत के बाद भारत ने रूसी सेना से भारतीय नागरिकों की भर्ती न करने को कहा था। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने अपने साप्ताहिक संवाददाता सम्मेलन में कहा, हमने रूसी सेना द्वारा भर्ती किए गए भारतीयों की शीघ्र रिहाई और उनकी स्वदेश वापसी के लिए रूसी पक्ष के साथ मामला उठाया है। हमने भर्ती पर सत्यापित रोक लगाने की भी मांग की है।

खबरों के मुताबिक, करीब 200 भारतीय नागरिकों को रूसी सेना में सुरक्षा सहायक के तौर पर भर्ती किया गया है। जायसवाल ने कहा, "हमारे प्रयासों के परिणामस्वरूप, अब तक 10 भारतीय नागरिकों को रिहा कर दिया गया है और वापस भेज दिया गया है। हम इस मुद्दे पर नई दिल्ली और मॉस्को दोनों जगह रूसी पक्ष के साथ संपर्क में हैं।

कुरान की बेअदबी के आरोप में हत्या

पेशावर, एजेंसी

- पाकिस्तान में खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के स्वात जिले की घटना
- भीड़ ने थाने में घुसकर लगाई आग और आरोपी को मार दी गोली

पाकिस्तान में खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के स्वात जिले में कुरान की कथित तौर पर बेअदबी से गुस्साई भीड़ ने एक व्यक्ति की हत्या कर दी और इस दौरान फैली अशांति में आठ लोग घायल हो गये। पुलिस ने यह जानकारी दी।

स्वात के जिला पुलिस अधिकारी (डीपीओ) जहीदुल्ला ने बताया कि पंजाब के सियालकोट के रहने वाले व्यक्ति ने गुरुवार रात को स्वात की मदयान तहसील में कुरान के कुछ पन्ने कथित तौर पर जलाये थे। जहीदुल्ला ने बताया कि संदिग्ध को हिरासत में लेकर मदयान थाने लाया गया। थाने के बाहर भीड़ जमा हो गयी और उन्होंने संदिग्ध को सौंपने की मांग की, जब पुलिस ने ऐसा करने से मना कर दिया तो भीड़ में से किसी ने गोली चला दी, जिसके बाद पुलिस ने जवाबी कार्रवाई की। उन्होंने बताया कि दोनों ओर से हुई गोलीबारी में एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे मदयान अस्पताल में भर्ती कराया गया। अधिकारी ने बताया कि भीड़ ने उसके बाद थाने में आग लगा दी। बाद में कुछ लोग थाने में घुसे और संदिग्ध को गोली मार दी। उन्होंने बताया कि गोली मारने के बाद वे संदिग्ध के शव को घसीटकर मदयान अड्डा ले गये और उसे वहां लटका दिया।

इमरान की रिहाई की मांग के मद्देनजर धारा 144 लागू

इस्लामाबाद, एजेंसी। पाकिस्तान के पंजाब प्रांत की सरकार ने जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की रिहाई की मांग को लेकर उनके समर्थकों की राष्ट्रव्यापी विरोध प्रदर्शन की योजना का हवाला देते हुए शुक्रवार को पूरे प्रांत में सात दिनों के लिए निषेधाज्ञा लागू कर दी। पूरे प्रांत में धारा 144 लागू कर दी गई है, जिससे विरोध प्रदर्शन और लोगों के एक जगह जमा होने पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) पार्टी के कार्यकर्ताओं ने पार्टी के संस्थापक इमरान खान की रिहाई की मांग को लेकर प्रदर्शन करने की योजना बनाई है। क्रिकेटर से नेता बने खान पिछले साल अगस्त से जेल में हैं। अप्रैल 2022 में सत्ता से बेदखल होने के बाद उन पर करीब 200 मामले दर्ज हुए हैं, जिनमें से कुछ में उन्हें दोषी ठहराया गया है।

दो सिख चरमपंथियों की कनाडा में अपील खारिज

ओटावा, एजेंसी

- उड़ान-प्रतिबंधित सूची से बाहर किए जाने का प्रयास नाकाम

कनाडा की एक अदालत ने देश की उड़ान-प्रतिबंधित सूची से बाहर किए जाने के दो सिख चरमपंथियों के प्रयास को यह कहते हुए नाकाम कर दिया कि यह संदेह करने के लिए पुख्ता आधार हैं कि वे आतंकवादी घटना को अंजाम देने के वास्ते परिवहन सुरक्षा या हवाई यात्रा के लिए खतरा होंगे।

कनाडा की समाचार एजेंसी ने वैंकूवर से गुरुवार को जारी रिपोर्ट में संघीय अपीलीय अदालत द्वारा पिछले सप्ताह जारी आदेश के हवाले से कहा है कि अपीलीय अदालत ने भगत सिंह बराड़ और पर्वकर सिंह दुलाई की अपील खारिज कर दी है। इन दोनों का नाम कनाडा की उड़ान प्रतिबंधित सूची में शामिल किया गया था। इससे पहले दोनों सिख चरमपंथियों ने इस सूची की संवैधानिकता को चुनौती दी थी और उनकी याचिका निरस्त हो गयी थी। इसके बाद उन्होंने अपीलीय अदालत का दरवाजा खटखटाया था। दोनों को 2018 में वैंकूवर में विमानों में चढ़ने की अनुमति नहीं दी गयी थी। फैसले में कहा गया है कि यह अधिनियम सार्वजनिक सुरक्षा मंत्री को लोगों को उड़ान भरने से प्रतिबंधित करने का अधिकार देता है, बशर्ते यह संदेह करने का उचित आधार हो कि वे परिवहन सुरक्षा को खतरा पहुंचाएंगे या आतंकवादी घटना को अंजाम देने के लिए हवाई यात्रा करेंगे।

बॉलीवुड हलचल

कल्कि में खलनायक की भूमिका में होंगे कमल हसन

मुंबई, एजेंसी। दक्षिण भारतीय फिल्मों के सुपरस्टार कमल हसन अपनी आने वाली फिल्म कल्कि 2898 एडी में खलनायक की भूमिका में नजर आयेंगे। भारतीय सिनेमा के इतिहास में खलनायकों ने अक्सर अपने नायक समकक्षों को प्रतिष्ठित संवादों, दुष्ट मुस्कान और स्क्रीन पर हावी होने वाली उपस्थिति के साथ पीछे छोड़ दिया है। दशकों बाद, इन खलनायकों को अभी भी बुराई के प्रतीक के रूप में याद किया जाता है। शान में गंजे, दुष्ट शाकाल के रूप में कुलभूषण खरबंदा, संघर्ष में एक भयानक धार्मिक कट्टरपंथी लज्जा शंकर पांडे के रूप में आशुतोष राणा, ओमकारा में षड्यंत्रकारी और दुष्ट लंगड़ा त्यागी के रूप में सैफ अली खान और अग्निपथ में क्रूर कांचा चीना के रूप में संजय दत्त अविस्मरणीय हैं। लेकिन एक किरदार जो सबसे अलग है और प्रतिष्ठित बन गया है, वह है मिस्टर इंडिया का मोगैम्बो, जिसे दिवंगत अमरीश पुरी ने निभाया था। एक और होनहार किरदार जो प्रतिष्ठित बनने के लिए तैयार है, वह है गिरगिट जैसा दिखने वाला यास्किन, जिसे भारत की सबसे महत्वाकांक्षी फिल्म कल्कि 2898 एडी में कमल हासन ने निभाया है।

इंडियाज बेस्ट डांसर के चौथे सीजन में शामिल हुईं करिश्मा

मुंबई, एजेंसी। बॉलीवुड की जानीमानी अभिनेत्री करिश्मा कपूर सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविज़न के शो इंडियाज़ बेस्ट डांसर के चौथे सीज़न के लिए जज पैनल में शामिल हो गयी हैं। सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविज़न ने अपने होमग्रोन फॉर्मेट इंडियाज़ बेस्ट डांसर के चौथे सीज़न के साथ इसकी वापसी की घोषणा की है, जिसमें बॉलीवुड की डांसिंग दिवा करिश्मा कपूर प्रतिष्ठित जज पैनल में शामिल होंगी। इस डांस रियलिटी शो के नवीनतम सीज़न में जज के रूप में करिश्मा कपूर,गीता कपूर और टेरेंस लुईस शामिल हैं। करिश्मा कपूर ने बताया, इंडियाज़ बेस्ट डांसर एक असाधारण मंच है, जो वाकई डांस की भावना का जश्न मनाता है। मैं पहले भी गेस्ट जज के रूप में शो में आ चुकी हूं, और ये प्रतियोगी मंच पर जो जुनून और समर्पण प्रदर्शित करते हैं, वह प्रेरणादायक है। मैं भारत में मौजूद असाधारण प्रतिभाओं को देखने की और प्रतीक्षा नहीं कर सकती।

संजय को लेकर फिल्म की प्लानिंग कर रहे गुप्ता

मुंबई, एजेंसी। बॉलीवुड फिल्मकार संजय गुप्ता एक बार फिर से संजय दत्त को लेकर फिल्म बनाने की प्लानिंग कर रहे हैं। संजय गुप्ता ने संजय दत्त को लेकर आतिश, जंग, खौफ, कांटे,प्लान, मुसाफिर, जिंदा, शूटआउट एट लोखंडवाला, दस कहानियां जैसी फिल्में बनायी हैं। दोनों सालों बाद एक बार फिर पर्दे पर वापसी करने की तैयारी कर रहे हैं। संजय गुप्ता ने संजय दत्त के लिए एक फिल्म की स्क्रिप्ट भी तैयार कर ली है। संजय गुप्ता ने बताया, मैं संजय दत्त अभी साथ में एक फिल्म के लिए प्लान कर रहे हैं। हमने स्क्रिप्ट पर काम किया है और अब हम लॉजिस्टिक्स पर काम कर रहे हैं। हम एक-दूसरे का हाथ थामे हुए साथ-साथ बड़े हुए हैं। मैं संजय दत्त को अच्छी तरह जानता हूं। इस बीच, मैं अपना रास्ता भटक गया।

खगोल विज्ञान | कैलिफोर्निया विश्वविद्यालय, रिवरसाइड के वैज्ञानिकों का शोध

बड़े जंगल की आग बनाती है खतरनाक अग्नि चक्र

संवाददाता, नैनीताल

अमृत विचार: बड़े पैमाने पर लगी जंगल की आग अपना खतरनाक अग्नि चक्र बनाती है, जो जंगल की आग को कई गुना बढ़ाने में मदद करती है। कैलिफोर्निया विश्वविद्यालय, रिवरसाइड के वैज्ञानिकों ने शोधकर यह दावा किया है। पीयर-रिव्यू जर्नल एटमॉस्फेरिक केमिस्ट्री एंड फिजिक्स में यह शोध प्रकाशित हुआ है।

इस बार वैश्विक स्तर पर जंगल भयानक आग की चपेट में रहे। उष्ण कटिबंधीय के अलावा सम शीतोष्ण कटिबंधीय प्रदेश के जंगल भी भीषण आग की चपेट से अछूते नहीं रहे। जिसे ध्यान में रखकर वैज्ञानिकों की सामूहिक टीमों को शोध करना पड़ा और जो नतीजे सामने आए, वह चौकाने वाले रहे। शोधकर्ताओं के अनुसार जंगल की बड़ी आग ऐसे मौसम का निर्माण करती है जो आग की अधिक गतिविधियों के लिए अनुकूल वातावरण पैदा करती है। जिस कारण आग की समस्या अधिक बढ़ जाती है। अध्ययन में ग्लोबल वार्मिंग व लंबे समय तक सक्रिय आग के मौसम के बीच गहरा संबंध होता है। बड़ी आग सामान्य से अधिक गर्म और शुष्क मौसम बनाती है, जिसके परिणामस्वरूप अधिक आग के लिए अनुकूल परिस्थितियों का एक भयानक चक्र बन जाता है, जो आग का स्वयं का अग्नि मौसम बना रही है। पिछले 20 वर्षों में चरम आग वाले दिनों को शोध में शामिल किया। इन वर्षों में उत्तरी कैलिफोर्निया का विश्लेषण किया, जहां घनी वनस्पति के कारण अमेरिकी राज्य की सबसे भीषण आग लगी है। शोधकर्ताओं ने विशेष रूप से कम तापमान और उच्च आर्द्रता वाले दिनों पर ध्यान केंद्रित किया। तब पता चला कि बड़ी आग ने उन दिनों को और अधिक गर्म और शुष्क बना दिया था और अतिरिक्त गर्मी और शुष्क परिस्थितियों का मतलब अधिक आग के लिए बेहतर परिस्थितियां थीं।

कैलिफोर्निया के जंगल की आग का दृश्य। (फाइल फोटो)

जंगल की आग के बादल वातावरण को बनाते हैं शुष्क

नैनीताल : जंगल की आग से उत्पन्न बादलों में बहुत अधिक काली कालिख होती है, जो गर्मी को रोक लेती है और वातावरण को शुष्क कर देती है। जब जंगल की आग जलती है, तो वे पाइरोक्यूम्यलस (या फ्लेमेजेनिटस) बादल बनाते हैं। इन बादलों में बहुत अधिक राख या गहरी कालिख होती है, जो उन्हें अन्य बादलों की तुलना में गहरे रंग का बना देती है।